सभी परीक्षाओं को समर्पित प्रतियोगी पत्रिका

# समसामयिकी क्रॉनिकल

मई 2023 ■ ₹ 40

- मीठी क्रांति
- बिहार का दूसरा चिड़ियाघर
- झारनियोजन पोर्टल
- ऑल इंडिया पुलिस एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप
- हरदोई में मेगा टेक्स्टटाइल पार्क
- राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का चौथा संस्करण
- 5वां आसियान–भारत व्यापार शिखर सम्मेलन 2023
- हुबली में विश्व के सबसे लंबे रेलवे प्लेटफॉर्म का उद्घाटन
- आधारभूत पशुपालन सांख्यिकी 2022 जारी
- एशिया का सबसे बड़ा लिक्विड मिरर टेलीस्कोप देवस्थल में
- भारत को 1 बिलियन डॉलर का ऋण देगा विश्व बैंक
- आरबीआई द्वारा मिशन हर पेमेंट डिजिटल आरंभ
- राम चंद्र पौडेल नेपाल के नये राष्ट्रपति नियुक्त
- छह डोर्नियर–228 विमानों की खरीद हेतु समझौता
- दुधवा नेशनल पार्क में मिला दुर्लभ प्रजाति का गिद्ध
- चुनावी लोकतंत्र सूचकांक 2023 में भारत 108वें स्थान पर
- SIPRI रिपोर्ट 2023
- कर्नाटक संतोष ट्रॉफी का विजेता
- 2023 आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप
- 8वां राष्ट्रीय फोटोग्राफी पुरस्कार
- प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार 2023
- RRR फिल्म के गीत नाटू–नाटू को ऑस्कर अवार्ड



## उत्तर प्रदेश विशेष
तथ्य एवं आंकड़े

**योजना/कुरुक्षेत्र/विज्ञान प्रसारः ड्रीम 2047**
पत्र-पत्रिका सार संक्षेप मार्च 2023

**छतीसगढ़ लोक सेवा आयोग प्रा. परीक्षा 2022**
प्रश्नोत्तर सार

**एसएससी संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रा. परीक्षा**
सामान्य अध्ययन के प्रश्नों का हल

**चर्चित शब्द मंजूषा**
सामान्य ज्ञान के प्रश्नों पर आधारित

GK/GS तथ्यावलोकन
**पादप हार्मोन और पादप पोषण**

## समसामयिक प्रश्न
26 फरवरी, 2023 से 25 मार्च, 2023
के घटनाक्रम पर आधारित



मई 2023 | वर्ष : 11 | अंक : 3

सभी परीक्षाओं को समर्पित प्रतियोगी पत्रिका
समसामयिकी क्रॉनिकल

# इस अंक में...


## 04 राज्य
- मीठी क्रांति
- गयाजी डैम को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार
- बबीता गुप्ता को 'स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023'
- हरदोई में मेगा टेक्सटाइल पार्क
- उत्तर प्रदेश टाउनशिप नीति-2023
- ऑनलाइन गेम एप 'शास्त्रार्थ'
- मांझिनगढ़ जैव विविधता पार्क घोषित
- राजस्थान स्वास्थ्य का अधिकार देने वाला पहला राज्य

## 16 राष्ट्रीय
- सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में परिवर्तन
- राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का चौथा संस्करण
- एशिया का सबसे बड़ा लिक्विड मिरर टेलीस्कोप देवस्थल में
- वाराणसी में 'वन वर्ल्ड टीबी समिट'
- योग महोत्सव 2023

## 22 आर्थिकी
- भारत को 1 बिलियन डॉलर का ऋण देगा विश्व बैंक
- आरबीआई द्वारा मिशन 'हर पेमेंट डिजिटल' का शुभारंभ
- भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी को आईएफसी का दर्जा
- कोटक महिंद्रा AMC ने सिल्वर ETF फंड आफ फंड लॉन्च किया
- भारत की खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी 2023 में घटकर 6.44% हो गई
- भारत और तंजानिया को राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग को मंजूरी

## 24 अंतरराष्ट्रीय
- राम चंद्र पौडेल नेपाल के नये राष्ट्रपति नियुक्त
- अफगानिस्तान महिलाओं के लिए विश्व का सबसे दमनकारी देश
- मलेशिया के पूर्व पीएम मुहीद्दीन यासिन गिरफ्तार
- शेख मोहम्मद कतर के नये प्रधानमंत्री नियुक्त
- भारत और स्वीडन के मध्य अनुसंधान नेटवर्किंग समझौता

## 28 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
- पराग ले जाने वाले कीड़ों के सबसे पुराने ज्ञात जीवाश्मों की खोज
- भारत में मार्च से मई के दौरान हीट वेव IMD का पूर्वानुमान
- डिजिटल जॉब पोर्टल 'वन स्टॉप-नॉन स्टॉप' का शुभारंभ
- OpenAI द्वारा भाषा मॉडल GPT-4 लॉन्च
- डीआरडीओ द्वारा विकसित दवा को DCGI की मंजूरी

## 30 पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी
- एशियाई शेरों के लिए बर्दा वन्यजीव अभयारण्य प्रस्तावित
- जलवायु परिवर्तन पर IPCC रिपोर्ट-2023
- विश्व जल दिवस 2023
- हॉर्सशू केकड़े की प्रजातियां संकट में

## 33 रिपोर्ट एवं सूचकांक
- चुनावी लोकतंत्र सूचकांक 2023
- वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट
- SIPRI रिपोर्ट 2023
- विश्व के सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट
- वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट-2023
- वैश्विक आतंकवाद सूचकांक: 2023

## 36 योजना एवं कार्यक्रम
- एमएसएमई प्रतिस्पर्धी (एलईएएन) योजना लॉन्च
- भारतीय प्रवासियों के लिए वैभव फैलोशिप योजना
- 27 इस्पात कंपनियों हेतु पीएलआई योजना
- "रेशम कीट बीमा" कार्यक्रम
- केरल में पहली अपशिष्ट से ऊर्जा परियोजना

## 38 बैंकिंग, फाइनेंस, सेवा और बीमा
- एसबीआई ने अपनी तीसरी एटी 1 बॉन्ड बिक्री से 3,717 करोड़ रुपये जुटाए
- सेलान बैंक ने इंडियन बैंक में आईएनआर नोस्ट्रो खाता खोला
- रिजर्व बैंक ने एचडीएफसी बैंक पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया
- आईसीआईसीआई लोम्बर्ड जनरल इन्श्योरेंस द्वारा 'एनीवेर कैशलेस' शुरू
- आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का क्रंचफिश के साथ समझौता

## सार-संक्षेप
- निधन ...................................... 40
- नियुक्ति .................................. 40
- पुरस्कार .................................. 41
- सैन्य-युद्धाभ्यास.......................... 44
- दिवस....................................... 45
- विविध .................................... 46

## 47 खेल
## 49 वनलाइनर समसामयिकी
## 52 पत्र-पत्रिका सार संक्षेप
## 60 उत्तर प्रदेश विशेष
## 67 चर्चित शब्द मंजूषा
## 69 GK/GS तथ्यावलोकन
## 71 प्रश्नोत्तर सार
## 75 एस.एस.सी. संयुक्त स्नातक परीक्षा हल प्रश्न-पत्र
## 80 समसामयिक प्रश्न


**संपादक:** एन.एन. ओझा
**अध्यक्ष:** संजीव नन्दक्योलियार
**उपाध्यक्ष:** कीर्ति नंदिता
**संपादकीय:** 9582948817, cschindi@chronicleindia.in
**विज्ञापन:** 9953007627, advt@chronicleindia.in
**सदस्यता:** 9953007629, subscription@chronicleindia.in
**प्रसार:** 9953007630, circulation@chronicleindia.in
**व्यावसायिक कार्यालय:** क्रॉनिकल पब्लिकेशन्स प्रा. लि.
ए-27 डी, सेक्टर-16, नोएडा-201301
**Tel.:** 0120-2514610-12, info@chronicleindia.in

**क्रॉनिकल पब्लिकेशन्स प्रा. लि.:** प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। उनसे संपादक का सहमत या असहमत होना जरूरी नहीं है। संपादक की लिखित अनुमति के बिना इस पत्रिका में प्रकाशित किसी भी सामग्री को उद्धृत या उसका अनुवाद नहीं किया जा सकता। पाठकों से अनुरोध है कि पत्रिका में छपे किसी भी विज्ञापन की सूचना की जांच स्वयं कर लें। समसामयिकी क्रॉनिकल, विज्ञापनों में प्रकाशित दावों के लिए किसी प्रकार जिम्मेदार नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा।

क्रॉनिकल पब्लिकेशंस प्रा.लि. के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक-मृणाल ओझा** द्वारा एच-31, प्रथम तल ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नयी दिल्ली-110016, से प्रकाशित एवं राजेश्वरी फोटोसेटर्स प्रा. लि., 2/12 ईस्ट पंजाबी बाग नयी दिल्ली से मुद्रित- **संपादक एन.एन. ओझा**

# राज्य समाचार

## बिहार / झारखंड

### 'मीठी क्रांति

बिहार में मीठी क्रांति (शहद उत्पादन) को बढ़ावा देने के लिये केंद्र सरकार ने राज्य के 17 जिलों का चयन किया है।

बिहार में औरंगाबाद, भागलपुर, भोजपुर, दरभंगा, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, जमुई, किशनगंज, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, पटना, पूर्णिया, रोहतास, समस्तीपुर, सारण, सीतामढ़ी और वैशाली जिलों का चयन किया गया है।

- मधुमक्खी पालन में राज्य में महिलाओं के समूह, जीविका और वेजफेड को प्राथमिकता दी जाएगी। 30 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की होगी। इसका फायदा जीविका दीदियों को भी मिलेगा।

**मीठी क्रांति का उद्देश्य:** मधु क्रांति के लक्ष्य को प्राप्त करने एवं वैज्ञानिक तरीके से मधुमक्खी पालन, मधु उत्पादन एवं अन्य उत्पाद को बढ़ावा दिया जाएगा। कृषि एवं गैर कृषि परिवार को रोजगार दिलाने में भी यह मदद करेगा।

### 63 स्थानों पर नये रेलवे उपरगामी सेतु (आरओबी)

21 मार्च, 2023 को बिहार के राजस्व, भूमि सुधार और गन्ना उद्योग मंत्री आलोक मेहता ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्यय पर चर्चा के दौरान राज्य में 63 स्थानों पर नये रेलवे उपरगामी सेतु (आरओबी) बनाए जाने की घोषणा की।

- आरओबी हेतु बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड और बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के बीच एमओयू किया जाएगा।
- समस्तीपुर रेल मंडल में दलसिंहसराय और नासिरगंज के बीच आरओबी बनाया जाएगा।

### बिहार में नई परियोजनाओं के निर्माण की घोषणा

बिहार के राजस्व, भूमि सुधार और गन्ना उद्योग मंत्री आलोक मेहता द्वारा 2023-24 के लिये नयी परियोजनाओं की घोषणा की गयी है।

**घोषित नई परियोजनाएं निम्न हैं -**

- जेपी गंगा पथ से दीघा से शेरपुर तक 50 किमी. लंबा सिक्स लेन - 3,100 करोड़ रुपए।
- दीघा से एएन सिन्हा तक के रास्ते में रिवर फ्रंट डेवलेपमेंट एवं सौंदर्यीकरण - 500 करोड़ रुपए।
- करौटा-तेलमर पथ के मार्ग में नूरसराय से सिलाव तक 60 किमी. लंबा फोर लेन ग्रीन फील्ड योजना - 862 करोड़ रुपए।
- राघोपुर दियारा क्षेत्र में बाढ़ से बचाने और क्षेत्र में आंतरिक सड़क निर्माण - 1600 करोड़ रुपए।
- कोशी नदी पर डेंगराहीघाट पुल का निर्माण - 415 करोड़ रुपए।

### फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन-2015

15 मार्च, 2023 को देश के अन्य राज्यों की तरह बिहार में भी फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन-2015 लागू हो गया है । हाल ही में फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 और संशोधन 2021 के सभी प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने का आदेश जारी किया गया है। फार्मासिस्ट मुकेश कुमार के अपील पर सर्वोच्च न्यायालय ने यह आदेश पारित किया है।

- फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन को लागू करने वाला बिहार देश का चौथा राज्य बन गया है।
- यह कानून अभी देश के तीन राज्यों- केरल, कर्नाटक और दिल्ली में लागू है।
- फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन में फार्मासिस्ट, सीनियर फार्मासिस्ट, चीफ फार्मासिस्ट और औषधि सूचना भेषज के पदों का सृजन होगा।
- फार्मेसी प्रैक्टिस हेतु फार्मासिस्टों को उनके कार्यक्षेत्र के अनुसार चार समूह (कम्युनिटी फार्मासिस्ट, हॉस्पिटल फार्मासिस्ट, ड्रग इन्फॉर्मेशन फार्मासिस्ट और क्लिनिकल फार्मासिस्ट) में बाँटा गया है।

### बिहार का दूसरा चिड़ियाघर

बिहार के अररिया जिले के रानीगंज प्रखंड में राज्य के दूसरे चिड़ियाघर का निर्माण किया जायेगा।

- अररिया जिले के रानीगंज में प्रस्तावित चिड़ियाघर का क्षेत्र करीब 289 एकड़ में फैला हुआ है।
- यह स्थान नेपाल और पश्चिम बंगाल के नजदीक है।

### 33 जिलों में खेल वर्ग और ट्रेनिंग सेंटर

बिहार में खेलों को बढ़ावा देने के लिये बिहार के 33 जिलों में खेलो इंडिया के ट्रेनिंग सेंटर खोलने का प्रावधान किया गया है।

**खेल वर्ग और ट्रेनिंग सेंटर-**

- **वुशू** - इंडोर स्टेडियम, पाटलिपुत्र कॉम्प्लेक्स, पटना।
- **एथलेटिक्स** - मंझोला, मुजफ्फरपुर, फजलगंज, सासाराम पटेल फील्ड, समस्तीपुर, कोसी हाईस्कूल प्ले ग्राउंड, बिरपुर, सुपौल, लहेरियासराय, दरभंगा।
- **बैडमिंटन** - अररिया, सहरसा।
- **खो-खो** - आरएचएमटीबी हाईस्कूल बरारी, भागलपुर, सूरजपुर, लखीसराय, इंडोर स्टेडियम, मुंगेर।
- **रग्बी** - कपटिया, नालंदा।
- **कुश्ती** - कुवारिही भोर, गोपालगंज, औरंगाबाद।

- **तीरंदाजी** – वीर कुँवर सिंह स्टेडियम, आरा, खरारी, गया।
- **कबड्डी** – मिनता खेल परिसर, मकदूमपुर, शेखपुरा, रामपुर परोरी, सीतामढ़ी, अमैन, पारसबिगहा, जहानाबाद, मधेपुरा, बिहटा, बेगूसराय, ब्रह्मपुर, बक्सर।
- **फुटबॉल** – बेतिया, भभुआ, लक्ष्मीपुर, सितोपुर, सिवान।
- **हॉकी** – कोसी कॉलेज खगड़िया, श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम जमुई, गोरौल हॉकी ग्राउंड, वैशाली वेटलिफ्टिंग कटिहार।
- **टेबल टेनिस** – वाटसन स्कूल मधुबनी, **तलवारबाजी** – खेल भवन शाह व्यामशाला, मोतिहारी।

### पटना में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

बिहार के पटना के विद्यापति भवन में 8 मार्च, 2023 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर लेट्स इंस्पायर बिहार-गार्गी चैप्टर के उत्कृष्टता पुरस्कार सम्मान समारोह-2023 का भी आयोजन किया गया।

- बिंदु ज्योति झा द्वारा लिखित और हेमंत झा द्वारा निर्देशित उपन्यास पर आधारित नाटक 'आनंदी' था।

### गार्गी अवार्ड से सम्मानित महिलाएं

- बिहार से मिसेज केनिया रह चुकीं रूही सिंह, लंदन से एडवोकेट इलियास फातिमा, बेंगलुरु की फैशन डिजाइनर नीमा कुमार, मुंबई से एक्ट्रेस ऋषिका सिंह चंदेल, लोक गायिका हेमा पांडेय को गार्गी अवार्ड दिया गया।

### गयाजी डैम को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

3 मार्च, 2023 को सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरिगेशन एंड पावर (सीबीआईपी) द्वारा दिल्ली में बिहार की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल **गंगा जल आपूर्ति योजना** और फल्गू नदी पर बने **गयाजी डैम** को केंद्रीय मंत्री आरके सिंह द्वारा दिया राष्ट्रीय पुरस्कार 'सीबीआईपी अवार्ड 2022' प्रदान किया गया।

- 'गंगा जल आपूर्ति योजना' और 'गयाजी डैम' का चयन जल संसाधन के सर्वोत्तम कार्यान्वयन जैसी अत्यंत महत्त्वपूर्ण श्रेणी में किया गया है।
- गंगा जल आपूर्ति योजना के द्वारा पहली बार बाढ़ के पानी को दक्षिण बिहार के जल संकट वाले प्रमुख शहरों में ले जाकर पेयजल के रूप में उपयोग किया जा रहा है।
- गया जिले में विश्व प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर के निकट देश के सबसे बड़े रबर डैम के निर्माण से फल्गु नदी में आठ से दस फीट जल उपलब्ध है।

**सीबीआईपी अवार्डः** केंद्र सरकार द्वारा स्थापित संस्था सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरिगेशन एंड पावर (सीबीआईपी) द्वारा जल संसाधन, ऊर्जा और गैर-पारंपरिक ऊर्जा के क्षेत्र की बेहतरीन परियोजनाओं को हर वर्ष 'सीबीआईपी अवार्ड' से सम्मानित किया जाता है।

### बबीता गुप्ता को 'स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023'

भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा बिहार की बबीता गुप्ता को 'स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान 2023' के लिये चयनित किया गया है।

- बबीता गुप्ता प्लास्टिक कचरे से सजावटी सामग्री का निर्माण करती हैं।
- यह मुजफ्फरपुर की सीहो गाँव की रहने वाली हैं।
- बबीता गुप्ता स्वयं सहायता समूह (जीविका) की सदस्य हैं।
- उन्हें स्वच्छता तथा पेयजल के विभिन्न श्रेणियों के लिये हुई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उनका चयन किया गया है।

### प्रयाग हिन्दी साहित्य सम्मेलन

प्रयाग हिन्दी साहित्य सम्मेलन का आयोजना 2024 में बिहार में किया जाएगा।

यह निर्णय 25-26 फरवरी, 2023 को सेवाग्राम, वर्धा में आयोजित सम्मेलन के 74वें राष्ट्रीय अधिवेशन में फैसला लिया गया।

- मार्च 2024 में बिहार में आयोजित प्रयाग हिन्दी साहित्य सम्मेलन का अमृत महोत्सव (75वाँ) राष्ट्रीय अधिवेशन, होगा।

**हिंदी साहित्य सम्मेलनः** हिन्दी साहित्य सम्मेलन की स्थापना 1910 ई. में नागरी प्रचारिणी सभा के तत्वावधान में हुई थी। इसका मुख्यालय प्रयागराज में है।

### 500 थानों में महिला हेल्प डेस्क

26 फरवरी, 2023 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के 500 थानों में एक साथ महिला हेल्प डेस्क की सुविधा शुरू की।

मुख्यमंत्री द्वारा बिहार पुलिस का अपडेटेड वेबसाइट और सोशल मीडिया सेंटर का उद्घाटन भी किया।

- बिहार पुलिस का नया वेबसाइट यूजर फ्रेंडली होगा।
- स्क्रीन रीडर की सुविधा होने से दृष्टिहीन भी इसके कंटेंट को सुन सकते हैं।

## झारखंड

### हॉकी इंडिया जूनियर महिला एवं पुरुष ईस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप 2023

19 मार्च, 2023 को हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने झारखंड के खूँटी में हॉकी इंडिया जूनियर महिला एवं पुरुष ईस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप 2023 का उद्घाटन किया।

- इस प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 26 मार्च तक खूँटी के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में किया गया।
- उद्घाटन मैच झारखंड और बिहार के बीच खेला गया।
- झारखंड की महिला हॉकी टीम ने बिहार हॉकी को 11-0 से पराजित कर मैच जीत लिया।
- झारखंड टीम की कप्तान एडलिन बागे को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला।

### उत्कृष्ट विद्यालय के प्रबंधन समिति के सदस्यों का राज्य स्तरीय सम्मेलन

20 मार्च, 2023 को झारखंड के राँची के ताना भगत स्टेडियम खेलगाँव में उत्कृष्ट विद्यालय के प्रबंधन समिति के सदस्यों का राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन हुआ।

- इसका आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा किया गया था।

- राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों की भौतिक संरचना को आदर्श मानक एवं विद्यालय की आवश्यकता के अनुसार निर्मित किया गया है।

## पलामू में पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन का गठन

झारखंड के पलामू में एक पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन का गठन किया गया है।

- इसका नाम पलामू डिस्ट्रिक्ट पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन रखा गया है।
- पलामू डिस्ट्रिक्ट पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन का अध्यक्ष आईपीएस अधिकारी संजय रंजन सिंह को मनोनीत किया गया है।
- यह संस्था स्वतंत्र रूप से अपने अधीन आने वाले खिलाड़ियों के लिये टूर्नामेंट के आयोजन से लेकर अन्य सुधारात्मक कार्य कर सकेगी।

## झारनियोजन पोर्टल' का उद्घाटन

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में 'झारनियोजन पोर्टल'का शुभारंभ किया।

- इसे श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा तैयार किया गया है।
- इस पोर्टल के माध्यम से सरकार नियोक्ता एवं रोजगार ढूंढ़ रहे अभ्यर्थियों को प्लेटफार्म देने का प्रयास करेगी।
- नियोजन पोर्टल से निजी क्षेत्र में नियुक्ति की मॉनीटरिंग हो सकेगी।
- झारखंड सरकार द्वारा राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम-2021 पारित किया गया है।
- यह अधिनियम 12 सितंबर, 2022 से संपूर्ण झारखंड राज्य में प्रभावी है।
- यह अधिनियम वैसे सभी प्रतिष्ठान, जो निजी क्षेत्र के हों एवं जहाँ 10 या 10 से अधिक कार्यबल कार्य कर रहे हैं, पर लागू होता है।

## भारतीय फुटबॉल टीम में झारखंड की सात महिला

18 से 29 मार्च, 2023 तक आयोजित सैफ अंडर-17 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिये 20 सदस्यीय भारतीय टीम में झारखंड की सात फुटबॉलर शामिल हैं।

**शामिल खिलाडियों के नाम -**

- विकसित बाड़ा (डिफेंडर), निशिमा कुमारी (डिफेंडर), बबिता कुमारी (फॉरवर्ड), अनिषा उरांव (गोलकीपर), शाउलिना डांग (मिडफील्डर), शिवानी टोप्पो (फॉरवर्ड) और ललिता बोयपाई (मिडफील्डर) शामिल हैं।

## 'साइबर सिक्योरिटी इनिशिएटिव'

झारखंड के राँची के बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा में 'साइबर सिक्योरिटी इनिशिएटिव' की शुरुआत की जाएगी।

- इसका उद्देश्य इंटरनेट और मोबाइल के बढ़ते इस्तेमाल से साइबर क्राइम से बचाव करना है।
- आईआईटी कानुपर का सीथ्रीआई हब इसमें सहयोगी है।
- साइबर अपराधियों को पकड़ने के लिये 'हनी पॉट' जैसी आधुनिक तकनीक विकसित की जाएगी।

**बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी):** इसकी स्थापना राँची में 1955 में इंडस्ट्रियलिस्ट बी. एम. बिड़ला ने की थी।

## शेखर मल्लिक को भारतीय भाषा परिषद युवा पुरस्कार

भारतीय भाषा परिषद, कोलकाता का प्रतिष्ठित युवा पुरस्कार झारखंड के युवा कथाकार शेखर मल्लिक को दिया गया।

- उन्हें यह पुरस्कार हिन्दी भाषा के लिये दिया गया है।
- शेखर मल्लिक झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला के रहने वाले हैं।
- झारखंड प्रगतिशील लेखक संघ के उप महासचिव शेखर मल्लिक समकालीन चर्चित युवा लेखक हैं।
- शेखर की पहली कहानी को प्रतिष्ठित पत्रिका हंस में प्रथम प्रेमचंद कहानी पुरस्कार 2004 हेतु नामित किया गया था।
- उनके तीन कहानी संग्रह **स्वीकार और अन्य कहानियाँ, कस्बाई औरतों के किस्से** और **आधी रात का किस्सागो** तथा एक उपन्यास **कालचिती** प्रकाशित हैं।

## जमशेदपुर बनेगा सोलर सिटी

झारखंड का जमशेदपुर शहर सौर ऊर्जा शहर बनने की ओर अग्रसर है, वहाँ 37 मेगावाट का सौर ऊर्जा प्लांट प्रस्तावित है।

- 2.2 मेगावाट का सौर ऊर्जा प्लांट सोनारी एयरपोर्ट में चालू हो चुका है।
- टाटा स्टील स्थित जलाशयों में 9.8 मेगावाट का फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट लगाया जा रहा है।
- टाटा स्टील परिसर में 9.8 मेगावाट का प्लांट, डोमजोरी में 15 मेगावाट का सोलर प्लांट टाटा पावर द्वारा, टाटा मोटर्स में 3 मेगावाट का रूपटॉफ प्लांट, टाटा स्टील में ही 5 मेगावाट रूफटॉफ प्लांट, टाटा ब्लूस्कोप में 1.2 मेगावाट का रूफटॉप प्लांट, एयरपोर्ट में 2.2 मेगावाट का प्लांट लगाया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री स्पेशल स्कॉलरशिप योजना

झारखंड के सरकारी स्कूलों में पहली से 12वीं कक्षा तक पढ़ने वाले सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए 'मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति' योजना आरम्भ किया गया है।

- मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना के लिये राज्य के 1,47,928 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है।
- योजना के तहत पहली से चौथी कक्षा तक 500 रुपए, पाँचवीं और 6वीं में पढ़ने वालों को 1 हजार, कक्षा 7-10 तक के छात्र-छात्राओं को 1,500 और इंटरमीडिएट के स्टूडेंट्स को 2,300 रुपए मिलेंगे।

## देश का पहला वातानुकूलित कंडेनसर

एनटीपीसी ने झारखंड के उत्तरी कर्णपुरा सुपर क्रिटिकल प्लांट में देश का पहला वातानुकूलित कंडेनसर आरम्भ किया गया है।

- झारखंड के उत्तरी कर्णपुरा (3,660 मेगावाट) में 660 मेगावाट की पहली इकाई का वाणिज्यिक परिचालन शुरू किया है।
- उत्तरी कर्णपुरा संयंत्र में 660 मेगावाट की 3 इकाइयाँ होंगी, जिसकी कुल क्षमता 1,980 मेगावाट होगी।

- यह संयंत्र सबसे कुशल सुपरक्रिटिकल प्रौद्योगिकी पर आधारित है और एक पिट हेड संयंत्र (कोयला खदान से 10 किमी.) होने के कारण झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा राज्यों को सस्ते दामों पर विद्युत की आपूर्ति करेगा।
- एनटीपीसी ने रिड्यूस, रीयूज और रीसायकल के माध्यम से जल संरक्षण के लिये अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए इसका आरम्भ किया है।

## अरकोशा और कंझाटांड़ गाँव को राष्ट्रपति पुरस्कार

झारखंड के कोडरमा जिले के अरकोशा और कंझाटांड़ गाँव को राष्ट्रपति पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है।

- कोडरमा जिले में संचालित जल शक्ति अभियान के तहत 'कैच द रेन' के लिये कोडरमा के जरगा पंचायत स्थित कंझाटांड़ और सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम के लिये मरकच्चो के अरकोशा पुनर्वास गाँव का चयन राष्ट्रपति पुरस्कार के लिये किया गया है।

## बाँसुरी वादक पंडित चेतन जोशी

23 फरवरी, 2023 को देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में प्रसिद्ध बाँसुरी वादक पंडित चेतन जोशी को संगीत नाट्य अकादमी अवार्ड-2019 के पुरस्कार से सम्मानित किया।

- बाँसुरी वादक पंडित चेतन जोशी झारखंड के बोकारो जिले के निवासी हैं।
- पंडित चेतन जोशी को झारखंड सरकार की ओर से राज्य का सर्वोच्च कला सम्मान राजकीय सांस्कृतिक सम्मान-2006 भी मिल चुका है।

## नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में झारखंड का प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ के भिलाई में आयोजित नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने 21 गोल्ड, सात सिल्वर और चार ब्रांज समेत कुल 32 पदक जीतने में सफलता प्राप्त की।

- छत्तीसगढ़ के भिलाई में 17-22 फरवरी, तक आयोजित नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था।
- झारखंड की आश्रिता तिर्की को सीनियर स्ट्रांगवुमैन ऑफ इंडिया, अखलाक खान को जूनियर स्ट्रांगमैन ऑफ इंडिया और आफताब आलम को बेस्ट लिफ्टर का खिताब मिला।
- **स्वर्ण विजेताः** हर्ष आनंद, मंजीत टोप्पो, आनंद कर्मकार, मोनू कुमार, आफताब खान, अक्षय शुक्ला, असीम खलखो, भास्कर दुबे, अखलाक खान, मोहम्मद उसमान, वसीम अंसारी, आश्रिता तिर्की, अंजलि कुमारी, कंवलजीत कौर, इशा श्रेया कुजूर शामिल हैं।

# उत्तर प्रदेश/उतराखंड

## ऑल इंडिया पुलिस एथलेटिक्स चैंपियनशिप

21 मार्च, 2023 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 71वें ऑल इंडिया पुलिस एथलेटिक्स चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। इसका समापन 25 मार्च, 2023 को हुआ।

### विजेता टीम

- उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम को **12वां स्थान** मिला।
- राजस्थान पुलिस के शेर सिंह ने मैराथन में स्वर्ण पदक जीता
- 198 अंकों के साथ सीआईएसएफ ने ओवरआल चैंपियनशिप जीता।
- महिला वर्ग में 120 अंकों के साथ सीआईएसएफ की टीम चैंपियन रही
- पुरुष वर्ग में 94 अंकों के साथ सीआरपीएफ चैंपियन बना।
- सीआईएसएफ की ट्रिपल जम्पर केएम सोनम को सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट घोषित किया गया।
- पुरुषों में अंतरराष्ट्रीय लांग जम्पर केरल पुलिस के मुहम्मद अनस याहिया को सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब मिला।
- सबसे अनुशासित टीम का खिताब मेजबान एसएसबी के नाम रहा।

लखनऊ में 10 साल बाद पहली बार एसएसबी की मेजबानी में पुलिस क्लस्टर चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

## 20 नए हाईटेक कारागार का निर्माण

उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग द्वारा राज्य की जेलों में क्षमता से अधिक बंदियों की संख्या को देखते हुए नए हाईटेक कारागार का निर्माण करने की घोषण की गई है।

- राज्य में नई जेलों के निर्माण के लिये प्रदेश के 11 ऐसे जिले को चिह्नित किया गया है, जहाँ अभी कोई जेल नहीं है।
- अमेठी, महोबा, कुशीनगर, चंदौली, औरैया, हाथरस, हापुड़, संभल, अमरोहा, भदोही और शामली में नई जेल बनेगी।

## निपुण विद्यालय का दर्जा

उत्तर प्रदेश के 44 हजार प्राइमरी विद्यालयों को निपुण विद्यालय का दर्जा प्रदान करने की योजना है।

- इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश की बेसिक शिक्षा के स्तर को सुधारना है।
- राज्य सरकार ने बेसिक शिक्षा विभाग को 2023 के अंत तक 44 हजार प्राइमरी विद्यालयों को निपुण विद्यालय का दर्जा प्राप्त करने का लक्ष्य प्रदान किया है।

**निपुण भारत मिशनः** इसका उद्देश्य देश में प्रत्येक बच्चा अनिवार्य रूप से 2026-27 तक ग्रेड 3 के अंत तक मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्राप्त करवाना है।

## हरदोई में मेगा टेक्सटाइल पार्क

उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में 1200 करोड़ की लागत से 1000 एकड़ में मेगा टेक्सटाइल पार्क बनाया जायेगा।

- पीएम मित्र के तहत उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में बनने वाले पार्क का नाम संत कबीर पीएम मित्र टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क होगा।
- जिसमें 51 प्रतिशत अंश उत्तर प्रदेश सरकार का, जबकि 49 प्रतिशत अंश भारत सरकार का होगा।
- केंद्र सरकार ने देश के सात राज्यों तमिलनाडु, तेलंगाना, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में पीएम मित्र (प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल) पार्क स्थापित करने की मंजूरी दी है।

## एकल अभिभावक अफसरों को भी दो वर्ष का बाल्य देखभाल अवकाश

केंद्र सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश सरकार भी एकल अभिभावक अफसरों को दो वर्ष का बाल्य देखभाल अवकाश प्रदान करेगी।

पुरुष अभिभावक को अविवाहित, विधुर या तलाकशुदा के रूप में शामिल किया गया है। 18 वर्ष तक के दो बच्चों की पढ़ाई या बीमारी जैसी स्थितियों में यह सुविधा उपलब्ध होगी।

- केंद्र सरकार द्वारा एकल अभिभावक की जिम्मेदारी निभा रहे अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों (आईएएस, आईपीएस व आईएफएस) को दो वर्ष (730 दिन) का बाल्य देखभाल अवकाश (सीसीएल) सुविधा देने का प्रस्ताव रखा है।
- केंद्र सरकार इसके लिये अखिल भारतीय सेवा अवकाश नियम-1955 में संशोधन करने जा रही है।

## उत्तर प्रदेश टाउनशिप नीति-2023

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नई टाउनशिप नीति-2023 का निर्माण किया जाएगा।

- उत्तर प्रदेश सरकार शहरों में लोगों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिये कई नियमों में संशोधन करेगी।
- प्रस्तावित उत्तर प्रदेश टाउनशिप नीति-2023 में दो लाख से कम आबादी वाले शहरों में न्यूनतम 5 एकड़ जमीन और अन्य शहरों में 25 एकड़ जमीन पर कालोनियाँ बसाने की अनुमति दी जाएगी।
- कालोनियों तक जाने के लिये 24 मीटर और अंदर 12 मीटर सड़क की अनिवार्यता होगी।

### नई नीति की प्रमुख बातें-

- एससी/एसटी की जमीन लेने पर डीएम की अनुमति जरूरी नहीं।
- चंडीगढ़ की तर्ज पर क्षैतिज विकास को बढ़ावा दिया जाएगा।
- पैदल चलने वालों के लिये पर्याप्त फुटपाथ यानी पटरी होगी।
- ऊबड़-खाबड़ या अनुपयोगी भूमि को ग्रीन बेल्ट बनाया जाएगा।
- पार्कों, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स व पुलिस स्टेशन के पास पार्किंग सुविधा।
- पार्कों व हरित पट्टियों में बागवानी के लिये ट्रीटेड जल का उपयोग।
- सॉलिड वेस्ट डिस्पोजल के संबंध में नेट जीरो वेस्ट का पालन जरूरी।

## ऑनलाइन गेम एप 'शास्त्रार्थ'

उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संघटक कॉलेज युइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय (ईसीसी) द्वारा संस्कृत सीखने के लिये ऑनलाइन गेम एप बनाया है, जिसे 'शास्त्रार्थ' नाम दिया गया है।

- इसका निर्माण संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. आरुणेय मिश्र ने किया है।
- इस एप के जरिये संपूर्ण भारत के संस्कृत छात्रों के बीच आपस में गेम खेला जा सकता है।
- वर्तमान में इस एप पर 2000 प्रश्नों का संकलन है। प्रतिमाह इसमें पुराने प्रश्नों के साथ 1000 नवीन प्रश्न जुड़ते जाएंगे।

## नई वाहन स्क्रैप पॉलिसी

10 मार्च, 2023 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के परिवहन विभाग की नई वाहन स्क्रैप पॉलिसी के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

- इसका उद्देश्य पुराने वाहनों के संचालन से होने वाले वायु प्रदूषण पर रोक लगाना है।
- प्रदेश में पुराने एवं निष्प्रयोज्य हो चुके व्यावसायिक एवं गैर-व्यावसायिक वाहनों पर देय बकाया करों में छूट के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है, जिसके अंतर्गत वर्ष 2003 से पूर्व राज्य में रजिस्ट्रीकृत सभी श्रेणियों के वाहनों पर बकाया करों में 75 फीसदी तक छूट दी जाएगी।

## उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर कोई टैक्स नहीं

उत्तर प्रदेश सरकार ने 5 मार्च, 2023 को राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों (Electric Vehicle) को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन की खरीद पर कोई टैक्स (Tax) नहीं लेने का निर्णय लिया है; साथ ही रजिस्ट्रेशन फीस भी नहीं देनी होगी।

- 14 अक्टूबर, 2022 से 13 अक्टूबर 2025 तक उत्तर प्रदेश में बिक्री एवं रजिस्ट्रीयुक्त इलेक्ट्रिक व्हीकल पर कर से शत प्रतिशत छूट दी जाएगी।
- प्रदेश में ही निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर यह छूट 5 वर्ष तक मान्य होगी।
- प्रदेश में खरीदे गए इलेक्ट्रिक वाहनों के फैक्ट्री मूल्य पर 15 प्रतिशत की सब्सिडी भी दी जाएगी।
- उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण और गतिशीलता नीति 2022 के अनुसार यह छूट दी जाएगी।

## बरेली मंडल में बनेंगे 5 ग्रामीण लर्निंग सेंटर

उत्तर प्रदेश के पंचायती राज विभाग द्वारा प्रदेश के बरेली मंडल में पाँच लर्निंग सेंटर बनाए जाएंगे।

- इसमें ग्रामीणों को गांव के स्तर पर ट्रेनिंग दी जाएंगी।
- इसके अंतर्गत बरेली, पीलीभीत और बदायूं में एक-एक और शाहजहाँपुर की दो ग्राम पंचायतों में लर्निंग सेंटर बनाए जाएंगे।
- लर्निंग सेंटर पर ग्रामीणों को खेती-किसानी से लेकर उद्यमी बनने तक की बारीकियाँ सिखाई जाएंगी।

## उत्तर प्रदेश के चार और जिलों में गोंड जाति को एसटी का दर्जा

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के चार जिलों संतकबीरनगर, कुशीनगर, चंदौली और भदोही में गोंड जाति को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देते हुए प्रमाण पत्र जारी करने का फैसला किया है।

- केंद्र सरकार द्वारा संविधान (अनुसूचित जाति) व (अनुसूचित जनजातियाँ) उत्तर प्रदेश के क्रम में (अनुसूचित जातियाँ एवं अनुसूचित जनजातियाँ) आदेश द्वितीय संशोधन को मंजूरी दे दी है।
- इसमें उत्तर प्रदेश में गोंड (धुरिया, नायक, ओझा, पठारी और राजगोंड) को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल कर दिया गया है।

- इसके आधार पर मिर्जापुर व सोनभद्र के साथ अब चार और जिलों में निवास करने वाली इन जातियों को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

### सबसे ज्यादा समय तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहने वाले बने योगी आदित्यनाथ

1 मार्च, 2023 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार सबसे ज्यादा समय तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का कार्यकाल पूरा करने का नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

- योगी आदित्यनाथ ने कार्यालय में 5 साल और 347 दिन पुरा किया।
- इससे पहले कॉन्ग्रेस के डॉ. संपूर्णानंद जो 1954 से 1960 तक 5 साल और 345 दिनों तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे।

### गोरखपुर में रीजनल फिल्म सिटी का निर्माण

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर पूर्वांचल के गोरखपुर में रीजनल फिल्मी सिटी का निर्माण किया जायेगा।

- राज्य के नोएडा में फिल्म सिटी के पश्चात गोरखपुर में रीजनल फिल्म सिटी का निर्माण किया जायेगा।
- 500 करोड़ रुपए के निवेश से 2000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

### हाई टेक मिलिट्री अस्पताल का निर्माण

उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले और राजधानी लखनऊ में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त मल्टी सुपर स्पेशिलिटी मिलिट्री अस्पताल का निर्माण किया जायेगा।

- रक्षा मंत्रालय द्वारा इस हेतु मंजूरी प्रदान की जा चुकी है।
- वर्ष 2011-2012 में इसके लिये एक प्रस्ताव भी बनाया गया था।

### उत्तर प्रदेश फिल्म नीति-2023

22 फरवरी, 2023 को उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश फिल्म नीति-2023 को मंजूरी दी है।

- उत्तर प्रदेश को फिल्म निर्माण का केंद्र बनाने के लिये राज्य में फिल्मों की शूटिंग के साथ फिल्म में राज्य के कलाकारों को किरदार अदा करने का मौका देने पर सब्सिडी दी जाएगी।
- फिल्म प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना करने पर भी 50 लाख रुपए तक की सब्सिडी दी जाएगी।
- प्रदेश में अवधी, ब्रज, बुंदेली, भोजपुरी क्षेत्रीय फिल्मों के लिये निर्माण पर 50 फीसदी, हिन्दी, अंग्रेजी और अन्य भाषाओं पर फिल्म बनाने पर 25 फीसदी सब्सिडी दी जाएगी।
- इसमें कुल शूटिंग दिवस के कम से कम 50 फीसदी यूपी में शूटिंग होने पर एक करोड़ रुपए तक सब्सिडी दी जाएगी।
- वेब सीरीज की शूटिंग पर प्रति एपिसोड 10 लाख या एक करोड़ रुपए तक सब्सिडी दी जाएगी। वेब फिल्म में पाँच मुख्य कलाकार उत्तर प्रदेश के होने पर 25 लाख रुपए की सब्सिडी दी जाएगी।

## मध्य प्रदेश/छतीसगढ़

### दमोह के कुंडलपुर सिद्ध क्षेत्र और श्री जागेश्वर नाथ तीर्थ क्षेत्र पवित्र घोषित

21 मार्च, 2023 को मध्य प्रदेश के दमोह जिला के कुंडलपुर सिद्ध क्षेत्र और श्री जागेश्वर नाथ तीर्थ क्षेत्र को पवित्र घोषित करने का निर्णय लिया गया।

- ग्राम पंचायत कुंडलपुर और श्री जागेश्वर नाथ तीर्थ क्षेत्र के लिये ग्राम पंचायत बांदकपुर के क्षेत्र को पवित्र क्षेत्र घोषित किया गया है।

### सर्वाधिक ताप विद्युत उत्पादन का नया रिकार्ड

मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के ताप विद्युत गृहों ने पॉवर जनरेटिंग कंपनी के इतिहास में सर्वाधिक ताप विद्युत उत्पादन का नया रिकार्ड बनाया है।

- वित्तीय वर्ष 2022-23 में 19 मार्च तक 26,326.7 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर पॉवर जनरेटिंग कंपनी के इतिहास में सर्वाधिक ताप विद्युत उत्पादन किया है।
- कंपनी की 12 ताप विद्युत इकाई ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 100 दिन या इससे अधिक दिनों तक सतत् क्रियाशील रहने का रिकार्ड बनाया है।

### पंडित उद्धव दास मेहता पुरस्कार

मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने पंडित उद्धवदास मेहता वैद्य शास्त्री आयुर्वेद सेवा सम्मान पुरस्कार वितरण समारोह में वर्ष 2017 से वर्ष 2021 तक कुल पाँच वर्षों के पुरस्कार प्रदान किये।

- वर्ष 2017 के लिये पंडित उद्धवदास मेहता वैद्य शास्त्री आयुर्वेद सेवा सम्मान पुरस्कार जयपुर के स्वर्गीय माधव सिंह बघेल।
- **वर्ष 2018 के लिए:** शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, उज्जैन
- **वर्ष 2019 के लिए:** डॉ. रामविलास सोहगौरा
- **वर्ष 2020 के लिए:** रानी दुल्लैया आयुर्वेद पी.जी. महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, भोपाल
- **वर्ष 2021 के लिए:** आरोग्य भारती, लोक न्यास, भोपाल

### अहिल्या सम्मान 2023'

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टॉफ परफॉरमेंस (क्रिस्प) ने मध्य प्रदेश की पाँच महिलाओं को 'अहिल्या सम्मान-2023' प्रदान किया गया है।

**पुरस्कार प्राप्तकर्ता -**

- क्रिकेटर सौम्या तिवारी
- भरतनाट्यम नृत्यांगना और रंगमंचीय कलाकार तनिष्का हतवलने
- टीवी एक्ट्रेस शुभांगी अत्रे
- गोंडी भित्ति चित्र कलाकार ननकुसिया श्याम
- अभिनेत्री एवं गायिका विभा श्रीवास्तव।

**राष्ट्रीय देवी अहिल्या सम्मान:** मध्य प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा जनजातीय, लोक एवं पारंपरिक कलाओं के क्षेत्र में महिला कलाकार को सम्मानित करने के लिये राष्ट्रीय देवी अहिल्या सम्मान की स्थापना वर्ष 1996 में की गई थी।

## मड़ीखेड़ा जल विद्युत गृह ने सर्वाधिक बिजली उत्पादन का बनाया रिकॉर्ड

मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के 60 मेगावाट स्थापित क्षमता के मड़ीखेड़ा जल विद्युत गृह ने 166.30 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन कर अभी तक का सर्वाधिक बिजली उत्पादन करने का रिकॉर्ड बनाया है।

- यह जल विद्युत गृह शिवपुरी जिले में काली सिंध नदी पर बना है।
- कंपनी के वार्षिक समारोह में वर्ष 2020 और वर्ष 2021 में मड़ीखेड़ा जल विद्युत गृह को सर्वश्रेष्ठ जल विद्युत गृह का अवॉर्ड प्राप्त हो चुका है।

## वर्ल्ड कप शूटिंग चैंपियनशिप

20 से 27 मार्च, 2023 तक मध्य प्रदेश में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप रायफल/पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजना किया गया।

- भोपाल के बिसनखेड़ी स्थित मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में देश की पहली 83 मी.×27 मी. वातानुकूलित इंडोर रेंज में इसका आयोजन किया गया।

## मध्य प्रदेश की पहली सोलर सिटी

मध्य प्रदेश के रायसेन जिला के साँची विकासखंड के ग्राम नागौरी में साँची शहर को सोलर की स्थापना की जाएगी।

- नागौरी में 3 मेगावाट एवं गुलगाँव में 5 मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित किया जा रहा है।
- साँची को विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति एवं बिजली आपूर्ति में आत्मनिर्भर बनाने के लिये देश की दूसरी और प्रदेश की पहली सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

## स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुए 'स्वच्छ सुजल शक्ति' सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यह पुरस्कार प्रदान किया है।

- मध्य प्रदेश की दो जल योद्धाओं अनिता चौधरी और गंगा राजपूत को जल संरक्षण में विशिष्ट योगदान के लिये स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023 से सम्मानित किया।
- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ग्राम सरपंच नीतू परिहार को स्वच्छता के क्षेत्र में अनुकरणीय प्रदर्शन के लिये स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023 से सम्मानित किया।

## बृहत्तर पन्ना भू-दृश्य परिषद का गठन

सूखा प्रभावित बुंदेलखंड क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक समृद्धि के लिये परिवर्तनकारी केन-बेतवा लिंक परियोजना (केबीएलपी) के तहत इसका गठन किया गया है।

- पन्ना टाइगर रिजर्व (पीटीआर) और आसपास के क्षेत्रों में वन्य जीवन और जैव विविधता के संरक्षण के लिये एक व्यापक एकीकृत भू-दृश्य प्रबंधन योजना (आईएलएमपी) तैयार की गई है।
- इसका व्यापक उद्देश्य प्रमुख प्रजातियों जैसे बाघ, गिद्ध और घड़ियाल के लिये आवास, संरक्षण और प्रबंधन की बेहतरी को सक्षम करना है।

## सतपुड़ा नेशनल पार्क को एडिटर्स चॉइस अवार्ड

सतपुड़ा नेशनल पार्क को बेस्ट वाइल्डलाइफ डेस्टिनेशन श्रेणी में इंडिया टुडे का एडिटर्स चॉइस अवार्ड मिला है।

- मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले में स्थित सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के नाम से भी जाना जाता है।
- यह बाघ संरक्षण केंद्र के रूप में प्रसिद्ध है।

## 'लाडली बहना योजना'

मध्य प्रदेश सरकार ने 5 मार्च, 2023 को लाड़ली बहना योजना शुरू की, जिसके तहत प्रत्येक महिला को एक हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे।

- इस योजना में राज्य की लगभग 1 करोड़ महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य है।
- इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य की महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करके उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है।
- सरकार ने लाड़ली बहना योजना के लिए बजट में प्रतिवर्ष 12,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।
- इस योजना का लाभ मध्य प्रदेश की सभी वर्ग की गरीब महिलाएं उठा सकती हैं।
- इसके तहत 2.50 लाख से अधिक आय (परिवार की) या आयकर भरने वाली महिला पात्रता के दायरे में नहीं आएंगी।
- योजना का लाभ उन महिलाओं को दिया जाएगा, जिनके पास पांच एकड़ या उससे कम जमीन है।

## 'मऊगंज' मध्य प्रदेश का 53वां जिला

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 4 मार्च, 2023 को रीवा जिले की तहसील मऊगंज को प्रदेश का 53वां जिला बनाने की घोषणा की।

- नया जिला बनाने का उद्देश्य विंध्य क्षेत्र को राज्य कैबिनेट में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलने को लेकर सरकार के खिलाफ असंतोष को खत्म करना है।
- उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे मऊगंज जिले में चार तहसीलें होंगी - मऊगंज, हनुमना, नईगढ़ी और देवतालाब, जिसकी आबादी छः लाख से अधिक है।
- चारों तहसीलों में 1070 गांव, 12 राजस्व सर्किल और 264 पटवारी हलके होंगे।
- मऊगंज जिले में मऊगंज व देवतालाब विधानसभा सीटें होंगी।
- वर्तमान में अविभाजित रीवा जिले में चार जिले, 12 तहसीलें और 2,817 गांव और 857 पटवारी हलके हैं।

## हलमा परंपरा

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने हलमा की परंपरा को समूचे प्रदेश में विस्तारित किये जाने की घोषणा की है।

- हलमा परंपरा के द्वारा प्रकृति को ग्लोबल वार्मिंग से बचाया जा सकता है।
- यह परंपरा संकट में खड़े मनुष्य की सहायता का संदेश देती है।
- हलमा ने झाबुआ जिले के बड़े हिस्से में जल संकट को कम करने में बड़ी भूमिका निभाई है।

- भील समुदाय की यह परंपरा देशज विधाओं की तकनीकी समृद्धता का अनोखा उदाहरण है।
- इस परंपरा को समूचे मध्य प्रदेश में विस्तारित करते हुए जल, मिट्टी और पर्यावरण-संरक्षण का कार्य किया जाएगा।
- 24 अप्रैल, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में इसका जिक्र किया है।
- सन 2005 में हलमा परंपरा को एक गैर-सरकारी संगठन 'शिवगंगा' ने शुरू किया।

## छत्तीसगढ़

### मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' का शुभारम्भ

21 मार्च, 2023 को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा परिसर से 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' का आरम्भ किया है।

- राज्य के सभी 33 जिलों के 42 स्थानों में राज्य सरकार की इस योजना का शुभारंभ किया गया।
- इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देकर किसानों की आय में वृद्धि करना है।
- छत्तीसगढ़ में योजना के तहत इस वर्ष 12 प्रकार की प्रजाति के वृक्ष का रोपण किया जाएगा।
- योजना के तहत 33 जिलों के 23 हजार 600 किसानों द्वारा 36 हजार 230 एकड़ में वृक्षारोपण किया जाएगा।
- योजना से किसानों को सालाना प्रति एकड़ 15 से 50 हजार रुपए तक की आय होगी। इसके अलावा कार्बन क्रेडिट के माध्यम से भी किसानों को अतिरिक्त आय होगी।

### नेशनल ट्रांजिट पास सिस्टम (एनटीपीएस) का आरंभ

छत्तीसगढ़ में वनोपज आधारित अर्थव्यवस्था को गति देने तथा व्यापारियों की सुविधा के लिये छत्तीसगढ़ में नेशनल ट्रांजिट पास सिस्टम (एनटीपीएस) का शुभारंभ किया गया है।

- मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल एवं जम्मू कश्मीर के बाद छत्तीसगढ़ एनटीपीएस योजना को लागू करने वाला चौथा राज्य बन गया है।
- इसके लागू होने के पश्चात आवेदक ट्रांजिट परमिट के लिये ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं तथा वन विभाग ऑनलाईन ट्रांजिट परमिट जारी करेगा।
- अंतरराज्यीय सीमा में नये टी.पी. की आवश्यकता नहीं होगी।

### सकरी नदी का संरक्षण

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कवर्धा जिले के सकरी नदी को संरक्षित करने तथा नदी का बहाव अपने पूर्ण क्षमता पर लाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण के माध्यम से सकरी नदी पुनर्जीवन कार्यक्रम की शुरूआत की।

- इसके तहत वन एवं राजस्व भूमि में नदी तट वृक्षारोपण कार्य, निजी भूमि में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के अंतर्गत वृक्षारोपण किया जायेगा।

### मांझिनगढ़ जैव विविधता पार्क घोषित

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मांझिनगढ़ पर्यटन स्थल को जैव विविधता पार्क के रूप में जंगल सफारी की तर्ज पर विकसित करने की घोषणा की।

- मांझिनगढ़ चट्टानों के बीच गुफा है, जहाँ हजारों वर्ष पुराना शैल चित्र है। मांझिनगढ़ को आदिमानव की स्थली माना जाता है।
- मांझिनगढ़ में माता गढ़मावली वास करती हैं। भादो महीने में केशकाल के भंगाराम जातरा के दिन ही इस स्थान पर भी लोग बड़ी संख्या में पहुँचते हैं।

### छत्तीसगढ़ में 10 नए खेलो इंडिया सेंटर

छत्तीसगढ़ के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रस्ताव पर भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा छत्तीसगढ़ में खेलो इंडिया स्कीम के तहत दस नए खेलो इंडिया लघु केंद्रों की स्थापना की मंजूरी दी गई है।

- बस्तर में हॉकी, धमतरी में कुश्ती, जांजगीर चांपा में हॉकी, कोरबा में फुटबॉल, बलरामपुर में फुटबॉल, बेमेतरा में कबड्डी, दंतेवाड़ा में तीरंदाजी, महासमुंद में तीरंदाजी, मुंगेली में फुटबॉल तथा सूरजपुर में फुटबॉल खेल की नए खेलो इंडिया लघु केंद्र स्वीकृत किये गए हैं।

### अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता

14 मार्च, 2023 को हरियाणा के पंचकूला में संपन्न हुई 26वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ 11वीं बार ओवर ऑल चैंपियन बना।

- कर्नाटक इस प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहा।
- छत्तीसगढ़ ने वेटलिफ्टिंग, पॉवरलिफ्टिंग में कुल 19 स्वर्ण, टेनिस में 12 स्वर्ण, बैडमिंटन में 04 स्वर्ण, तैराकी में 06 स्वर्ण, एथलेटिक्स में 18 स्वर्ण, 10 रजत, 08 काँस्य पदक जीते हैं।

### 'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम को मिला वर्ष 2022 का स्कॉच अवार्ड

छत्तीसगढ़ में समग्र शिक्षा द्वारा संचालित 'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम के तहत वर्ष 2022 में किये गए कार्य के लिये स्कॉच अवार्ड 2022 प्राप्त हुआ है।

- 'अंगना म शिक्षा' का यह पूरा कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की महिला शिक्षिकाओं के समूह द्वारा संचालित किया जा रहा है।

**स्कॉच अवार्डः** यह एक स्वतंत्र संगठन द्वारा प्रदत्त देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।

इस अवार्ड को वर्ष 2003 में स्थापित किया गया था। यह अवार्ड डिजिटल, वित्तीय और सामाजिक समावेश के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रयासों के लिये प्रदान किया जाता है।

### पांडुवंशी काल की बुद्ध प्रतिमा

रायपुर-बिलासपुर मार्ग में स्थित ग्राम सोंड्रा उत्खनन कार्य के दौरान पांडुवंशी काल की प्राचीन बुद्ध प्रतिमा प्राप्त हुई हैं।

- स्थानीय बलुआ पत्थर में निर्मित इस प्रतिमा की चौड़ाई 74, ऊँचाई 87, मोटाई 40 सेंटीमीटर है।
- बुद्ध की इस विशाल प्रस्तर प्रतिमा के माथे पर ऊर्णा (तिलक चिह्न) का अंकन है।

### छत्तीसगढ़ के शिक्षा विभाग को एमबिलियंथ अवॉर्ड

नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के शिक्षा विभाग को एमबिलियंथ पुरस्कार प्रदान किया गया है।

- यह पुरस्कार शिक्षा विभाग को स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में 'निकलर ऐप' द्वारा पढ़ाई कराने के लिये प्रदान किया गया।
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 14 नवंबर, 2022 को लॉन्च किये गए सुघ्घर पढ़वैया कार्यक्रम में भी स्कूलों का आकलन निकलर ऐप के माध्यम से बहुत कम समय में किया जा सकेगा।

**एमबिलियंथ अवॉर्ड:** यह मोबाइल के माध्यम से आम जनता तक तकनीकी का उपयोग कर जीवन सुगम बनाने की दिशा में किये जा रहे नवाचारों को सम्मानित करता है, जिसकी शुरुआत 2010 से की गई थी, सम्मान देने की यह 12वीं शृंखला है।

### 21वाँ अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता

छत्तीसगढ़ ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा हिसार (हरियाणा) में आयोजित 21वीं अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालयीन खेल-कूद प्रतियोगिता में छठवाँ स्थान प्राप्त किया है।

- इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं के अंतर्गत दो स्वर्ण, एक रजत तथा एक काँस्य पदक अर्जित किया।

## ओडिशा

### ओडिशा में 1300 साल पुराना बौद्ध स्तूप

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने हाल ही में पुरी में स्थित जगन्नाथ मंदिर के पास एक 1,300 साल पुराने बौद्ध स्तूप की खोज की है। खनन कार्य के दौरान स्तूप की खोज की गई थी।

- यहां खोंडालाइट पत्थर (Khondalite stone) का खनन होता है। इस पत्थर का उपयोग पुरी जगन्नाथ मंदिर के निर्माण में किया गया था।
- यह स्तूप 4.5 मीटर ऊँचा है और प्रारंभिक आकलन से पता चला है कि यह 7वीं या 8वीं शताब्दी का है।
- इस स्तूप की खोज ओडिशा के प्रभादी स्थल में हुई थी।
- प्रभादी स्थल एक प्रमुख बौद्ध परिसर ललितगिरि के पास स्थित है। ललितगिरि में कई स्तूप, बुद्ध चित्र और मठ हैं।
- एक पत्थर के ताबूत के अंदर बुद्ध के अवशेष वाले एक विशाल स्तूप की खोज के कारण ललितगिरि बौद्ध स्थल को तीन साइटों (ललितगिरि, रत्नागिरि और उदयगिरि) में सबसे पवित्र माना जाता है।

**खोंडालाइट:** यह एक प्रकार की कायांतरित चट्टान है, जो भारत के पूर्वी घाट में विशेष रूप से ओडिशा राज्य में पाई जाती है।

खोंडालाइट मुख्य रूप से फेल्डस्पार, क्वाट्‌र्ज और अभ्रक से बनी है एवं गुलाबी-ग्रे रंग इसकी विशेषता है। इसे सामान्यत: निर्माण में एक सजावटी पत्थर के रूप में उपयोग किया जाता है।

## राजस्थान

### राजस्थान स्वास्थ्य का अधिकार देने वाला पहला राज्य

राजस्थान विधानसभा में 21 मार्च, 2023 को स्वास्थ्य का अधिकार (Right to Health) विधेयक पारित किया गया है। स्वास्थ्य का अधिकार देने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य हो गया है।

- राज्य के निवासियों को चिकित्सा संस्थान एवं डेजिग्नेटेड हैल्थ केयर सेन्टर में निर्धारित नियमानुसार नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने का अधिकार होगा।
- मरीजों को सभी निजी स्वास्थ्य संस्थान में उनके मेडिकल केयर लेवल के अनुसार नि:शुल्क इलाज करने का प्रावधान होगा।
- राइट टू हेल्थ का उल्लंघन करने और इलाज से मना करने पर 10 से 25 हजार तक का जुर्माने का प्रावधान रखा गया है।
- राइट टू हेल्थ में राजस्थान के हर व्यक्ति को बीमारी का डायग्नोसिस, जांच, इलाज, भावी रिजल्ट और संभावित जटिलताओं और एक्सपेक्टेड खर्चों के बारे में अच्छी तरह जानकारी मिल सकेगी।

**स्वास्थ्य का अधिकार:** भारत संयुक्त राष्ट्र द्वारा सार्वभौमिक अधिकारों की घोषणा (1948) के अनुच्छेद-25 का हस्ताक्षरकर्त्ता है, जो भोजन, कपड़े, आवास, चिकित्सा देखभाल और अन्य आवश्यक सामाजिक सेवाओं के माध्यम से मनुष्यों को स्वास्थ्य कल्याण के लिये पर्याप्त जीवन स्तर का अधिकार देता है।

### राजस्थान अधिवक्ता संरक्षण विधेयक, 2023

अधिवक्ताओं के विरुद्ध हिंसा को रोकने के लिए राज्य विधानसभा ने राजस्थान अधिवक्ता संरक्षण विधेयक, 2023 को संशोधित रूप में पारित कर दिया गया है।

- राजस्थान अधिवक्ता संरक्षण विधेयक, 2023 राज्य में कर्तव्यों के निर्वहन करने के दौरान किसी अधिवक्ता के विरुद्ध हमला और आपराधिक अभित्रास को रोकने के लिये लाया गया है।
- इस कानून से अधिवक्ताओं को हिंसा के विरुद्ध संरक्षण मिलेगा।
- अधिवक्ताओं द्वारा इस कानून का दुरुपयोग करने पर 2 वर्ष तक की सजा का प्रावधान भी किया गया है।
- राजस्थान अधिवक्ता संरक्षण विधेयक, 2023 प्रारूप के खंड 9 को विलोपित कर दिया गया है।

### दिव्यांगजनों के लिये प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय

राजस्थान में दिव्यांगजनों के लिये प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय जयपुर के जामडोली में स्थापित किया जायेगा।

- दिव्यांगजन के लिये उच्च शिक्षण एवं अनुसंधान के लिये जामडोली में बाबा आम्टे दिव्यांग विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी।
- बाबा आम्टे दिव्यांग विश्वविद्यालय दिव्यांगजनों के लिये प्रदेश का पहला एवं देश का तीसरा विश्वविद्यालय होगा।
- पाठ्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2023-24 से होगी।

### राजस्थान एमएसएमई एक्ट-2023 विधेयक

राज्य विधानसभा में राजस्थान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (स्थापना और प्रवर्तन का सुकरीकरण) (संशोधन) विधेयक, 2023 को पारित कर दिया गया है।

- छूट की अवधि को 3 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष करने का विनिश्चय किया गया है।
- एमएसएमई पॉलिसी के तहत 5 वर्ष तक किसी भी निरीक्षण या एनओसी से मुक्त उद्योग स्थापित करने का रास्ता खोला गया है।
- राजस्थान में होटल को भी उद्योग का दर्जा दिया गया है।

### मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक भाषा दक्षता एवं संप्रेषण कौशल विकास योजना'

राजस्थान के अल्पसंख्यकों के समावेशी विकास के लिये नवाचार को प्रोत्साहित करने हेतु मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक भाषा दक्षता एवं संप्रेषण कौशल विकास योजना का शुभारम्भ किया गया है।

भाषा दक्षता एवं संप्रेषण कौशल विकास के लिये इस योजना का आरम्भ किया गया है।

- योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को अंग्रेजी के साथ फ्रेंच, जर्मन, अरबी, स्पेनिश, फारसी और अन्य विदेशी भाषाओं का अध्ययन, बोलना व संप्रेषण कौशल विकसित कर रोजगार प्राप्ति में सहयोग प्रदान करना है।
- योजना राजस्थान के मूल निवासी अल्पसंख्यक समुदाय के उच्च माध्यमिक स्तर के शिक्षित युवाओं की ओर लक्षित है, जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच है, इस योजना के पात्र हैं।

### जोधपुर इंटरनेशनल थिएटर फेस्टिवल का उद्घाटन

18 मार्च, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर इंटरनेशनल थिएटर फेस्टिवल का उद्घाटन किया।

- इसका उद्घाटन नई दिल्ली के बीकानेर हाउस से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया।
- इसके माध्यम से नए कलाकार इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को सुनकर उनके अनुभवों से लाभान्वित एवं प्रेरित हो सकेंगे।

### राजस्थान में 19 नए जिलों की घोषणा

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 17 मार्च, 2023 को राज्य में 19 नए जिलों और 3 संभागीय मुख्यालयों के गठन की घोषणा की है।

- राजस्थान में अब 33 से बढ़कर 50 जिले हो जाएंगे, जबकि संभागों की संख्या 7 से बढ़कर 10 हो जाएगी।
- राज्य में अनूपगढ़, ब्यावर, बालोतरा, डीग, डीडवाना, दूदू, गंगापुर सिटी, जयपुर उत्तर, जयपुर दक्षिण, जोधपुर पूर्व, जोधपुर पश्चिम, केकड़ी, कोटपुतली, बहरोड़, खैरथल, फलोदी, सलुंबर, सांचोर, शाहपुरा और नीम का थाना नए जिले होंगे।
- राजस्थान में तीन नए संभाग- बांसवाड़ा, पाली और सीकर होंगे। अब तक जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, कोटा, अजमेर और बीकानेर संभाग थे।

### राजस्थान मिलेट्स कान्क्लेव-2023

13 मार्च, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान मिलेट्स कॉन्क्लेव-2023 का उद्घाटन किया।

- जयपुर शहर में दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में इसका आयोजन किया गया।
- राजस्थान मिलेट्स कॉन्क्लेव-2023 में मुख्यमंत्री ने राजकिसान सुविधा एप लॉन्च किया।
- इस दौरान 'समृद्ध किसान-खुशहाल राजस्थान' लघु फिल्म भी दिखाई गई।

## महाराष्ट्र/गोवा

### महाराष्ट्र में विश्व का पहला बैम्बू क्रैश बैरियर

महाराष्ट्र में चंद्रपुर और यवतमाल जिलों को जोड़ने वाले एक राजमार्ग पर 200 मीटर लंबा बांस का 'क्रैश बैरियर' लगाया गया है। यह विश्व का पहला बैम्बू क्रैश बैरियर है।

- इस बैम्बू क्रैश बैरियर को महाराष्ट्र के विदर्भ में वाणी-वरोरा राजमार्ग पर स्थापित किया गया है।
- इसे भारतीय सड़क कांग्रेस द्वारा मान्यता दी गई है। बांस बैरियर का रीसाइक्लिंग मूल्य 50-70 प्रतिशत है, जबकि स्टील बैरियर का 30-50 प्रतिशत है।
- 'बहू बल्ली' नाम के बांस दुर्घटना अवरोधक का इंदौर के पीथमपुर में नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स (एनएटीआरएक्स) जैसे विभिन्न संस्थानों में परीक्षण किया गया।

## गोवा

### गोवा में एआई आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लॉन्च

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने 15 मार्च, 2023 को उत्तरी गोवा में राज्य के पहले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को लॉन्च किया है।

- सिस्टम ट्रैफिक पुलिस को ट्रैफिक की निगरानी करने, ई-चालान जारी करने और सुरक्षा उद्देश्यों में सहायता से लाभान्वित करेगा।
- यह नई प्रणाली ऐम्बुलेंस जैसे आपातकालीन वाहनों को डिटेक्ट करेगी और उनके लिए ट्रैफिक सिग्नल के जरिए रास्ता खाली करवाएगी।
- इस तरह के कुल 16 सिग्नल पूरे गोवा में लॉन्च किए जाएंगे।

## दक्षिण भारतीय राज्य

### कुदुम्बश्री योजना

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तिरुवनंतपुरम में कुदुम्बश्री योजना के रजत जयंती समारोह का उद्घाटन किया।

- यह योजना राज्य गरीबी उन्मूलन मिशन द्वारा कार्यान्वित गरीबी उन्मूलन एवं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम है।
- इसकी शुरुआत वर्ष 1997 में किया गया था।
- इसमें महिला समुदाय नेटवर्क के लिये तीन स्तरीय संरचना है।
- वर्ष 2011 में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कुदुम्बश्री को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के रूप में मान्यता दी।

### पटाया मिशन

केरल सरकार ने राज्य में भूमि रिकॉर्ड के मुद्दों से निपटने के लिए 'पटाया मिशन' को आरम्भ की योजना बना रही है।

- प्रत्येक जिले में विधायकों के नेतृत्व में यह मिशन सभी व्यक्तियों को टाइटल डीड उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करेगा।

## तमिलनाडु

### तमिलनाडु टीबी मृत्यु-मुक्त परियोजना

तमिलनाडु कसनोई एराप्पिला थिटम (TN-KET) जिसका अर्थ टीबी मृत्यु-मुक्त परियोजना है।

- इसके कारण शुरुआती टीबी मौतों की संख्या में काफी कमी आई है।
- यह कार्यक्रम तमिलनाडु सरकार द्वारा भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, चेन्नई में राष्ट्रीय तपेदिक अनुसंधान संस्थान (Indian Council of Medical Research-National Institute of tuberculosis research-ICMR-NIRT) और WHO भारत के सहयोग से लागू किया गया है।

## पूर्वोत्तर के राज्य

### मेघालय में पहली बार इलेक्ट्रिक ट्रेन

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने 15 मार्च, 2023 को मेघालय में पहली बार इलेक्ट्रिक ट्रेनों के परिचालन के लिए, अभयपुरी-पंचरत्न के बीच महत्वपूर्ण खंडों का विद्युतीकरण पूरा कर लिया है।

- दुधनाई-मेंदीपाथर (22.823 ट्रैक किलोमीटर) सिंगल लाइन सेक्शन और अभयपुरी-पंचरत्न (34.59 ट्रैक किलोमीटर) डबल लाइन सेक्शन शुरू की है।
- मेंदीपाथर पूर्वोत्तर राज्य मेघालय का एकमात्र रेलवे स्टेशन है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन किए जाने के बाद 2014 से परिचालन में है।

### मेघालय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

मेघालय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 14 से 18 मार्च, 2023 तक मेघालय की राजधानी शिलांग में पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह राज्य में पहला फिल्म महोत्सव आयोजित किया गया है।

- इस महोत्सव का उद्देश्य मेघालय में विशेष रूप से युवाओं के बीच एक फिल्म संस्कृति का निर्माण करना है।
- MeFilma ने पूर्वोत्तर राज्य के पर्यटन विभाग के सहयोग से इसका आयोजन किया।
- मेघालय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव मेघालय फिल्म निर्माता संघ (MeFilma) की एक पहल है।
- मेघालय सरकार अत्याधुनिक सिनेमा हॉल स्थापित कर राज्य में फिल्म उद्योग को और बढ़ावा देगी।
- फिल्म उद्योग के लिए सरकार के समर्थन से स्थानीय फिल्म निर्माताओं के लिए अवसर प्रदान करने और मेघालय में अधिक फिल्म निर्माताओं को आकर्षित करने की उम्मीद है।

### सागरा-मिसावा

सागरा-मिसावा असम एवं मेघालय की तिवा जनजाति द्वारा फसल ऋतु के आगमन पर मनाया जाने वाला एक पारंपरिक त्यौहार है।

- इस दौरान गाँव के पुजारी अपने निवास स्थान पर गाँव के वृद्ध एवं युवा जन की उपस्थिति में मिंडाई लेखेवा नामक अनुष्ठान करते हैं।
- तिवा जनजाति के युवकों द्वारा इस उत्सव में पारंपरिक सक्रश्ता टोपी पहनकर अनुष्ठान किया जाता है।
- तिवा इस वसंत उत्सव के दौरान प्रकृति की पूजा करने के बाद अपने खेतों को अगली फसल के लिये तैयार करते हैं।

### कोनराड संगमा ने मेघालय के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली

कोनराड संगमा ने दूसरे कार्यकाल के लिए 7 मार्च, 2023 को मेघालय के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मेघालय के राज्यपाल फागू चौहान ने संगमा को मुख्यमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

- मंत्रिमंडल में एनपीपी के 8 विधायक, यूनाइडेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) के 2 विधायक और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 1 विधायक तथा हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (एचएसपीडीपी) के 1 विधायक शामिल किये गये।
- नियम के अनुसार, मेघालय की 60 सदस्यीय विधानसभा में मुख्यमंत्री समेत 12 से अधिक मंत्री नहीं हो सकते।
- मेघालय में 27 फरवरी, 2023 को विधानसभा के 60 में से 59 सीटों पर मतदान हुआ था, जिसमें 85.27% वोटिंग हुई थी।

**कॉनराड कोंगकल संगमाः** कोनराड संगमा मेघालय के 12वें मुख्यमंत्री और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष पी. ए. संगमा के पुत्र हैं।

- आँठवी मेघालय विधानसभा में वे विपक्ष के नेता थे, जहाँ वे पश्चिम गारो हिल्स जिले के सेलसेल्ला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे।
- 2008 में वे मेघालय के सबसे कम उम्र के वित्त मंत्री भी बने थे। वे वर्तमान में तुरा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से सांसद हैं।

## मणिपुर

### मणिपुर का सबसे बड़ा त्योहार 'याओशांग' का आयोजन

मणिपुर का सबसे बड़ा त्योहार याओशांग 7 से 11 मार्च, तक आयोजित किये गये।

- यह त्योहार मीतेई द्वारा मनाया जाता है, जो मुख्य रूप से हिंदू हैं और इसे होली के साथ ही मनाया जाता है।
- याओशांग उत्सव के दौरान, रंग खेलने के अलावा, उत्सव में पाँच दिनों तक कई सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियाँ भी की जाती हैं।
- यह त्योहार प्रतिवर्ष मेइती चंद्र कैलेंडर के लामता (फरवरी-मार्च) की पूर्णिमा को मनाया जाता है।

**याओसांग त्योहारः** याओशांग से अभिप्राय उस नन्हीं-सी झोंपड़ी से है, जो पूर्णिमा के अपरा काल में प्रत्येक नगर-ग्राम में नदी अथवा सरोवर के तट पर बनाई जाती है। इसमें चैतन्य महाप्रभु की प्रतिमा स्थापित की जाती है।

## असम

### असम चाय उद्योग विशेष प्रोत्साहन योजना (ATISIS)

चाय उद्योग को राहत देने के लिए असम सरकार ने असम चाय उद्योग विशेष प्रोत्साहन योजना (Assam Tea Industries Special Incentives Scheme – ATISIS) शुरू की है।

- यह योजना पारंपरिक चाय या विशेष चाय के उत्पादन के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जो मुख्य रूप से निर्यात उद्देश्यों के लिए हैं।
- राज्य सरकार ने इस योजना के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए।
- ATISIS के चार मुख्य घटक हैं, जो **इस प्रकार हैं:** वर्किंग कैपिटल पर ब्याज सबवेंशन, उत्पादन सब्सिडी फिक्स्ड कैपिटल सब्सिडी, कृषि आय कर अवकाश।

### असम में पहला बोडोलैंड अंतरराष्ट्रीय ज्ञान उत्सव

पश्चिमी असम के कोकराझार के बोडोलैंड विश्वविद्यालय में विश्व स्तर पर ज्ञान साझा करने के लिए 27 फरवरी से 2 मार्च, 2023 के बीच पहले 4 दिवसीय बोडोलैंड अंतरराष्ट्रीय ज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया।

- यह आयोजन बोडोलैंड टेरिटोरियल रीजन (बीटीआर) प्रशासन के सहयोग से किया गया।
- यह बीटीआर में आयोजित होने वाले सबसे बड़े आयोजनों में से एक है।
- इस महोत्सव का विषयगत क्षेत्र समकालीन बीटीआर और विश्व के सामाजिक विकास प्राथमिकताओं और प्रमुख सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) 2030 की उपलब्धि है।
- इस महोत्सव में भारत के आलावा 14 अन्य देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**बोडोलैण्ड टेरिटोरियल काउन्सिलः** यह भारत के असम राज्य का एक स्वायत्त क्षेत्र है।

## अरुणाचल प्रदेश

### दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना

अरुणाचल प्रदेश के दिबांग जलविद्युत परियोजना को हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है।

- यह भारत की अब तक की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना है।
- यह बहुउद्देशीय परियोजना अरुणाचल प्रदेश की निचली दिबांग घाटी जिले में दिबांग नदी पर चीन की सीमा के करीब स्थापित की जा रही है।

## त्रिपुरा

### माणिक साहा ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली

माणिक साहा ने 8 मार्च, 2023 को लगातार दूसरी बार त्रिपुरा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। साहा को राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

- त्रिपुरा में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 60 सदस्यीय सदन में 32 सीटें जीतीं, जबकि उसकी सहयोगी आईपीएफटी एक सीट प्राप्त करने में सफल रही।
- त्रिपुरा में 16 फरवरी, 2023 को विधानसभा चुनाव में 60 सीटों पर 86.10% मतदान हुआ था।

**माणिक साहाः** साहा डेंटिस्ट से राजनेता बने हैं। वर्ष 2016 में वे भाजपा में शामिल हुए थे। वर्ष 2023 में उन्होंने पश्चिमी त्रिपुरा के टाउन बारदोवाली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था।

## नागालैंड

### नेफ्यू रियो ने नागालैंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली

नागालैंड में नेफ्यू रियो को राज्यपाल ला गणेशनने 7 मार्च, 2023 को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई।

- नेफ्यू रियो ने पांचवीं बार नागालैंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- रियो के मंत्रिमंडल में एनडीपीपी से 7 और भाजपा से 5 मंत्री हैं।
- एनडीपीपी के तदितुई रंगकौ जेलयांग और बीजेपी के यानथुंगो पैटन ने नागालैंड के उपमुख्यमंत्रियों के रूप में शपथ ली।
- एनडीपीपी की विधायक **सहलौतुओनुओ क्रुस** नागालैंड से मंत्री बनने वाली पहली महिला विधायक हैं।
- नागालैंड के 16 जिलों की 60 में से 59 विधानसभा सीटों पर 27 फरवरी 2023 को 85.90% वोटिंग हुई थी।
- विधानसभा चुनाव में एनडीपीपी–बीजेपी ने 37 सीटें जीती है, जिसमें एनडीपीपी को 25 और भाजपा को 12 सीटें मिली है।

**नेफ्यू रियोः** रियो पहली बार 2003 में राज्य के मुख्यमंत्री बने थे। इसके बाद वह 2008 और 2013 में मुख्यमंत्री बने, लेकिन 2014 में इस्तीफा दे दिया और लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए।

## सिक्किम


### सिक्किम के लिए 'गो ग्रीन, गो ऑर्गेनिक' कवर जारी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और सिक्किम के चार मंत्रियों ने 6 मार्च, 2023 को सिक्किम के लिए डाक विभाग का एक अनूठा कवर 'गो ग्रीन, गो ऑर्गेनिक' जारी किया।

- यह जैविक खेती और सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में राज्य के प्रयासों की मान्यता है।
- सिक्किम के सभी खेत जैविक प्रमाणित हैं और इससे 66,000 से अधिक कृषक परिवारों को लाभ हुआ है।
- 75,000 हेक्टेयर भूमि को जैविक कृषि भूमि में परिवर्तित किया गया है।
- लंदन की वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा सिक्किम को विश्व के पहले जैविक प्रदेश का प्रमाण पत्र जारी किया गया है।

**जैविक खेतीः** जैविक खेती में केमिकल फर्टिलाइजर्स का प्रयोग नहीं किया जाता है। इसमें जैविक उर्वरक और खाद जैसे- कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट, गाय के गोबर की खाद आदि का उपयोग कर उत्पादन किया जाता है। इससे जमीन की गुणवत्ता भी खराब नहीं होती। ■

# राष्ट्रीय



## सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में परिवर्तन

2 मार्च, 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री, लोक सभा में विपक्ष के नेता और उच्चतम न्यायलय के मुख्य न्यायाधीश की समिति की सलाह पर चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का निर्देश दिया है।

- न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने यह फैसला दिया है।
- यह नियम तब तक लागू रहेगी, जब तक कि संसद द्वारा इस संबंध में कोई कानून नहीं बना दिया जाता।
- सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि चुनाव आयोग को कार्यपालिका द्वारा सभी प्रकार की अधीनता से अलग रहना होगा।
- सुप्रीम कोर्ट के अनुसार चुनाव आयोग निष्पक्ष और कानूनी तरीके से कार्य करने और संविधान के प्रावधानों का पालन करने के लिए बाध्य है।

**चुनाव आयोगः** चुनाव आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को हुई थी। यह एक संवैधानिक संस्था है, जो देश में चुनावों को संपन्न कराती है। संविधान के अनुच्छेद 324 से लेकर 329 तक चुनाव आयोग के बारे में प्रावधान किया गया है।

**चुनाव आयुक्तों की नियुक्तिः** संविधान के अनुच्छेद-324 के अनुसार चुनाव आयुक्तों की संख्या तथा उनका कार्यकाल संसद द्वारा इस संबंध में निर्मित विधि के अधीन होता है। राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रिपरिषद की सलाह पर इनकी नियुक्ति करता है। इनका कार्यकाल 6 वर्ष या 65 साल की आयु (दोनों में से जो भी पहले हो) तक होता है।

- वर्ष 1989 में चुनाव आयुक्तों की संख्या को 1 से बढ़ाकर 3 कर दिया गया। 1990 में पुनः इसे एक सदस्यीय बना दिया गया, किंतु वर्ष 1993 में इसे फिर से 3 सदस्यीय कर दिया गया है।

## स्वच्छ ईंधन प्राप्त करने हेतु टाटा स्टील माइनिंग और गेल का समझौता

अपने परिचालन में कार्बन पदचिह्न को कम करने के लिए, टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड ने 3 मार्च, 2023 को ओडिशा के कटक जिले के अथगढ़ में अपने फेरो मिश्र संयंत्र को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए गेल (इंडिया) लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

- गेल गुजरात से अथगढ़ तक अपनी पाइपलाइन के माध्यम से तय मात्रा में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करेगा।
- इस परियोजना से ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में 968 टन की कमी आएगी।
- भट्ठी का तेल प्राकृतिक गैस की तुलना में अधिक कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और सल्फर ऑक्साइड का उत्सर्जन करता है।
- प्राकृतिक गैस 27% कम कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन करती है और इसमें अन्य प्रदूषकों का स्तर कम होता है।

**टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेडः** टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड भारत के अग्रणी क्रोम अयस्क और फेरो क्रोम उत्पादक हैं। यह टाटा स्टील लिमिटेड की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी है।

**गेल (इंडिया) लिमिटेडः** यह पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (पीएसयू) है। गेल की स्थापना 1984 में हुई थी तथा इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।

## केंद्र सरकार ने नैनो तरल डीएपी उर्वरक को मंजूरी दी

5 मार्च, 2023 को केंद्र सरकार ने किसानों के लाभ और देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नैनो लिक्विड डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) उर्वरक को मंजूरी दे दी है।

- जून 2021 में इफको ने पारंपरिक यूरिया के विकल्प के रूप में नैनो यूरिया को तरल रूप में लॉन्च किया।
- नैनो यूरिया का उत्पादन करने के लिए गुजरात और उत्तर प्रदेश में कई विनिर्माण संयंत्र स्थापित किए गए हैं।
- इफको नैनो-पोटाश, नैनो-जिंक और नैनो-कॉपर उर्वरक भी लॉन्च करने की योजना बना रही है।
- यूरिया के बाद डीएपी देश की दूसरी सबसे ज्यादा खपत वाली खाद है। लगभग 10 से 12.5 मिलियन टन सालाना इसकी खपत होती है।
- भारत में डीएपी का उत्पादन केवल चार से पांच मिलियन टन ही है। देश में बाकी डीएपी आयात किया जाता है।

**लिक्विड नैनो यूरिया (LNU):** नैनो यूरिया नाइट्रोजन का एक तरल रूप है, जो यूरिया के पारंपरिक विकल्प के रूप में पौधों को पोषक तत्व प्रदान करता है।

- इसे पारंपरिक यूरिया के स्थान पर विकसित किया गया है और इसमें पारंपरिक यूरिया की आवश्यकता को कम से कम 50 प्रतिशत तक कम करने की क्षमता है।
- एक 500 मिलीलीटर की बोतल में 40,000 मिलीग्राम/लीटर नाइट्रोजन होता है, जो सामान्य यूरिया के एक बोरी के बराबर नाइट्रोजन पोषक तत्व प्रदान कर सकता है।

- नैनो यूरिया लिक्विड की प्रभावशीलता 80% से अधिक है। इसके उपयोग से उपज में लगभग 8% की वृद्धि पाई गई है।

## राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का चौथा संस्करण

राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव (एनवाईपीएफ) का चौथा संस्करण 2 मार्च, 2023 को संसद के सेंट्रल हॉल, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

- राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2023 का चौथा संस्करण "एक बेहतर कल के लिए विचार: विश्व के लिए भारत" विषय के साथ आयोजित किया गया।
- इसका उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना और छात्र समुदाय को संसद के कामकाज को समझने में सक्षम बनाना है।
- देश भर के 150 स्थानों पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 748 जिलों के 2.01 लाख से अधिक युवाओं ने इसमें भाग लिया।

**राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव (NYPF):** यह प्रधानमंत्री द्वारा उनके मन की बात संबोधन में दिए गए विचार पर आधारित है।

- पहला संस्करण 2019 में "नए भारत की आवाज बनें और समाधान खोजें एवं नीति में योगदान करें" विषय के साथ आयोजित किया गया था।
- राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2021 का दूसरा संस्करण "युवा-उत्साह नए भारत का" थीम के साथ आयोजित किया गया था।
- महोत्सव का तीसरा संस्करण 2022 में "नए भारत की आवाज बनें और समाधान खोजें और नीति में योगदान करें" विषय के साथ आयोजित किया गया था।

महोत्सव तीन स्तरों पर आयोजित किया जाता है-

1. **जिला युवा संसद (डीवाईपी) -** जूरी द्वारा डीवाईपी में भाग लेने के लिए युवाओं के चयन हेतु स्क्रीनिंग का प्रारंभिक दौर आयोजित किया जाता है।
2. **राज्य युवा संसद (एसवाईपी) -** जिला युवा संसद से जूरी द्वारा चुने गए युवा एसवाईपी में राज्य स्तर पर भाग लेते हैं।
3. **राष्ट्रीय युवा संसद (एनवाईपी) -** राज्य युवा संसद से जूरी द्वारा चुने गए युवा नई दिल्ली में एनवाईपी में राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेते हैं।

## बीकानेर में 'ऊंट उत्पाद प्रसंस्करण उपयोग और प्रशिक्षण विंग'

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने 5 मार्च, 2023 को आईसीएआर केंद्र, बीकानेर में 'ऊंट उत्पाद प्रसंस्करण उपयोग और प्रशिक्षण विंग' का उद्घाटन किया।

- आईसीएआर - बीकानेर कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तहत एक प्रमुख अनुसंधान केंद्र और एक स्वायत्त संगठन है।
- भारत सरकार ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के तत्वावधान में 5 जुलाई 1984 को बीकानेर में ऊंट पर एक परियोजना निदेशालय की स्थापना की।
- 20 सितंबर, 1995 को ऊंट पर राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र (NRCC) में अपग्रेड किया गया।
- ऊँट उत्पाद प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार अवसरों का पता लगाने के लिए उत्पाद प्रसंस्करण उपयोगिता और प्रशिक्षण विंग का उद्घाटन किया गया है।

## 5 वां आसियान-भारत व्यापार शिखर सम्मेलन 2023

आसियान-भारत सहयोग के माध्यम से व्यापार संबंधों, कनेक्टिविटी और आपूर्ति शृंखला को बढ़ाने के उद्देश्य से 5वां आसियान-भारत व्यापार शिखर सम्मेलन 6 मार्च, 2023 को कुआलालंपुर में आयोजित किया गया।

- यह शिखर सम्मेलन कुआलालंपुर में भारत और 10 सदस्यीय ब्लॉक के बीच आसियान-भारत मित्रता वर्ष के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया है।

**ASEAN:** यह दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संघ का एक समूह है, जिसे 1967 में बैंकॉक घोषणा पर हस्ताक्षर करने के साथ स्थापित किया गया था। यह अंतर-सरकारी सहयोग को बढ़ावा देता है और एशिया में अपने सदस्यों और अन्य देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, सुरक्षा, सैन्य, शैक्षिक और सामाजिक-सांस्कृतिक एकीकरण की सुविधा प्रदान करता है।

**संस्थापक सदस्य:** इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड।

- वर्तमान में आसियान में इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, लाओस, म्यांमार, कंबोडिया और वियतनाम जैसे 10 सदस्य देश शामिल हैं।

## बीएसएफ भर्ती में पूर्व-अग्निवीरों के लिए 10 फीसदी आरक्षण

केंद्र सरकार ने 6 मार्च, 2023 को एक अधिसूचना जारी करते हुए पूर्व-अग्निवीरों के लिए बीएसएफ भर्ती में 10% आरक्षण की घोषणा की है।

- अधिसूचना के अनुसार, कॉन्स्टेबल के पद के लिए पूर्व अग्निवीरों के पहले बैच के उम्मीदवारों को आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।
- पूर्व अग्निवीरों के बाद के सभी बैचों को उम्र में 3 वर्ष की छूट मिलेगी।

**अग्निपथ योजना:** यह योजना सशस्त्र बलों की तीन सेवाओं में कमीशन अधिकारियों के पद से नीचे के सैनिकों की भर्ती के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक नई योजना है। 14 जून, 2022 को सेना, नौसेना और वायु सेना में साढ़े 17 से 21 वर्ष की आयु के युवाओं की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत सेना में शामिल होने वाले जवानों को 'अग्निवीर' के नाम से जाना जाएगा।

## हुबली में विश्व के सबसे लंबे रेलवे प्लेटफॉर्म का उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मार्च, 2023 को कर्नाटक के धारवाड़ जिले में विश्व के सबसे लंबे रेलवे प्लेटफॉर्म और देश के पहले हरित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) का उद्घाटन किया।

- यह विश्व का सबसे लंबा प्लेटफॉर्म होगा, जो श्री सिद्धारूढ़ स्वामीजी हुबली स्टेशन पर बनाया गया है।
- हुबली में सिद्धरूढ़ स्वामीजी रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्लेटफॉर्म 1,507 मीटर लंबा है। पहले प्लेटफॉर्म की लंबाई 550 मीटर थी।
- 1507 मीटर लंबे प्लेटफॉर्म को लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।
- इस प्लेटफॉर्म का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्र्स में भी शामिल किया गया है।
- हुबली रेलवे स्टेशन कर्नाटक के दूसरे सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों में शामिल है।
- ये स्टेशन मुख्यता: हुबली से बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और गोवा को जोड़ता है।
- हुबली से पहले उतर प्रदेश का गोरखपुर विश्व का सबसे लम्बा प्लेटफार्म था। इसकी लम्बाई 1366 मीटर है।
- देश के पहले इको-फ्रेंडली, ग्रीन आईआईटी धारवाड़ शहर में 852 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।

## इरेडा द्वारा साइक्लोथॉन का आयोजन

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) की स्थापना के 36 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 12 मार्च, 2023 को 36 किमी लंबी साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया।

- इस कार्यक्रम का आयोजन भारत में नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षेत्र के वित्तपोषण के माध्यम से एक मातृ संगठन के रूप में किया गया।
- यह आयोजन बड़े पैमाने पर समाज में स्वच्छ ऊर्जा के महत्व को प्रचारित करने की दिशा में किया गया एक प्रयास है।
- यह आयोजन मानव स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति इरेडा की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

**भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा):** यह भारत सरकार के 'नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय' के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्यरत एक मिनीरत्न (श्रेणी 1) प्रकार की कंपनी है।

- इसका कार्य नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से संबंधित परियोजनाओं को प्रोत्साहित करना तथा इनके विकास हेतु इन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करना है।
- इसे वर्ष 1987 में 'गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्था' के रूप में एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी के तौर पर गठित किया गया था।

## 'मानकों के माध्यम से विज्ञान सीखना' पहल

भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) ने 14 मार्च, 2023 को मानकों के माध्यम से विज्ञान सीखने के लिए छात्रों के लिए एक अनूठी पहल, 'मानकों के माध्यम से विज्ञान सीखना' (लर्निंग साइंस वाया स्टैंडर्ड्स) शुरू करने की घोषणा की है।

- यह पहल वैज्ञानिक अवधारणाओं, सिद्धांतों और नियमों का उपयोग करने के उद्देश्य से पाठ योजनाओं की एक शृंखला पर केंद्रित है।
- यह छात्रों से संबंधित भारतीय मानकों में बताए गए विभिन्न उत्पादों की गुणवत्ता विशेषताओं के निर्माण, कार्य और परीक्षण में उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों को समझने में मदद करती है।
- पाठ्यक्रम साथ-साथ औद्योगिक अनुप्रयोगों के हिस्से के रूप में शिक्षा के लिए उनकी प्रासंगिकता के आधार पर चुने गए हैं।
- 'लर्निंग साइंस वाया स्टैंडर्ड्स' शृंखला पहले से ही बीआईएस के साथ निरंतरता में है, जिसके तहत देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में 'मानक क्लब' स्थापित किए जा रहे हैं।

**भारतीय मानक ब्यूरो:** यह उपभोक्ता मामलों के विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के तहत भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है। इसकी स्थापना 23 दिसंबर, 1986 को किया गया एवं इसका मुख्यालय दिल्ली में है।

## वन रैंक वन पेंशन नीति के तहत बकाया राशि वापस लेने का निर्देश

13 मार्च, 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने रक्षा मंत्रालय को वन रैंक वन पेंशन (OROP) नीति के तहत पेंशन के बकाया राशि को किश्तों में भुगतान करने की अधिसूचना को वापस लेने के लिए कहा।

- सुप्रीम कोर्ट ने 9 जनवरी को वन रैंक वन पेंशन का कुल बकाया चुकाने के लिए केंद्र को 15 मार्च तक का समय दिया था।
- 20 जनवरी को रक्षा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बकाया भुगतान चार किश्तों में किया जाएगा।
- इसके बाद भारतीय पूर्व सैनिक आंदोलन (IESM) ने एक याचिका लगाई, जिसमें रक्षा मंत्रालय के नोटिफिकेशन को रद्द करने की मांग की गई थी।
- सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि OROP योजना के तहत 1.6 मिलियन सैन्य पेंशनभोगियों को सभी बकाये का एक बार में भुगतान करना देश के व्यापक हित में नहीं है।

**वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी):** यह सशस्त्र बलों के कर्मियों को समान रैंक और समान अवधि की सेवा के लिए समान पेंशन का भुगतान है, भले ही उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि कुछ भी हो।

## 'आधारभूत पशुपालन सांख्यिकी 2022' जारी

केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, पुरुषोत्तम रूपाला ने 15 मार्च, 2023 को पशुपालन और मत्स्यपालन विभाग का वार्षिक प्रकाशन 'आधारभूत पशुपालन सांख्यिकी 2022' जारी किया।

- यह प्रकाशन महत्वपूर्ण पशुधन आंकड़ों जैसे पशुधन आबादी, पशुधन उत्पादन, पशु रोग, अवसंरचना आदि के बारे में जानकारी प्रदान करता है।
- यह वर्ष 2021-22 के लिए चार प्रमुख पशुधन उत्पादों (एमएलपी) दूध, अंडा, मांस और ऊन के उत्पादन अनुमानों और आंकड़ों का प्राथमिक स्रोत है।

**महत्वपूर्ण आंकड़े**

**वर्ष 2021-22 के दौरान देश में दूध उत्पादन**

- वर्ष 2021-22 के दौरान देश में दूध का कुल उत्पादन 221.06 मिलियन टन रहा।

- वर्ष 2021-22 के दौरान दूध उत्पादन में 5.29% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई।
- वर्ष 2021-22 के दौरान दूध की प्रति व्यक्ति उपलब्धता 444 ग्राम/दिन रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17 ग्राम/दिन ज्यादा है।

**वर्ष 2021-22 के दौरान देश में अंडे का उत्पादन -**

- वर्ष 2021-22 के दौरान देश में कुल अंडे का उत्पादन 129.60 बिलियन रहा, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 6.19% की बढ़ोत्तरी हुई।
- वर्ष 2021-22 के दौरान अंडे की प्रति व्यक्ति उपलब्धता 95/वर्ष रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5/वर्ष ज्यादा है।

**अन्य आंकड़े**

- वर्ष 2021-22 के दौरान देश में कुल मांस उत्पादन 9.29 मिलियन टन रहा, जिसमें 5.62% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई।
- वर्ष 2021-22 के दौरान देश में कुल ऊन का उत्पादन 33.13 हजार टन रहा, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 10.30% की गिरावट दर्ज की गई।
- वर्ष 2014-15 और वर्ष 2020-21 के दौरान, इस क्षेत्र का मूल्य वर्धन 7.93% की चक्रवृद्धि वार्षिक विकास दर से हुआ।
- वर्ष 2020-21 के दौरान कृषि क्षेत्र में स्थिर कीमतों पर पशुधन का हिस्सा 30.13% और कुल जीवीए 4.9% रहा।

**शीर्ष पांच प्रमुख दूध उत्पादक राज्य**

1. राजस्थान (15.05%)
2. उत्तर प्रदेश (14.93%)
3. मध्य प्रदेश (8.06%)
4. गुजरात (7.56%)
5. आंध्र प्रदेश (6.97%)

**शीर्ष पांच प्रमुख अंडा उत्पादक राज्य**

1. आंध्र प्रदेश (20.41%)
2. तमिलनाडु (16.08%)
3. तेलंगाना (12.86%),
4. पश्चिम बंगाल (8.84%)
5. कर्नाटक (6.38%)

**शीर्ष पांच प्रमुख ऊन उत्पादक राज्य**

1. राजस्थान (45.91%)
2. जम्मू और कश्मीर (23.19%)
3. गुजरात (6.12%)
4. महाराष्ट्र (4.78%)
5. हिमाचल प्रदेश (4.33%)

**शीर्ष पांच प्रमुख मांस उत्पादक राज्य**

1. महाराष्ट्र (12.25%),
2. उत्तर प्रदेश (12.14%),
3. पश्चिम बंगाल (11.63%)
4. आंध्र प्रदेश (11.04%),
5. तेलंगाना (10.82%)

## बेंगलुरू में "एग्री यूनिपफेस्ट"

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बेंगलुरू में 15 मार्च, 2023 को पांच दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'एग्री यूनिफेस्ट' का शुभारंभ किया।

- यह कार्यक्रम कृषि विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के सहयोग से आयोजित किया गया।
- इसमें 60 कृषि विश्वविद्यालयों, डीम्ड विश्वविद्यालयों और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के 2500 से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थी शामिल हुए।
- आईसीएआर द्वारा 1999-2000 के दौरान अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालय युवा महोत्सव की संकल्पना की शुरूआत की गई थी।

**भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR):** ICAR कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्तशासी संस्था है। इसकी स्थापना 16 जुलाई, 1929 को इंपीरियल काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च नाम से हुई थी।

## 7 राज्यों में मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 7 राज्यों- तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित किए जाने की घोषणा की है। इन पार्कों को 2027-28 तक पूरा किये जाने की योजना है।

- पीएम मित्र पार्क का उद्देश्य कपड़ा निर्माण और निर्यात के लिए भारत को एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है।
- प्रस्तावित पार्कों से कपड़ा उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता (Competitiveness) को बढ़ाने की उम्मीद है।
- इस योजना के जरिए पार्कों के माध्यम से 70,000 करोड़ रुपये का निवेश और 20 लाख रोजगार सृजन की परिकल्पना की गई है।
- टेक्सटाइल पार्क बनने से करीब तीन लाख लोगों को रोजगार मिलेगा और करीब 70 हजार करोड़ रुपये का निवेश आएगा।

**राज्य के इन स्थानों पर मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना-**

| राज्य | स्थान |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| महाराष्ट्र | अमरावती |
| तेलंगाना | वारंगल |
| तमिलनाडु | विरधुनगर |
| कर्नाटक | कलबुर्गी |
| मध्य प्रदेश | धार |
| गुजरात | नवसारी |

## भारत की पहली व्यवहार प्रयोगशाला जयपुर में

राजस्थान सरकार ने 12 मार्च, 2023 को जयपुर में भारत की पहली व्यवहार प्रयोगशाला की स्थापना को मंजूरी दी है; जिसके लिए 1.22 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।

- यह प्रयोगशाला हरीश चंद्र माथुर राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, जयपुर में स्थापित किया जाएगा।
- इस प्रयोगशाला के माध्यम से विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में प्रायोगिक अध्ययन के क्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।
- आईआईएम उदयपुर लगभग 2,665.04 वर्ग फुट क्षेत्र में स्थापित होने वाली लैब का प्रबंधन और संचालन करेगा।

- आईआईएम के फैकल्टी एप्लाइड मेथड्स पर ट्रेनिंग देंगे और यहां पीएचडी लेवल सर्टिफिकेट कोर्स चलाए जाएंगे।

## सागर परिक्रमा चरण–IV कर्नाटक में आयोजित

मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा सागर परिक्रमा का चौथा चरण 18-19 मार्च, 2023 को कर्नाटक के तीन तटीय जिलों - उत्तर कन्नड़, उडुपी और दक्षिण कन्नड़ में आयोजित किया गया।

- इस परिक्रमा का उद्देश्य मछुआरों और अन्य हितधारकों के मुद्दों को हल करना और पीएमएमएसवाई जैसे विभिन्न मत्स्य योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से उनके आर्थिक उत्थान की सुविधा प्रदान करना है।
- सागर परिक्रमा का प्रथम चरण 5 मार्च, 2022 को गुजरात के मांडवी, ओखा-द्वारका में संपन्न हुआ।
- सागर परिक्रमा का दूसरा चरण 23-25 सितंबर, 2022 को गुजरात के सात स्थानों पर आयोजित किया गया था।
- सागर परिक्रमा का तीसरा चरण 18-21 फरवरी, 2023 को गुजरात और महाराष्ट्र के तटीय जिलों में आयोजित किया गया था।

**सागर परिक्रमा:** यह सभी मछुआरों, मत्स्य किसानों और संबंधित हितधारकों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए समुद्री मार्ग के माध्यम से सभी तटीय राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में आयोजित की जाने वाली एक समुद्री विकासवादी यात्रा है।

## भुबनेश्वर में डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने 22 मार्च, 2023 को भुबनेश्वर में "ग्रीनफील्ड डाटा सेंटर" और 'एंटरप्राइज कंप्यूटिंग एंड साइबर सिक्योरिटी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट' की स्थापना के लिए आधारशिला रखी।

- नया डेटा सेंटर और प्रशिक्षण संस्थान, जो 18.55 एकड़ क्षेत्र को कवर करेगा, आरबीआई और वित्तीय क्षेत्र की उभरती हुई जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा।
- प्रौद्योगिकी और साइबर सुरक्षा में अनुसंधान और क्षमता निर्माण के लिए नवीनतम सुविधाओं से आरबीआई के कंप्यूटिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की महत्वता पर जोर दिया।

## एशिया का सबसे बड़ा लिक्विड मिरर टेलीस्कोप देवस्थल में

एशिया का सबसे बड़ा 4-मीटर का इंटरनेशनल लिक्विड मिरर टेलीस्कोप (ILMT) 21 मार्च, 2023 को उत्तराखंड में राज्यपाल रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह द्वारा उद्घाटन किया गया है। यह टेलीस्कोप नैनीताल जिले में देवस्थल स्थित वेधशाला परिसर में 2,450 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है।

- यह वर्तमान में देश में उपलब्ध सबसे बड़ा एपर्चर टेलीस्कोप है; साथ ही यह भारत में पहला ऑप्टिकल सर्वेक्षण टेलीस्कोप भी है।
- आईएलएमटी पहला ऐसा तरल दर्पण टेलीस्कोप है, जिसे विशेष रूप से खगोलीय अवलोकन के लिये डिजाइन किया गया है।
- इससे सुपरनोवा, गुरुत्वाकर्षण लेंस, अंतरिक्ष मलबे और क्षुद्रग्रहों जैसी क्षणिक या परिवर्तनीय आकाशीय वस्तुओं का पता लगाने में सहायता मिलती है।
- यह टेलीस्कोप भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत स्वायत्त संस्थान, एआरईईएस द्वारा स्थापित किया गया है।
- इस टेलिस्कोप को एडवांस्ड मैकेनिकल एंड ऑप्टिकल सिस्टम्स कॉर्पोरेशन और बेल्जियम के सेंटर स्पैटियल डी लीज द्वारा डिजाइन और निर्मित किया गया था।

## अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ के नए क्षेत्रीय कार्यालय और नवाचार केंद्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 मार्च, 2023 को नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU) के नए क्षेत्रीय कार्यालय और नवाचार केंद्र का उद्घाटन किया। भारत 6-जी (Bharat 6G) विजन डॉक्यूमेंट (दृष्टिपत्र) का अनावरण और 6-जी अनुसंधान और विकास केंद्र का भी शुभारंभ किया गया।

- इसका लक्ष्य राष्ट्रों के बीच समन्वय में सुधार करना और क्षेत्र में पारस्परिक रूप से लाभप्रद आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है।
- यह कार्यालय भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, अफगानिस्तान और ईरान की जरूरतों को पूरा करेगा। क्षेत्रीय कार्यालय पूरी तरह से भारत द्वारा वित्त पोषित है।
- भारत ने मार्च 2022 में आईटीयू के साथ एक क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

**भारत 6G विजन डॉक्यूमेंट:** यह देश में नवाचार, क्षमता निर्माण और तेजी से प्रोद्योगिकी अपनाने के लिए एक अनुकूल माहौल प्रदान करेगा। भारत 6G विजन डॉक्यूमेंट, 6G पर टेक्नोलॉजी इनोवेशन ग्रुप (TIG-6G) द्वारा तैयार किया गया है। 6G टेस्ट बेड देश संस्थानों, उद्योगों, स्टार्ट-अप्स आदि को उभरती ICT प्रोद्योगिकी का परीक्षण और टेस्ट करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

**अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU):** यह सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है, इसका मुख्यालय जिनेवा (स्विट्जरलैंड) में है। इसकी स्थापना 1865 में की गई थी।

## ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में आयुर्वेद को एकीकृत करने के लिए समझौता

आयुष मंत्रालय और पूर्व सैनिक कल्याण विभाग/ईसीएचएस, रक्षा मंत्रालय ने 24 मार्च, को 5 वर्ष की अवधि के लिए ओपीडी सेवा के रूप में ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में आयुर्वेद को एकीकृत करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- आयुष मंत्रालय और पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए एक संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) बनाने पर सहमत हुए हैं।

- ये अंबाला, मैसूर, रांची, नागपुर, भोपाल, भुबनेश्वर, चेन्नई, मेरठ, दानापुर और एलेप्पी (अलप्पुझा) में स्थित 10 पॉलीक्लिनिक में स्थापित किए जाएंगे।
- 37 छावनी अस्पतालें, एएफएमसी के 12 सैन्य अस्पतालें और एएच आर एंड आर में आयुर्वेद केंद्र पहले से मौजूद हैं।
- भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग, रक्षा मंत्रालय संबंधित पॉलीक्लिनिक में उपयुक्त स्थान पर आवश्यक बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा।

### वाराणसी में 'वन वर्ल्ड टीबी समिट'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 मार्च, 2023 को वाराणसी में 'वन वर्ल्ड टीबी समिट' को संबोधित किया।

विश्व तपेदिक दिवस पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और स्टॉप टीबी पार्टनरशिप द्वारा वन वर्ल्ड टीबी समिट का आयोजन किया गया।

- विश्व क्षय रोग दिवस को चिह्नित करने के लिए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और स्टॉप टीबी पार्टनरशिप शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- 30 से अधिक देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।
- केंद्र सरकार देश की प्रत्येक ग्राम पंचायत को 2025 तक इस बीमारी से पूरी तरह छुटकारा दिलाने के लिए 'टीबी मुक्त पंचायत' अभियान चलाने जा रही है।
- आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री ने टीबी-मुक्त पंचायत पहल सहित विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया।
- प्रधानमंत्री ने टीबी के लिए परिवार केंद्रित देखभाल मॉडल और भारत की वार्षिक टीबी रिपोर्ट 2023 जारी की।
- भारत ने वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है, जो 2030 के वैश्विक लक्ष्य से 5 वर्ष आगे है।

## कला एवं संस्कृति

### साझा बौद्ध विरासत पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

संस्कृति मंत्रालय द्वारा साझा बौद्ध विरासत पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 14 मार्च, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

- सम्मेलन में शंघाई सहयोग संगठन (SCO) राष्ट्रों के साथ भारत के सभ्यतागत जुड़ाव पर ध्यान केंद्रित किया गया।
- सम्मेलन का उद्देश्य शंघाई सहयोग संगठन के देशों के बीच बौद्ध कला, संस्कृति और पुरातात्विक धरोहर के बीच समानताओं की खोज करना है।

**शंघाई सहयोग संगठन (SCO ):** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) एक अंतर सरकारी संगठन है, जिसमें आठ सदस्य देश चीन, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान, चार पर्यवेक्षक देश और छः "संवाद भागीदार" देश शामिल हैं। इसे वर्ष 2001 में बनाया गया था।

### योग महोत्सव 2023

योग को बढ़ावा देने के लिए नई दिल्ली में 13 से 15 मार्च, तक तीन दिवसीय योग महोत्सव-2023 का आयोजन किया गया।

- योग महोत्सव 2023, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 के 9वें संस्करण की 100 दिनों की उलटी गिनती मनाने का एक कार्यक्रम है।
- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस वैश्विक जन संपर्क के साथ, ग्राम पंचायत/ग्राम सभाओं की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से योग को भारत के प्रत्येक गांव तक ले जाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- इस वर्ष योग के विभिन्न आयामों और इसके उपयोगिता और विश्व भर में स्वास्थ्य और कल्याण तथा शांति को बढ़ावा देने के लिए एक जन आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए योग महोत्सव-2023 का आयोजन किया गया है।

### नई दिल्ली में 'वैदिक हेरिटेज पोर्टल' का अनावरण

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 23 मार्च, 2023 को नई दिल्ली में 'वैदिक हेरिटेज पोर्टल' का अनावरण किया गया। साथ ही 64 कलाओं पर आधारित वर्चुअल म्यूजियम "कला वैभव" का भी लोकार्पण किया गया।

- इस पोर्टल का उद्देश्य शोधकर्ताओं को वैदिक ज्ञान परंपराओं को समझने में सहयोग करना और जनसाधारण को प्राचीन ग्रंथों की सामान्य जानकारी देना है।
- इससे युवा पीढ़ी वेदों व उपनिषदों के ज्ञान व परंपरा को आगे बढ़ा सकेगी।
- इसे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र ने विकसित किया है। इसमें वेद की अधिकतम जानकारी दी जाएगी।

### BSF के बाद अग्निवीरों को CISF में भी 10 फीसदी आरक्षण

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने 16 मार्च, 2023 को घोषणा की कि अग्निवीरों को CISF (Central Industrial Security Force) की भर्ती में 10% आरक्षण दिया जाएगा। अधिसूचना के अनुसार सीआईएसएफ एक्ट 1968 के नियमों में संशोधन किया गया है।

- अग्निवीरों के पहले बैच को आयु सीमा में पांच साल तक की छूट मिलेगी। वहीं, इसके बाद के बैच को आयु सीमा में तीन साल तक की छूट मिलेगी।
- गृह मंत्रालय इससे पहले 75 फीसदी अग्निवीरों के लिए केंद्र अर्धसैनिक बलों और असम राइफल्स की नौकरियों में 10 फीसदी आरक्षण की घोषणा कर चुकी है।
- भारत सरकार ने हाल ही में अग्निवीर के तौर पर सेवाएं देने वाले युवाओं को ठैथ में 10% आरक्षण देने की घोषणा की थी।
- अधिकारी रैंक से नीचे के कर्मियों के लिए अग्निपथ योजना शुरू की गई है, जो कि कमीशन अधिकारी के रूप में बलों में शामिल नहीं होते हैं।
- 2022 में 14 जून को केंद्र सरकार ने अग्निपथ स्कीम की घोषणा की थी। इसके तहत 17.5 वर्ष से 21 वर्ष की आयु के उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र होंगे। ■

# आर्थिकी



## अमेजन पे (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड पर जुर्माना

भारतीय रिजर्व बैंक ने 3 मार्च, 2023 को अमेजन पे (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड पर **3.06 करोड़** रुपये का जुर्माना लगाया है।

- यह जुर्माना प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स (PPI) और अपने ग्राहक को जानो (know your costumer-KYC) से संबंधित कुछ प्रावधानों का पालन नहीं करने पर लगाया गया।
- भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 की धारा 30 के तहत आरबीआई में निहित शक्तियों के प्रयोग में यह जुर्माना लगाया गया है।
- अमेजन पे (इंडिया) केवाईसी आवश्यकताओं पर आरबीआई द्वारा जारी निर्देशों का पालन नहीं कर रही थी।

**अमेजन पे (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड:** यह यूएस-आधारित अमेजन के स्वामित्व वाली ऑनलाइन भुगतान सेवा है, जिसमें कस्टमर पैसे लोड कर उसके जरिए शोपिंग कर सकते हैं।

**भारतीय रिजर्व बैंक:** यह भारत के सभी बैंकों का संचालक है। रिजर्व बैक भारत की अर्थव्यवस्था को नियन्त्रित करता है। इसकी स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया ऐक्ट 1934 के अनुसार हुई थी।

## भारत को 1 बिलियन डॉलर का ऋण देगा विश्व बैंक

3 मार्च, 2023 को विश्व बैंक ने महामारी की तैयारी और बेहतर स्वास्थ्य सेवा वितरण के लिए भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 1 अरब डॉलर के कार्यक्रम पर हस्ताक्षर किए।

- इस वित्तपोषण के जरिए, विश्व बैंक भारत के प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (PM-ABHIM) का समर्थन करेगा।
- ऋण प्रदान करने का उद्देश्य भविष्य की महामारियों के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए भारत की तैयारी में मदद करना है।
- राष्ट्रीय स्तर के हस्तक्षेपों के अलावा, ऋण की एक किश्त **सात राज्यों- आंध्र प्रदेश, केरल, मेघालय, ओडिशा, पंजाब, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश** में स्वास्थ्य सेवा वितरण को प्राथमिकता देने पर खर्च की जाएगी।
- 500 मिलियन डॉलर का सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली महामारी तैयारी कार्यक्रम (PHSPP) के सरकार के प्रयासों का समर्थन करेगा।
- 500 मिलियन डॉलर का एक और संवर्धित स्वास्थ्य सेवा वितरण कार्यक्रम (EHSDP) के सरकार के प्रयासों का समर्थन करेगा।
- अंतरराष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक (IBRD) से PHSPP और EHSDP, दोनों ऋणों की अंतिम परिपक्वता अवधि 18.5 वर्ष है, जिसमें पाँच वर्ष की छूट अवधि भी शामिल है।
- विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, भारत की जीवन प्रत्याशा 1990 में 58 से बढ़कर 2020 में 69.8 हो गई है। यह देश के आय स्तर के औसत से अधिक है।

## आरबीआई द्वारा मिशन 'हर पेमेंट डिजिटल' आरंभ

भारतीय रिजर्व बैंक ने 6 मार्च 2023 को डिजिटल भुगतान जागरुकता सप्ताह (डीपीएडब्ल्यू) 2023 के अवसर पर 'हर पेमेंट डिजिटल' अभियान का शुभारंभ किया।

- यह भारत में प्रत्येक व्यक्ति को डिजिटल भुगतान का उपयोगकर्ता बनाने के भारतीय रिजर्व बैंक के प्रयास का हिस्सा है।
- डिजिटल भुगतान जागरुकता सप्ताह (डीपीएडब्ल्यू) 6 से 12 मार्च, 2023 तक मनाया गया।
- अभियान का विषय "डिजिटल पेमेंट अपनाओ, औरों को भी सिखाओ" (Adopt digital payments and Also teach others) है।
- डिजिटल भुगतान, गति, सुविधा, सुरक्षा और बचाव के लाभ प्रदान करते हैं।
- रिजर्व बैंक आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में '75 डिजिटल गांव' कार्यक्रम भी शुरू करेगा।
- 75 डिजिटल गांव कार्यक्रम के अंतर्गत भुगतान प्रणाली ऑपरेटर्स (पीएसओ) देश भर में 75 गांवों को अपनाएंगे और उन्हें डिजिटल भुगतान के लिए सक्षम गांवों में परिवर्तित करेंगे।

**डिजिटल भुगतान:** डिजिटल भुगतान एक लेनदेन है, जो एक डिजिटल या ऑनलाइन चैनल के माध्यम से होता है। डिजिटल भुगतान में पैसे का कोई भौतिक आदान-प्रदान नहीं होता है।

**भारतीय रिजर्व बैंक:** RBI की स्थापना भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के अनुसार 1 अप्रैल, 1935 को हुई। रिजर्व बैंक का केंद्रीय कार्यालय प्रारंभ में कोलकाता में स्थापित किया गया था जिसे 1937 में मुंबई स्थानांतरित किया गया।

## भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी को आईएफसी का दर्जा

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 12 मार्च, 2023 को भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (IREDA) को 'इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी' (IFC) का दर्जा दिया। इसे पहले 'निवेश और क्रेडिट कंपनी (आईसीसी)' के रूप में वर्गीकृत किया गया था।

- इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (आईएफसी) का दर्जा मिलने के बाद भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (आईआरईडीए) अब आरई वित्तपोषण (RE Financing) के लिए उच्च जोखिम ले सकता है।

- आईएफसी का दर्जा कंपनी को फंड जुटाने के लिए एक व्यापक निवेशक आधार तक पहुंचने में मदद करेगा।
- IREDA को आईएफसी के रूप में मान्यता मिलने से निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा, ब्रांड वैल्यू बढ़ेगी और बाजार में सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा होगा।
- IFC का दर्जा मिलना IREDA के 36 वर्षों के बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण और नवीकरणीय ऊर्जा के केंद्रित विकास की मान्यता है।
- IFC स्टेटस के साथ, IREDA 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन की 500 गीगावाट स्थापित क्षमता के सरकार के लक्ष्य के लिए योगदान देता रहेगा।

**भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (IREDA):** 1987 से 'हमेशा के लिए ऊर्जा' आदर्श वाक्य के साथ ऊर्जा के नए और नवीकरणीय स्रोतों का प्रचार, विकास और वित्तपोषण कर रहा है। आईआरईडीए सभी आरई प्रौद्योगिकियों और मूल्य शृंखलाओं जैसे कि सौर, पवन, जलविद्युत, जैव-ऊर्जा, अपशिष्ट से ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, ई-गतिशीलता, बैटरी भंडारण, जैव ईंधन और नई और उभरती प्रौद्योगिकियों को वित्तपोषित करता है।

## कोटक महिंद्रा AMC ने सिल्वर ETF फंड ऑफ फंड लॉन्च किया

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने 13 मार्च, 2023 को कोटक सिल्वर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ETF) फंड ऑफ फंड लॉन्च करने की घोषणा की।

- यह एक ओपन एंडेड फंड ऑफ फंड स्कीम है, जो कोटक सिल्वर ETF की यूनिट्स में निवेश करती है।
- यह योजना विविधीकरण, आसान तरलता और शून्य भंडारण लागत की पेशकश करती है।

## भारत की खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी 2023 में घटकर 6.44% हो गई

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 13 मार्च, 2023 को प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी 2023 में 6.52 प्रतिशत से घटकर 6.44 प्रतिशत हो गई। इसका मुख्य कारण खाद्य और ईंधन की कीमतों में मामूली कमी है।

- जनवरी में सीपीआई 6.52 प्रतिशत थी, जबकि दिसंबर 2022 में यह 5.72 प्रतिशत थी। नवंबर में यह 5.88 प्रतिशत और अक्टूबर 2022 में 5.59 प्रतिशत थी।
- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि पिछले महीने घटकर 5.95 प्रतिशत रह गई, जो जनवरी में 6 प्रतिशत थी।
- खाद्य मुद्रास्फीति जनवरी के छः प्रतिशत की तुलना में 5.9 प्रतिशत पर आ गई। जनवरी की मुद्रास्फीति मोटे अनाज आधारित थी।
- प्याज और आलू की कीमतों में गिरावट आई है। अनाज की कीमतों में 16.73 प्रतिशत और दूध की कीमतों में 9.65 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- फरवरी में ग्रामीण मुद्रास्फीति 6.72 प्रतिशत थी, जबकि शहरी मुद्रास्फीति 6.10 प्रतिशत थी।

**उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI):** घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा खरीदे गये सामानों एवं सेवाओं (goods and services) के औसत मूल्य को मापने वाला एक सूचकांक है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की गणना वस्तुओं एवं सेवाओं के एक मानक समूह के औसत मूल्य की गणना करके की जाती है।

### केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4% की बढ़ोतरी

केंद्र सरकार ने 24 मार्च, 2023 को केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता (DA) में 4% की बढ़ोतरी करते हुए इसे 42 फीसदी कर दिया है। इसके लिए सरकार DA बढ़ोतरी पर 12,815 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

इस बढ़ोतरी के बाद केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 38 फीसदी से बढ़कर 42 फीसदी पर पहुंच जाएगा। केंद्र सरकार ने 1 जनवरी, 2023 से लागू कर दिया।

- केंद्र सरकार के इस फैसले का लाभ 47 लाख केंद्रीय कर्मचारियों के साथ-साथ 69 लाख पेंशनभोगियों को भी मिलेगा।
- महंगाई भत्ते (DA) के साथ-साथ डियरनेस रिलीफ (DR) का लाभ केंद्रीय पेंशनभोगियों को मिलेगा।
- प्रतिवर्ष दो बार केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को रिवाइज किया जाता है।
- केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते की बढ़ोतरी की गणना श्रम ब्यूरो की ओर से जारी किए गए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI-IW) के आधार पर की जाती है।

## भारत और तंजानिया को राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग को मंजूरी

भारत और तंजानिया को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मंजूरी मिली है कि वे द्विपक्षीय व्यापार निपटान में अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं का उपयोग कर सकते हैं।

इस द्विपक्षीय व्यापार मेकेनिज्म के लाभों पर चर्चा करने के लिए, भारत के उच्चायुक्त तंजानिया में 24 मार्च, 2023 को स्टेकहोल्डर्स परामर्श बैठक का आयोजन किया।

- राष्ट्रीय मुद्राओं का उपयोग करने की अनुमति मिलने से लेनदेन लागत कम होगी और द्विपक्षीय व्यापार की प्रभावकारिता में सुधार होगा।
- यह पहल RBI की पार-सीमा लेनदेन में घरेलू मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने का लक्ष्य है, विशेष रूप से अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता को कम करने के लिए।
- भारतीय रुपया और तंजानियाई शिलिंग (Tsh) का उपयोग द्विपक्षीय व्यापार निपटान के लिए अनुमति देना व्यवसाय समुदाय के लिए एक सकारात्मक विकास है।
- भारत में अधिकृत बैंकों को तंजानिया के संवेदक बैंकों के लिए विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (SRVAs) स्थापित करने की अनुमति है। ■

# अंतरराष्ट्रीय

## कोलंबिया द्वारा 25 वर्ष बाद महिलाओं के लिए सैन्य सेवा

कोलंबिया में 25 वर्षों में पहली बार महिलाओं को सेना में शामिल करने की अनुमति दी गई है। फरवरी 2023 में कोलंबिया की सेना में 1,296 महिलाओं को भर्ती किया गया।

- कोलंबिया में लंबे समय से 18 से 24 वर्ष के पुरुषों के लिए अनिवार्य सैन्य सेवा है।
- सेना इन युवाओं को सैन्य अड्डों, बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और प्रशासनिक कार्यों में लगाती है।
- कोलंबिया के पेशेवर सैनिक मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोहों और विद्रोही समूहों का सामना करते हैं।
- कोलंबिया में इस वर्ष समान आयु वर्ग की महिलाओं को स्वेच्छा से सेना में शामिल होने की अनुमति दी है।
- कोलंबियाई सेना में करीब दो लाख सैनिक हैं, जिनमें लगभग एक प्रतिशत महिलाएं हैं।
- कोलम्बिया में हर वर्ष 12 महीने अनिवार्य सैन्य सेवा के लिए लगभग 50 हजार पुरुषों को सशस्त्र बलों में शामिल किया जाता है।

**कोलम्बियाः** कोलंबिया दक्षिणी अमरिका महाद्वीप के उत्तर-पश्चिम में स्थित एक देश है। इसकी राजधानी बोगोटा है। कोलम्बिया के पूर्व में वेनेजुएला और ब्राजील, दक्षिण में इक्वेडोर और पेरू, उत्तर में केरेबियन सागर, उत्तर-पश्चिम में पनामा और पश्चिम में प्रशांत महासागर स्थित है।

क्षेत्रफल के हिसाब से कोलंबिया विश्व का 26वां और दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप का चौथा बड़ा देश है।

## राम चंद्र पौडेल नेपाल के नये राष्ट्रपति नियुक्त

9 मार्च, 2023 को नेपाली कांग्रेस के नेता राम चंद्र पौडेल को नेपाल के नये राष्ट्रपति के रूप में चुना गया है। पौडेल बिद्या देवी भंडारी का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 12 मार्च को समाप्त हो रहा है।

- पौडेल को संसद के 214 सांसदों और 352 प्रांतीय विधानसभा सदस्यों के द्वारा वोट मिले हैं।
- पौडेल 1999 से 2002 तक नेपाल के गृह मंत्री और उप प्रधान मंत्री रह चुके हैं।
- नेपाल में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदाताओं की कुल संख्या 882 है, जिसमें से संसद के 332 सदस्यों के साथ ही साथ 7 प्रांतों की प्रांतीय विधानसभाओं के 550 सदस्य भी शामिल हैं।
- इस चुनाव में नेपाली कांग्रेस के नेता पौडेल को 8 राजनीतिक पार्टियों का समर्थन प्राप्त था।
- वर्ष 2008 में नेपाल के गणतंत्र बनने के बाद से यह तीसरा राष्ट्रपति चुनाव था।

## अफगानिस्तान महिलाओं के लिए विश्व का सबसे दमनकारी देश

संयुक्त राष्ट्र ने 8 मार्च, 2023 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अफगानिस्तान को महिलाओं के लिए विश्व का सबसे दमनकारी देश बताया है।

- संयुक्त राष्ट्र (UN) ने कहा कि तालिबान द्वारा कब्जा किए जाने के बाद अफगानिस्तान कई बुनियादी अधिकारों से वंचित महिलाओं एवं लड़कियों के लिए विश्व का सबसे दमनकारी देश बन गया है।
- संयुक्त राष्ट्र ने अफगानिस्तान के नए शासकों ने ऐसे नियम लागू करने पर जोर दिया है, जिनसे ज्यादातर महिलाएं और लड़कियां अपने घरों में कैद हो गई हैं।
- संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 1.16 करोड़ अफगानी महिलाओं को मानवीय सहायता की जरूरत है।
- अफगानिस्तान में 15 अगस्त, 2021 को तालिबानी सत्ता संभाली थी।

## इंडोनेशिया अपनी राजधानी जकार्ता से बोर्नियो स्थानांतरित कर रहा है

इंडोनेशिया भीड़भाड़, समुद्री जल में डूबने और भूकंप के खतरे जैसे पर्यावरणीय मुद्दों पर अपनी राजधानी जकार्ता से नूसन्तारा स्थानांतरित करने जा रहा है।

- इंडोनेशिया की राजधानी जावा द्वीप से बोर्नियो द्वीप पर स्थानांतरित की जा रही है।
- राजधानी को स्थानांतरित करने के पीछे मुख्य कारण अनियंत्रित भूजल निष्कर्षण है, जो जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ते जावा सागर से बढ़ गया है।
- नया महानगर शहर एक "स्थायी वन शहर" होगा, जो पर्यावरण को विकास के केंद्र में रखता है और 2045 तक कार्बन तटस्थ होगा।
- जकार्ता की जनसंख्या लगभग 10 मिलियन है, जिसे 2050 तक पूरी तरह से जलमग्न होने का अनुमान है।

**इंडोनेशियाः** यह दक्षिण पूर्व एशिया और ओशिनिया में स्थित एक विशाल देश है। यह 17,508 द्वीपों वाले इस देश की जनसंख्या लगभग 27 करोड़ है। यह विश्व का चौथा सबसे अधिक आबादी और विश्व में सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है।

## मलेशिया के पूर्व पीएम मुहीद्दीन यासिन गिरफ्तार

मलेशिया के भ्रष्टाचार-रोधी आयोग ने 9 मार्च, 2023 को भ्रष्टाचार और मनी-लॉन्ड्रिंग के आरोप में पूर्व प्रधान मंत्री मुहीद्दीन यासिन को गिरफ्तार किया है।

- मुहीद्दीन 2020 और 2021 के बीच 17 महीने के लिए मलेशिया के प्रधान मंत्री थे।
- मुहीद्दीन मलेशिया के प्रमुख विपक्षी दल बरसातु के अध्यक्ष हैं।
- नवंबर 2022 के चुनाव में प्रधान मंत्री अनवर इब्राहिम से हारने के बाद उन्हें और उनकी पार्टी को भ्रष्टाचार की जांच का सामना करना पड़ा है।
- मुहीद्दीन गिरफ्तार होने वाले मलेशिया के दूसरे पूर्व प्रधान मंत्री हैं।
- इससे पहले पूर्व पीएम नजीब रज्जाक को भ्रष्टाचार के मामले में अगस्त 2022 में जेल भेज दिया गया था।

**मलेशिया:** यह दक्षिण-पूर्व एशिया में स्थित एक उष्णकटिबंधीय देश है। इसकी राजधानी कुआलालंपुर है। यह दक्षिण चीन सागर से दो भागों में विभाजित है। पश्चिम तट पर मलक्का जलडमरू और पूर्व तट पर मलय सागर है।

## शेख मोहम्मद कतर के नये प्रधानमंत्री नियुक्त

7 मार्च, 2023 को कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी को देश का नया प्रधान मंत्री नियुक्त किया है।

- आमिर द्वारा शेख मोहम्मद को नियुक्त करने का निर्णय पूर्व प्रधानमंत्री शेख खालिद बिन खलीफा बिन अब्दुलअजीज अल थानी का इस्तीफा देने के बाद आया है।
- शेख खालिद को जनवरी 2020 में कतर के प्रधान मंत्री और आंतरिक मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था।

**कतर:** कतर अरब प्रायद्वीप के उत्तर पूर्वी तट पर स्थित एक प्रायद्वीपीय देश है। कतर के दक्षिण में सउदी अरब है, वहीं शेष तीनों ओर फारस की खाड़ी है।

## अमेरिका के सिलिकॉन वैली बैंक (SVB) को बंद कर दिया गया

10 मार्च, 2023 को अमेरिकी नियामक संस्थाओं ने सिलिकॉन वैली बैंक को बंद करने का आदेश दे दिया है। बैंक की 210 अरब डॉलर (1.72 लाख करोड़ रुपये) की संपत्ति को बेचा जाएगा।

- फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (FDIC) को इस बैंक का रिसीवर नियुक्त किया गया है।
- FDIC को बैंक के ग्राहकों का पैसा सुरक्षित रखने की भी जिम्मेदारी दी गई है।
- ये अमेरिका में 2008 के वित्तीय संकट के बाद सबसे बड़ा फेल्योर माना जा रहा है। वहीं, बैंक डूबने का यह दूसरा बड़ा मामला है।
- सिलिकॉन वैली बैंक के बंद होने के पीछे की वजह उसका लगातार घाटा और उसे फंडिंग न मिलना रहा।
- सिलिकॉन वैली बैंक की मूल कंपनी SVB फाइनेंशियल ग्रुप के शेयरों में 9 मार्च को 60% तक की गिरावट आ गई।
- 10 मार्च तक इस बैंक के शेयर में करीब 70% की गिरावट के बाद इसे कारोबार से रोक दिया गया।

**सिलिकॉन वैली बैंक (SVB):** यह अमेरिका का 16वां सबसे बड़ा बैंक है, जिसके पास 210 अरब डॉलर से अधिक का एसेट्स है। अमेरिका के कई शहरों में इसके ब्रांच फैले हैं। बैंक का करीब 44 फीसदी कारोबार टेक और हेल्थकेयर कंपनियों के साथ है।

## सिलिकॉन वैली बैंक के बाद न्यूयॉर्क का सिग्नेचर बैंक भी हुआ बंद

12 मार्च, 2023 को संघीय जमाकर्ता बीमा निगम (FDIC) ने सिग्नेचर बैंक को अपने नियंत्रण में ले लिया है, जिसके पास 2022 के अंत तक 110.36 अरब डॉलर (9.03 लाख करोड़ रुपये) की संपत्ति थी।

- सिलिकॉन वैली बैंक बंद होने के बाद 11 मार्च, 2023 को सिग्नेचर बैंक के शेयरों में काफी गिरावट देखने को मिली थी।
- सिग्नेचर बैंक के पास क्रिप्टोकरेंसी का काफी स्टॉक मौजूद था और इस जोखिम को देखते हुए बैंक को कुछ समय के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।
- अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने अमेरिका के बैंकों पर मंडरा रहे आर्थिक संकट को देखते हुए आपातकालीन बैठक बुलाई।
- 2008 में बैंकिंग फर्म लेहमन ब्रदर्स की वजह से अमेरिका में आर्थिक मंदी आई थी।
- इसके बाद अमेरिका समेत पूरे विश्व भर में आर्थिक मंदी छा गई थी।

**सिग्नेचर बैंक:** ये न्यूयॉर्क, कनेक्टिकट, कैलिफोर्निया, नेवादा और उत्तरी कैरोलिना में ग्राहकों को सेवाएं देता है।

सितंबर 2022 तक इसकी जमा राशि का लगभग एक चौथाई क्रिप्टो करेंसी (Crypto Currency) सेक्टर से आया था।

## उत्तर कोरिया ने पनडुब्बी से दागी जाने वाली मिसाइलों का किया परीक्षण

उत्तर कोरिया ने 12 मार्च, 2023 को अपने पूर्वी तट से एक पनडुब्बी से दो क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया। ये मिसाइल देश में किए जाने वाले हथियारों के परीक्षण की श्रृंखला में सबसे नवीनतम है।

- इन दोनों मिसाइलों का परीक्षण हथियार प्रणाली की विश्वसनीयता की पुष्टि करने और देश की पनडुब्बी इकाइयों के पानी के नीचे-से-सतह आक्रामक अभियानों का आकलन करने के लिए किया गया।
- मिसाइल ने देश के पूर्वी तट से पानी में आकृति-आठ के आकार का पैटर्न बनाया और 1,500 किलोमीटर दूर लक्ष्य को भेदा। मिसाइलों को 8.24 योंगंग जहाज से दागा गया था।
- उत्तर कोरिया ने 2016 के बाद से अपने सभी ज्ञात पनडुब्बी-प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षणों का संचालन किया है।

## भारत और स्वीडन के मध्य अनुसंधान नेटवर्किंग समझौता

13 मार्च, 2023 को भारत और स्वीडन के अनुसंधान संगठनों के बीच सहयोग को मजबूत करने और अनुसंधान नेटवर्किंग को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों के बीच एक सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- इस सहयोग ज्ञापन का उद्देश्य संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और सम्मेलनों के माध्यम से दोनों देशों के बीच अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देना है।

**विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (SERB):** यह एक सांविधिक निकाय है। इसकी स्थापना वर्ष 2009 में विज्ञान और इंजीनियरिंग में बुनियादी अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी।

## इंडोनेशिया के सक्रिय ज्वालामुखी 'माउंट मेरापी' में विस्फोट

इंडोनेशिया के सक्रिय ज्वालामुखी माउंट मेरापी में 12 मार्च, 2023 को विस्फोट हुआ, विस्फोट के बाद निकला धुएं और राख 7 किलोमीटर तक फैल गया। हाल ही के दिनों में यहां बार-बार लावा और गैस के बादल फटे हैं।

- माउंट मेरापी एक सक्रिय ज्वालामुखी है, जो इंडोनेशिया के मध्य जावा और योग्यकार्ता प्रांतों के बीच सीमा पर स्थित है।
- माउंट मेरापी इंडोनेशिया का सबसे सक्रिय ज्वालामुखी है और 1548 के बाद से नियमित रूप से फट जाता है।
- वर्ष 2010 में ज्वालामुखी के विस्फोट होने से 347 से अधिक लोग मारे गए और 20,000 ग्रामीण विस्थापित हुए थे।
- वर्ष 1930 में मेरापी में विस्फोट के बाद लगभग 1,300 लोग मारे गए थे।
- इंडोनेशिया, जिसमें लगभग 130 सक्रिय ज्वालामुखी हैं, प्रशांत "रिंग ऑफ फायर" पर स्थित है, जहां महाद्वीपीय प्लेटों के मिलने से उच्च ज्वालामुखी और भूकंपीय गतिविधि होती है।

**ज्वालामुखी:** ज्वालामुखी एक प्रकार का पहाड़ है, जो पृथ्वी की सतह के नीचे की ओर पिघली हुई चट्टान के एक पूल में जाता है। ज्वालामुखी विस्फोट के दौरान मैग्मा के निर्माण के कारण भूमिगत दबाव बनता है, जो पिघली हुई चट्टान गैस के साथ मिश्रित होती है।

## दोहा में अल्प विकसित देशों पर संयुक्त राष्ट्र के पाँचवें सम्मेलन (LDC5) आयोजित

कतर की राजधानी दोहा में 5 से 9 मार्च, तक अल्प विकसित देशों पर संयुक्त राष्ट्र के पाँचवां सम्मेलन (LDC5) आयोजित किया गया। यूएन महासचिव एंतोनियो गुटेरेश ने अल्प विकसित देशों में स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढाँचे और रोजगार सृजन की स्थिति को खराब बताया।

- यह एक दस वर्षीय (2022-2031) कार्ययोजना है, जिसका उद्देश्य विश्व के 46 अल्प विकसित देशों को सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये वापस ट्रैक पर लाना है।
- इस कार्ययोजना में मुख्य रूप से गरीबी उन्मूलन, जलवायु परिवर्तन, अंतरराष्ट्रीय भागीदारी जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- इसके पूर्ण कार्यान्वयन से इन अल्प विकसित देशों में कोविड-19 महामारी के नकारात्मक सामाजिक-आर्थिक प्रभावों को दूर करने में मदद मिलेगी।

## चक्रवात 'फ्रेडी' से मलावी, मोजाम्बिक और मेडागास्कर में व्यापक क्षति

11 मार्च, 2023 को चक्रवात 'फ्रेडी' से मलावी, मोजाम्बिक और मेडागास्कर में व्यापक क्षति हुई और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं।

- फ्रेडी चक्रवात की फरवरी के शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया से हुई, फिर यह दक्षिणी हिंद महासागर को पार कर अफ्रीकी देश पहुंचा।
- यह अब तक का सबसे लंबा दर्ज किया गया उष्णकटिबंधीय चक्रवात है।
- पूरे दक्षिणी हिंद महासागर को पार करने वाले अंतिम चक्रवात 2000 में 'लियोन-एलाइन' और 'हुडा' था।
- फ्रेडी, जिसे विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने "उल्लेखनीय तूफान" नाम दिया।
- ऑस्ट्रेलियाई मौसम विज्ञान ब्यूरो द्वारा इसका नाम "फ्रेडी" दिया गया है।

## $CO_2$ समुद्र के नीचे स्टोर करने वाला विश्व का पहला देश डेनमार्क

9 मार्च, 2023 को डेनमार्क ने उत्तरी सागर के 1,800 मीटर नीचे कार्बन डाइऑक्साइड को स्टोर करने के लिए एक परियोजना का उद्घाटन किया।

डेनमार्क ने इस परियोजना के तहत उत्तरी सागर के नीचे 1800 मीटर कार्बन डाइऑक्साइड को स्टोर करने की योजना को शुरू की है।

- "ग्रीनसैंड" परियोजना से 2030 तक 8 मिलियन टन $CO_2$ प्रतिवर्ष स्टोर करने की उम्मीद है।
- "ग्रीनसैंड" परियोजना के तहत उत्पादन से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की मात्रा को कम करने में मदद के लिए $CO_2$ को जमीन में जमा किया जाएगा।
- ऐसा करने के लिए दो कंपनियां 'इनिओस' और 'विंटर्सहॉल' मिलकर काम कर रही हैं। ये कंपनियां $CO_2$ को एक संपूर्ण तेल क्षेत्र की साइट पर इंजेक्ट करने पर काम रही हैं।

**प्रोजेक्ट ग्रीनसैंड डेनमार्क:** यह सबसे उन्नत $CO_2$ भंडारण परियोजना है। इसमें 2025 और 2026 में हर साल 1.5 मिलियन टन $CO_2$ और 2030 तक हर साल 8 मिलियन टन $CO_2$ तक स्टोर करने की क्षमता है।

## रामसहाय प्रसाद यादव नेपाल के उपराष्ट्रपति निर्वाचित

रामसहाय प्रसाद यादव 17 मार्च, 2023 को नेपाल के तीसरे उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए। रामसहाय प्रसाद यादव नेपाल के मधेस क्षेत्र के वरिष्ठ नेता हैं।

- रामसहाय यादव निवर्तमान उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल पूरा हो गया है।
- जनता समाजवादी पार्टी (जेएसपी) के उम्मीदवार रामसहाय प्रसाद यादव ने सीपीएन-यूएमएल उम्मीदवार अष्ट लक्ष्मी शाक्य को हराया। ■

- यादव को उनकी अपनी पार्टी के अलावा, नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-माओइस्ट सेंटर और सीपीएन-यूनीफाइड सोशलिस्ट के साथ-साथ अन्य दलों का समर्थन प्राप्त था।
- संघीय संसद के 333 सदस्य और प्रांतीय विधानसभाओं के 550 सदस्य उपराष्ट्रपति चुनाव में मत डाल सकते थे।
- एक सांसद के वोट का भार 79 और प्रांतीय विधानसभा सदस्य के मत का भार 48 होता है।
- नेपाली कांग्रेस के रामचंद्र पौडेल को 9 मार्च को नेपाल का नया राष्ट्रपति चुना गया था।

## अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के मध्य क्रूज मिसाइलों के लिए समझौता

17 मार्च, 2023 को अमेरिका ने ऑस्ट्रेलिया को 220 क्रूज मिसाइलें देने के लिए 895 मिलियन डॉलर का समझौता किया है। इस मिसाइल में तोमाहॉक मिसाइल शामिल है।

- इस मिसाइल का प्रयोग बर्जिनिया वर्ग की पंडुब्बियों में किया जाएगा।
- ऑकस रक्षा संधि के अंतर्गत ऑस्ट्रेलिया इन मिसाइलों को अमेरिका से प्राप्त करेगा।
- यह समझौता ऑस्ट्रेलिया, यूके और अमेरिका का एक दूरगामी रक्षा गठबंधन है।
- ऑकस गठबंधन के जरिए ऑस्ट्रेलिया, यूके और अमेरिका तीनों देश इस क्षेत्र में चीन के सैन्य विस्तार से निपटने में सक्षम हो सकेंगे।

**ऑकस रक्षा संधिः** ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक त्रिपक्षीय सुरक्षा समझौता है। यह गठबंधन एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन से मुकाबला करने के लिए महत्त्वपूर्ण है।

## 2022 में श्रीलंका की अर्थव्यवस्था में 7.8 प्रतिशत की गिरावट

जनगणना और सांख्यिकी विभाग द्वारा 16 मार्च, 2023 को जारी आंकड़ों के अनुसार श्रीलंका की अर्थव्यवस्था में 2022 में 7.8 प्रतिशत की अब तक की सबसे बड़ी गिरावट आई है।

- चौथी तिमाहीं में अर्थव्यवस्था की स्थिति बहुत ही खराब रही। श्रीलंका की अर्थव्यवस्था में 12.4 प्रतिशत की गिरावट आई।
- औद्योगिक क्षेत्र में 16 प्रतिशत की सबसे खराब मंदी रही। चौथी तिमाहीं में इस क्षेत्र में 30 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।
- महामारी और लॉकडाउन के कारण दो वर्षों की मंदी के बाद 2021 में अर्थव्यवस्था में लगातार सुधार देखा गया।
- 2022 के शुरुआत में सरकार की अस्थिरता, कच्चे माल और विदेशी मुद्रा की कमी ने आपूर्ति शृंखला को प्रभावित किया और आर्थिक संकट गहराया।

## आईएमएफ से श्रीलंका को 2.9 बिलियन डॉलर बेलआउट को मंजूरी

आईएमएफ ने वित्तीय राहत के लिए मार्ग प्रशस्त करते हुए 20 मार्च, 2023 को श्रीलंका के लिए 2.9 बिलियन डॉलर बेलआउट को मंजूरी दी। विशेष आहरण अधिकारों का यह पैकेज 4 वर्षों में उपलब्ध होगा।

- आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने विस्तारित फंड सुविधा (ईएफएफ) के तहत श्रीलंका के कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है, जो श्रीलंका को 7 अरब डॉलर तक वित्त पोषण करने में सक्षम बनाएगा।
- बेलआउट की मंजूरी के साथ, श्रीलंका संरचनात्मक सुधारों को आगे बढ़ाते हुए व्यापक आर्थिक स्थिरता और ऋण स्थिरता को बहाल करेगा।
- वर्ष 2022 जुलाई में रानिल विक्रमसिंघे के राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद से श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को स्थिर करना उनकी प्राथमिकता रही है।
- आईएमएफ सुविधा श्रीलंका को बाजारों और अन्य ऋण देने वाली संस्थाओं जैसे एडीबी और विश्व बैंक से वित्त प्राप्त करने में सक्षम बनाएगी।
- विदेशी मुद्रा भंडार की भारी कमी के कारण श्रीलंका 2022 में एक वित्तीय संकट की चपेट में आ गया था।
- आईएमएफ के अनुसार श्रीलंका ने चीन और भारत सहित अपने सभी प्रमुख लेनदारों से वित्तपोषण का आश्वासन प्राप्त किया था, जिसने बेलआउट का मार्ग प्रशस्त किया।

**अन्तरराष्ट्रीय मौद्रिक कोष (IMF):** यह संयुक्त राष्ट्र की एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जो वैश्विक आर्थिक विकास और वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देता है, अंतरराष्ट्रीय व्यापार को प्रोत्साहित करता है। इसकी स्थापना 1944 में 1930 के महामंदी के बाद हुई थी। इसका मुख्यालय वॉशिंगटन, डी. सी. में है।

## बांग्लादेश ने अपना पहला पनडुब्बी बेस शुरू किया

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 20 मार्च, 2023 को कॉक्स बाजार के पेकुआ में बांग्लादेश के पहले पनडुब्बी बेस 'बीएनएस शेख हसीना' का उद्घाटन किया।

- यह नया पनडुब्बी बेस समुद्री संसाधनों को सुरक्षित करने के लिए नौसेना को अपनी परिचालन क्षमता बढ़ाने में मदद करेगा।
- बांग्लादेश अपने सैन्य बल को आधुनिक संगठन में बदलने के लिए 'फोर्सेस गोल 2030' पर काम कर रही है।
- पिछले 14 वर्षों में कुल 31 युद्धपोत, जिनमें 4 फ्रिगेट, 6 कॉर्वेट, 4 बड़े गश्ती जहाज, 5 गश्ती जहाज और 2 प्रशिक्षण जहाज को बांग्लादेश नौसेना के बेड़े में शामिल किए गए हैं।
- 12 मार्च, 2017 को नौसेना के बेड़े में दो पनडुब्बियों ("बीएनएस नवजात्रा" और "बीएनएस जॉयजात्रा") को शामिल कर बांग्लादेश नौसेना को एक पूर्ण त्रि-आयामी बल के रूप में स्थापित किया।
- बांग्लादेश स्वयं के उपयोग के साथ-साथ दूसरों के लिए स्थानीय शिपयार्डों में जहाजों का निर्माण कर रहा है।
- पनडुब्बी बेस के निर्माण के लिए बांग्लादेश सरकार ने सितंबर 2019 में चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- बांग्लादेश नौसेना ने खुलना शिपयार्ड में पांच गश्ती जहाजों का निर्माण पूरा कर लिया है। ■

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी



## पराग ले जाने वाले कीड़ों के सबसे पुराने ज्ञात जीवाश्मों की खोज

वैज्ञानिकों ने कीड़ों के 280 मिलियन वर्ष पुराने जीवाश्मों की खोज की है और विश्व के पहले पादप परागणकर्ता जिन्हें टिलयार्डेम्बिड्स कहा जाता है, जिनके शरीर पराग के साथ संरक्षित हैं।

- ये रूस में चेकरदा गांव के पास नदी के किनारे पाए गए है।
- ये रिकॉर्ड-सेटिंग अवशेष पराग ले जाने वाले कीड़ों के पहले के सबसे पुराने ज्ञात जीवाश्मों की तुलना में लगभग 120 मिलियन वर्ष पुराने हैं।
- टीम ने टिलियार्डेम्बिया नामक कीट के 425 जीवाश्मों की जांच की और पाया कि उनके सिर, शरीर या पैरों पर पराग के साथ संरक्षित थे।
- टिलरडेम्बिड्स चपटे शरीर वाले ईयरविग जैसे कीड़े हैं।
- ये करीब 20 करोड़ साल पुराने जुरासिक पार्क में पाए जाने वाले मच्छरों से भी पुराने हैं।
- जिस चट्टान पर कीट का जीवाश्म मिला था, वह अवसादी चट्टान है। यह लगभग 280 मिलियन वर्ष पहले एक लैगून के नीचे दबा था।

## भारत में मार्च से मई के दौरान हीट वेव IMD का पूर्वानुमान

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के पूर्वानुमान के अनुसार, पूर्वोत्तर भारत, पूर्वी भारत, मध्य भारत और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान के साथ भीषण गर्मी की संभावना है।

- पूर्वोत्तर राज्यों, जम्मू और कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, केरल और तटीय कर्नाटक को छोड़कर, भारत के अधिकांश हिस्सों में मार्च से मई के दौरान हीट वेव चलने की संभावना है।
- उत्तर-पश्चिम भारत, पश्चिम-मध्य भारत और पूर्व तथा पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों के अधिकांश क्षेत्रों में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है।
- प्रायद्वीपीय भारत के अधिकांश हिस्सों, पूर्व-मध्य भारत और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है।
- उत्तर और पश्चिमी भारत के कई हिस्सों में फरवरी का तापमान 35-39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो फरवरी में सामान्य तापमान से लगभग 3-5 डिग्री अधिक है।

**हीट वेव:** हीट वेव असामान्य रूप से उच्च तापमान की वह स्थिति है, जिसमें तापमान सामान्य से अधिक रहता है। भारत में हीट वेव्स सामान्यत: मार्च-जून के बीच चलती हैं, परन्तु कभी-कभी मौसमी दशाओं के कारण जुलाई तक विस्तारित हो जाती हैं। यह मुख्यत: देश के पश्चिमोत्तर भाग को प्रभावित करती है।

**भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD):** IMD की स्थापना वर्ष 1875 में हुई थी। यह भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक एजेंसी है। यह मौसम संबंधी अवलोकन, मौसम पूर्वानुमान और भूकंप विज्ञान के लिये जिम्मेदार प्रमुख एजेंसी है।

- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मैदानी क्षेत्रों में 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक, तटीय क्षेत्रों के लिए 37 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक और पहाड़ी क्षेत्रों में 30 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तापमान को हीट वेव के मानक के रूप में निर्धारित किया है।

## डिजिटल जॉब पोर्टल 'वन स्टॉप-नॉन स्टॉप' का शुभारंभ

भारत की फार्मेसी शिक्षा के जनक प्रो. महादेव लाल श्रॉफ की जयंती (6 मार्च) के अवसर पर 'राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने 6 मार्च, 2023 को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के डिजिटल जॉब पोर्टल 'वन स्टॉप-नॉन-स्टॉप' का शुभारंभ किया।

- इस कार्यक्रम का आयोजन शैक्षणिक समुदाय और उद्योग के बीच अनुसंधान परिणामों के लाभों का आदान-प्रदान करने हेतु एक मंच प्रदान करने की दृष्टि से किया गया था।
- यह अकादमिक-उद्योग इंटरलिंकिंग के आधार पर वाणिज्यिक संभावनाएं तलाशने में मदद कर सकता है।

**प्रो. महादेव लाल श्रॉफ:** प्रो. महादेव लाल श्रॉफ का जन्म 6 मार्च, 1902 को बिहार के दरभंगा में हुआ था। प्रो. श्रॉफ, जिन्हें भारत में फार्मेसी शिक्षा के जनक के रूप में जाना जाता है।

## OpenAI द्वारा भाषा मॉडल GPT-4 लॉन्च

ओपनएआई द्वारा हाल ही में बनाया गया जीपीटी-4, भाषा मॉडल मानव भाषण से निकटता से मेल खाता है। यह नई मल्टीमॉडल तकनीकी प्रणाली एपीआई (एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) के साथ एकीकृत है।

- सैन फ्रांसिस्को स्थित अनुसंधान कंपनी ओपनएआई के अनुसार, जीपीटी-4 पिछले संस्करण की तुलना में अधिक उन्नत है और इसे अधिक डेटा पर प्रशिक्षित किया गया है।

- जीपीटी 4 "बेहतर सटीकता के साथ चुनौतीपूर्ण मुद्दों से निपट सकता है" और "पहले से कहीं अधिक रचनात्मक और सहयोगी है।"
- यह मॉडल टेक्स्ट और ग्राफिक्स दोनों पर अधिक सटीक प्रतिक्रिया कर सकता है।
- GPT-4 संगीत रचना, पटकथा लेखन आदि सहित उपयोगकर्ताओं के साथ रचनात्मक और तकनीकी लेखन कर सकता है।

**जनरेटिव प्री-प्रशिक्षित ट्रांसफार्मर (जीपीटी):** यह एक गहरी सीखने की विधि है, जो लेखन उत्पन्न करने के लिए कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क का उपयोग करती है, जो किसी व्यक्ति के समान होती है। "जीपीटी-4" ओपनएआई के सॉफ्टवेयर की चौथी रिलीज को संदर्भित करता है।

### डीआरडीओ द्वारा विकसित दवा को DCGI की मंजूरी

रक्षा मंत्रालय ने 13 मार्च, 2023 को बताया कि रेडियोलॉजिकल और परमाणु आपात स्थितियों के लिए डीआरडीओ तकनीक द्वारा विकसित एक महत्वपूर्ण दवा को ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) से मंजूरी मिल गई है।

- दवा को 'प्रशिया ब्लू' अघुलनशील सूत्रीकरण कहा जाता है और इसे प्रौद्योगिकी विकास कोष (टीडीएफ) के तहत विकसित किया गया है।
- TDF को मुख्य रूप से रक्षा अनुप्रयोग के लिए स्वदेशी अत्याधुनिक प्रणालियों का निर्माण करने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए लॉन्च किया गया है।
- यह दवा Pru-DecorpTM और PruDecorp-MG के ट्रेड नाम से उपलब्ध होगी।

**ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI):** यह भारत में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) का प्रमुख है। DCGI चिकित्सा उपकरण नियम 2017 के तहत चिकित्सा उपकरणों के लिए केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण भी है।

सीडीएससीओ भारत में केंद्रीय औषधि नियामक प्राधिकरण है, जिसकी देखरेख भारत के औषधि महानियंत्रक करते हैं।

## रक्षा

### निसार उपग्रह इसरो को प्राप्त

अमेरिकी वायु सेना ने 8 मार्च, 2023 को नासा और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित धरती का अवलोकन करने वाला उपग्रह 'NISAR' भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी (इसरो) को सौंपा।

- निसार नासा और इसरो द्वारा संयुक्त रूप से विकसित लो अर्थ ऑर्बिट वेधशाला है।
- ISRO द्वारा NISAR का उपयोग कृषि मानचित्रण और भूस्खलन के जोखिम वाले क्षेत्रों का पता लगाने सहित विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।
- निसार पृथ्वी की सतह के परिवर्तन, प्राकृतिक खतरों और पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में डेटा और जानकारी प्रदान करेगा।
- इस उपग्रह को 2024 में आंध्र प्रदेश के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किए जाने की योजना है।

नासा (National Aeronautics and Space Administration) संयुक्त राज्य अमेरिका की एक स्वतंत्र संस्था है, जो अपने द्वारा छोड़े गए उपग्रह (satellites) की मदद से हवा और अंतरिक्ष पर रिसर्च करती है। नासा का मुख्य कार्य अंतरिक्ष संबंधित कार्यक्रमों और वैमानिकी (Aeronautics) के ऊपर रिसर्च करना है।

### सिंधुकीर्ति पनडुब्बी की हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड के साथ अनुबंध

रक्षा मंत्रालय ने 13 मार्च, 2023 को विशाखापत्तनम में सिंधुकीर्ति पनडुब्बी की सामान्य मरम्मत के लिए हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस परियोजना की कुल लागत 934 करोड़ रुपये है।

- मरम्मत पूरी होने के बाद, सिंधुकीर्ति युद्ध में लड़ने योग्य हो जाएगी और भारतीय नौसेना के सक्रिय पनडुब्बी बेड़े में शामिल हो जाएगी।
- इस परियोजना में 20 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) शामिल हैं और परियोजना की अवधि के दौरान प्रतिदिन 1,000 श्रम दिवस के रोजगार का सृजन होगा।

**आईएनएस सिंधुकीर्ति पनडुब्बी:** यह एक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी है। इसे 7 जून, 1990 को कमीशन किया गया था और तबसे यह विभिन्न क्षमताओं में देश की सेवा कर रही है।

**हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (HSL):** शिपयार्ड 'हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड' विशाखापत्तनम में स्थित है। यह देश का पहला जहाज निर्माण यार्ड है। इसकी स्थापना 21 जून 1941 को की गई थी।

### डोर्नियर-228 विमान खरीद समझौता

रक्षा मंत्रालय ने 10 मार्च, 2023 को भारतीय वायु सेना के लिए छः डोर्नियर-228 विमानों की खरीद के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से समझौता किया है।

- भारतीय वायु सेना के लिए खरीदे जा रहे इन विमानों की लागत लगभग 667 करोड़ रुपए है।
- डोर्नियर-228 विमान का उपयोग भारतीय वायु सेना द्वारा रूट ट्रांसपोर्ट और संचार संबंधित सैन्य कार्य के आलावा पायलटों को प्रशिक्षित करने के लिए किया जाता रहा है।
- डोर्नियर-228 का प्रयोग प्रदूषण निवारण, सैनिकों के परिवहन, हवाई सर्वेक्षण, खोज और बचाव, कार्गो और रसद सहायता के लिए भी किया जा सकता है।
- भारतीय वायु सेना के बेड़े में हल्के यूटिलिटी विमान डोर्नियर-228 औपचारिक तौर से जनवरी, 2020 में शामिल किये गए थे।

**डोर्नियर-228 विमान:** डोर्नियर-228 विमान एक अत्यधिक बहुमुखी बहुउद्देश्यीय हल्के परिवहन विमान हैं। यह एक ट्विन-टर्बोप्रॉप शॉर्ट टेक-ऑफ और लैंडिंग यूटिलिटी विमान है, जिसे भारतीय तटरक्षक बल, भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने द्वारा निर्मित किया गया है। ■

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी



## वन–आधारित उत्पादों का वन प्रमाणन अनिवार्यता

हाल के वर्षों में जलवायु परिवर्तन के साथ वनों की कटाई विश्व स्तर पर एक गंभीर रूप से संवेदनशील मुद्दा बन गया है।

जिससे वन-आधारित उत्पादों के प्रवेश और बिक्री को विनियमित करने हेतु वन प्रमाणन अनिवार्य हो गया है।

- यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका ने वन-आधारित उत्पादों के प्रवेश और बिक्री को नियंत्रित करने वाले कानून पारित किये हैं, जिसके लिये वन प्रमाणन की आवश्यकता है।
- वर्ष 2021 में ग्लासगो जलवायु बैठक में 100 से अधिक देशों ने वर्ष 2030 तक वनों की कटाई को रोकने का संकल्प लिया।
- विश्व के कई देश वनों की कटाई या अवैध कटाई से सम्बंधित उत्पाद के उपभोग से बचना चाहते हैं।
- भारत में वन प्रमाणन अभी भी प्रारंभिक चरण में है। वर्तमान में देश के केवल एक राज्य उत्तर प्रदेश में वन प्रमाणन है।

**वन स्वीकृतिः** यह वन की निगरानी, लकड़ी और लुगदी उत्पादों तथा गैर-इमारती वन उत्पादों को पहचानने एवं चिह्नित करने का एक तंत्र है। यह विभिन्न प्रकार के उचित मानदंडों के विपरीत सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से पर्यावरण प्रबंधन की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने की एक प्रक्रिया है।

## एशियाई शेरों के लिए बर्दा वन्यजीव अभयारण्य प्रस्तावित

भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) द्वारा तैयार की गई "लायन एट 2047: ए विजन फॉर अमृतकाल" नामक एक रिपोर्ट के अनुसार, बर्दा वन्यजीव अभयारण्य को गिर राष्ट्रीय उद्यान के वयस्क एशियाई शेर को स्थानांतरित करने के लिए एक उपयुक्त स्थान के रूप में पहचाना गया है। परियोजना को केंद्र सरकार से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है।

- गुजरात सरकार ने प्रस्तावित परियोजना एशियाई शेरों के लिए दूसरे घर के रूप में की है, जो उनके वर्तमान घर से लगभग 100 किलोमीटर दूर है।
- इस परियोजना का उद्देश्य शेरों की आबादी को बीमारियों या पर्यावरणीय खतरों जैसे प्राकृतिक आपदाओं या आवास के नुकसान के कारण संभावित विलुप्त होने से बचाना है।
- शेरों का स्थानांतरण भविष्य के प्राकृतिक फैलाव के लिए अभयारण्य भी तैयार करेगा, जो कि प्रजातियों के दीर्घकालिक अस्तित्व के लिए आवश्यक है।
- यह परियोजना अभयारण्य में शाकाहारी जीवों का प्रजनन भी करेगी, जिससे शेरों के लिए शिकार की उपलब्धता बढ़ेगी और इस प्रकार क्षेत्र में शेरों की आबादी में वृद्धि में योगदान होगा।

**बर्दा वन्यजीव अभयारण्यः** 192 वर्ग किलोमीटर में फैला यह गुजरात के पोरबन्दर जिले में स्थित एक वन्य अभयारण्य है। इसकी स्थापना वर्ष 1979 में की गई थी।

**भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII):** 1982 में स्थापित भारतीय वन्यजीव संस्थान पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्थान है। यह संस्थान प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, अकादमिक कार्यक्रम के अलावा वन्यजीव अनुसंधान तथा प्रबंधन में सलाहकारिता प्रदान करता है।

## दुधवा नेशनल पार्क में मिला दुर्लभ प्रजाति गिद्ध

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में दुधवा टाइगर रिजर्व में गिद्धों के एक अति दुर्लभ प्रजाति का लाल सिर वाले गिद्ध (Red Headed Vulture) दिखा है। इसे इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) द्वारा गंभीर रूप से संक. टापन्न प्रजातियों की सूची में डाला गया है।

- यह विश्व का पुराना गिद्ध है जो लगभग भारतीय उपमहाद्वीप, दक्षिणी चीन और इंडोचाइना में पाया जाता है।
- इसकी लम्बाई 76 - 86 सेमी होती है। यह अपने पंखों को 6 से 8 फिट तक फैला सकता है। इसका वजन लगभग 6 किलो ग्राम होता है। यह विलुप्त की कगार पर पहुंच चुका है।
- लुप्तप्राय गिद्ध प्रजातियों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए महराजगंज जिले में एक गिद्ध प्रजनन केंद्र स्थापित किया गया है।
- उत्तर प्रदेश के कानपुर के ईदगाह कब्रिस्तान में एक सफेद हिमालयन गिद्ध मिला था, इस गिद्ध के पंख लगभग पांच-पांच फीट के थे।
- गिद्ध मृत जानवरों को खाते हैं और इस प्रकार वे पर्यावरण की सफाई करते हैं।

## जलवायु परिवर्तन पर IPCC रिपोर्ट–2023

जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (आईपीसीसी) ने 20 मार्च, 2023 को अपनी नवीनतम संश्लेषण रिपोर्ट (एसवाईआर) जारी की है। यह रिपोर्ट इससे पहले आईपीसीसी द्वारा जलवायु में होते बदलावों पर जारी की गई 6 रिपोर्टों के निष्कर्षों का सार प्रस्तुत करती है।

- रिपोर्ट के अनुसार "सभी के लिए एक रहने योग्य और टिकाऊ भविष्य को सुरक्षित करने का अवसर तेजी से बंद हो रहा है।
- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सभी देशों को एक दशक के भीतर अपनी शुद्ध शून्य योजनाएँ प्रस्तुत करने की जरूरत बतायी।

**इस रिपोर्ट की महत्वपूर्ण छः बिन्दु**

I. इंसानी हस्तक्षेप के चलते तापमान में 1.1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि पहले ही हो चुकी है।

II. मौजूदा नीतियों के तहत तापमान में वृद्धि होना तय है, जो इंसानों सहित अन्य जीवों पर व्यापक प्रभाव डालेगी और समय के साथ स्थिति कहीं ज्यादा गंभीर हो जाएगी।

III. उत्सर्जन के मौजूदा स्तर पर हम जल्द ही शेष कार्बन बजट को समाप्त कर देंगे।

IV. हमें इस दशक में ही सभी क्षेत्रों से होने वाले उत्सर्जन में तत्काल कटौती करने की आवश्यकता है।

V. हमारे पास निम्न-कार्बन आर्थिक प्रणालियों की ओर रुख करने के लिए सभी आवश्यक समाधान पहले ही हैं।

VI. इन बदलावों के लिए राजनैतिक प्रतिबद्धता और इक्विटी महत्वपूर्ण हैं। पर्याप्त वित्त उपलब्ध है, बस उसे जलवायु कार्रवाई के लिए निर्देशित करने की आवश्यकता है।

**जलवायु परिवर्तन से संबंधित अंतर सरकारी पैनल (IPCC):** यह संयुक्त राष्ट्र की संस्था है, जो जलवायु परिवर्तन विज्ञान के अध्ययन के लिए जिम्मेदार है। IPCC की स्थापना 1988 में विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा जलवायु परिवर्तन का आकलन करने के लिए की गई थी।

## थानथाई पेरियार वन्यजीव अभयारण्य, तमिलनाडु

तमिलनाडु सरकार ने थानथाई पेरियार वन्यजीव अभयारण्य (Thanthai Periyar Wildlife Sanctuary) की अधिसूचना की घोषणा की है, जिससे यह राज्य का 18वां वन्यजीव अभयारण्य बन गया है।

- थानथाई पेरियार वन्यजीव अभयारण्य की अधिसूचना एशियाई हाथी संरक्षण के लिए एक बड़ा बढ़ावा होगी।
- इरोड जिले के अंथियुर और गोबिचेट्टीपलयम तालुकों के वन क्षेत्रों में 80,567 हेक्टेयर में फैले इस अभयारण्य में अंथियूर, बारगुर, थट्टाकरई और चेन्नमपट्टी में आरक्षित वन क्षेत्र शामिल होंगे।
- थानथाई पेरियार वन्यजीव अभयारण्य कर्नाटक में मलाई महादेश्वर वन्यजीव अभयारण्य, BRT वन्यजीव अभयारण्य, कावेरी वन्यजीव अभयारण्य की निकटता में स्थित है।
- यह नीलगिरि बायोस्फीयर रिजर्व और कावेरी दक्षिण वन्यजीव अभयारण्य के बीच संपर्क बिंदु के रूप में कार्य करता है।
- यह अभयारण्य स्तनधारियों की 21 प्रजातियों, पक्षियों की 136 प्रजातियों और तितलियों की 118 प्रजातियों का घर है।
- इस अभयारण्य में हाथी, तेंदुए, जंगली सूअर, गौर और हिरण पाए जाते हैं।
- यह अधिसूचना वनस्पतियों और जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बारगुर पहाड़ी क्षेत्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में मदद करेगी।

## सिविल-20 इंडिया की स्थापना बैठक नागपुर में आयोजित

भारत की G20 अध्यक्षता के तहत तीन दिवसीय सिविल 20 इंडिया 2023 की स्थापना बैठक महाराष्ट्र के नागपुर में "Balancing Development with Environment" की थीम के साथ आयोजित किया गया।

- इस सम्मेलन में जी-20 देशों और अन्य देशों से नागरिक समाज के लगभग 250 प्रतिनिधि भाग लिए।
- C20 का उद्देश्य उन नीतियों को बढ़ावा देना है, जो सामाजिक और आर्थिक न्याय, मानवाधिकार और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देती हैं।
- सिविल-20 इंडिया जी20 का एक आधिकारिक जुड़ाव समूह है, जो जी20 में विश्व भर के नागरिक समाज संगठनों के लिए एक मंच प्रदान करता है।
- C20 जिन प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है; उनमें गरीबी उन्मूलन, लैंगिक समानता, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक स्वास्थ्य शामिल हैं।
- इस सम्मेलन में इस बात पर जोर दिया गया कि हम प्रकृति से अलग नहीं, बल्कि उसका एक हिस्सा हैं।
- सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन और अन्य पर्यावरणीय चुनौतियों का मानव स्वास्थ्य पर दूरगामी प्रभाव को बताया गया।

**G20:** इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल हैं।

## विश्व जल दिवस 2023

22 मार्च, 2023 को विश्व जल दिवस मनाया गया। विश्व जल दिवस प्रतिवर्ष 22 मार्च को पानी के महत्व पर जोर देने और वैश्विक जल संकट के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है।

- इस दिन को मनाने का प्राथमिक उद्देश्य एसडीजी 6 की उपलब्धि को बढ़ावा देना है, जिसका उद्देश्य 2030 तक सभी के लिए स्वच्छ पानी और स्वच्छता तक पहुंच प्रदान करना है।
- विश्व जल दिवस 2023 की थीम 'जल और स्वच्छता संकट को हल करने के लिए परिवर्तन में तेजी लाना' 'Accelerating the change to solve the water and sanitation crisis' है, जिसमें वैश्विक जल संकट को दूर करने के लिए कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 22 मार्च, 1993 में रियो डी जनेरियो, ब्राजील में आयोजित पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में '22 मार्च' को विश्व जल दिवस के रूप में नामित किया।

## फ्लोरिडा के तट पर लाल ज्वार (Red Tide)

हाल ही में फ्लोरिडा के तट पर लाल ज्वार (Red Tide) आया है। लाल ज्वार के पानी में या उसके पास तैरने से त्वचा में जलन, चकत्ते, आंखों में जलन होती है।

- लाल ज्वार एक शैवाल का प्रस्फुटन है। समुद्र में रहने वाले समुद्री पौधे अनियंत्रित रूप से बढ़ते हैं और प्रस्फुटन का कारण बनते हैं।
- लाल रंग के शैवालों के कारण होने वाले प्रस्फुटन को लाल ज्वार कहते हैं। यह मछली और समुद्री स्तनधारियों के लिए हानिकारक है।

**लाल ज्वार (Red Tide):** यह एक जहरीले शैवाल प्रजाति के कारण होता है, जिसे करेनिया ब्रेविस के नाम से जाना जाता है।

- यह तब होता है जब शैवाल बड़ी संख्या में बढ़ते हैं और खिलते हैं, जिसके परिणामस्वरूप पानी लाल-भूरा हो जाता है।
- शैवाल प्रस्फुटन हमेशा उन क्षेत्रों में अधिक होता है, जहाँ खारे और समुद्री जल का मिश्रण होता है।

## समुद्री जैव विविधता के संरक्षण हेतु संधि

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र (UN) के सदस्यों ने राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे क्षेत्रों की समुद्री जैव विविधता के संरक्षण और सतत् उपयोग को सुनिश्चित करने के लिये एक मुक्त समुद्र संधि (High Seas Treaty) पर सहमति व्यक्त की।

- राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे क्षेत्रों की समुद्री जैव विविधता पर न्यूयॉर्क में आयोजित अंतर-सरकारी सम्मेलन (IGC) के दौरान संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में आयोजित वार्ता के दौरान इस पर सहमति बनी।
- इस वार्ता का उद्देश्य विशाल समुद्री पारितंत्र के संरक्षण और इसके संधारणीय उपयोग के लिए एक एकीकृत समझौते को साकार करना है।
- राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैव विविधता (Biodiversity Beyond National Jurisdiction: BBNJ) पर संधि को खुले समुद्र पर संधि के नाम से भी जाना जाता है।
- राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जल क्षेत्रों में महासागरों का 95% हिस्सा आता है।
- ये क्षेत्र बहुमूल्य पारिस्थितिकी, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और खाद्य सुरक्षा से संबंधित लाभ प्रदान करते हैं।
- महासागर एक विशाल कार्बन सिंक है, लेकिन उसकी यह स्थिति तेजी से संकटग्रस्त होती जा रही है।
- उच्च समुद्र तटीय देशों के विशेष आर्थिक क्षेत्रों से 200 समुद्री मील से अधिक दूर स्थित क्षेत्र हैं।

**उच्च समुद्रः** संयुक्त राष्ट्र उच्च समुद्रों को "समुद्र के उन हिस्सों के रूप में परिभाषित करता है, जिनमें राज्य का आंतरिक जल क्षेत्र शामिल नहीं है।

- आंतरिक जल क्षेत्र प्रादेशिक जल क्षेत्र है। देश इसका उपयोग मछली पकड़ने, तेल ड्रिलिंग आदि जैसे किसी भी उद्देश्य के लिए कर सकता है।

## हॉर्सशू केकड़े की प्रजातियां संकट में

विश्व में हॉर्सशू केकड़े की चार प्रजातियां बची हैं। बायोमेडिकल क्षेत्र में और मछली के भोजन के साथ-साथ प्रदूषण के लिए ओवरफिशिंग के कारण सभी चार प्रजातियों के लिए संकट का माहौल है।

- बायोमेडिकल उपयोग के लिए प्रति वर्ष लगभग 50 मिलियन अटलांटिक हॉर्सशू केकड़े पकड़े जाते हैं। उनके एक लीटर खून की कीमत 11 लाख रुपए तक है।
- इन केकड़ों के खोल में उनके दिल के पास छेद करके तीस प्रतिशत खून निकाल दिया जाता है। इसके बाद केकड़ों को वापस छोड़ दिया जाता है।
- इस प्रक्रिया में 10 से 30 प्रतिशत केकड़े मर जाते हैं और शेष मादा केकड़ों को प्रजनन संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।
- हॉर्सशू केकड़े (Horseshoe Crabs) के नीले खून का प्रयोग लिमुलस अमेबोसाइट लाइसेट (Limulus Amebocyte Lysate) बनाने के लिए किया जाता है।
- केकड़ों के नीले रक्त के थक्कों का एलएएल टीकों (LAL Vaccines) और अन्य दवाओं के निर्माण में प्रयोग होता है।
- इस जानवर का खून जैविक विषाक्त पदार्थों के प्रति बहुत संवेदनशील होता है।

**हॉर्सशू केकड़ेः** अटलांटिक के ये अतिविशेष केकड़े वसंत से मई-जून तक उच्च ज्वार के दौरान दिखाई देते हैं। इस जीव का खून नीला होता है।

- उसके रक्त में कॉपर होता है। जिससे उसके रक्त का रंग नीला हो जाता है। उसके रक्त में एक खास केमिकल होता है, जो बैक्टीरिया के आसपास इकट्ठा हो जाता है और उन्हें फंसा लेता है।

**लिमुलस अमेबोसाइट लाइसेट (Limulus Amebocyte Lysate):** एलएएल टीके, ई. कोली (E. coli) जैसे खतरनाक जीवाणु के चारों ओर एक जिलेटिनस अवरोध (Gelatinous Barrier) बनाने की क्षमता रखते हैं। एलएएल सुरक्षित होते हैं और जल्दी असर करते हैं।

## त्रिपुरा का तितली पार्क

त्रिपुरा के दक्षिण जिले में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक गांव में वन विभाग द्वारा विकसित एक तितली पार्क अब देश के विभिन्न हिस्सों और बांग्लादेश के पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र बना है।

- तृष्णा वाइल्डलाइफ अभयारण्य के करीब छोटाखोला में बटरफ्लाई इकोपार्क पूर्वोत्तर का पहला तितली पार्क है।
- इसका उद्घाटन वर्ष 2016 में 5.5 हेक्टेयर भूमि पर तितलियों की 250 प्रजातियों के साथ किया गया था।
- यह पार्क बांग्लादेश मुक्ति युद्ध की स्मृति में तृष्णा वन्यजीव अभयारण्य और इंडो-बांग्लादेश मैत्री पार्क में लुप्तप्राय बाइसन पार्क के नजदीक है।
- तितलियों को एक अच्छे पारिस्थितिक संतुलन और स्वस्थ प्रकृति का संकेतक माना जाता है।
- तितली को बढ़ावा देने के अपने प्रयास में, त्रिपुरा वन विभाग ने हाल ही में "कॉमन बर्डविंग" को राज्य तितली घोषित किया है। ■

# रिपोर्ट एवं सूचकांक



## विश्व बैंक की महिला व्यवसाय और कानून रिपोर्ट–2023

2 मार्च, 2023 को जारी विश्व बैंक की वुमन, बिजनेस एंड द लॉ (WBL) 2023 रिपोर्ट के अनुसार लैंगिक समानता से आर्थिक विकास और ताकत को बढ़ावा मिलता है।

- वुमन, बिजनेस एंड द लॉ 2023 वार्षिक रिपोर्ट की शृंखला में 9वाँ संस्करण है, जो 190 अर्थव्यवस्थाओं में महिलाओं के आर्थिक अवसर को प्रभावित करने वाले कानूनों और नियमों का विश्लेषण करती है।
- रिपोर्ट ने भारत के संदर्भ में मुख्य व्यापारिक शहर मुंबई में कानून और विनियमों पर आंकड़ों का उपयोग किया।
- इसके आठ संकेतक हैं- गतिशीलता, कार्यस्थल, वेतन, विवाह, पितृत्त्व, उद्यमिता, संपत्ति और पेंशन।

### रिपोर्ट के मुख्य बिंदु

- रिपोर्ट ने भारत के संदर्भ में मुख्य व्यापारिक शहर मुंबई में कानून और विनियमों पर आंकड़ों का उपयोग किया।
- भारत को आवागमन की स्वतंत्रता, महिलाओं के रोजगार संबंधी निर्णयों और विवाह प्रतिबंधों से संबंधित कानूनों हेतु उचित स्कोर प्राप्त हुआ।
- भारत को निम्न मध्य आय वाले देश के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जिसका WBL इंडेक्स स्कोर 100 में से 74.4 है।
- भारत का समग्र स्कोर दक्षिण एशिया के लिये क्षेत्रीय औसत (63.7) से अधिक है। यह दक्षिण एशिया क्षेत्र में उच्चतम स्कोर 80.6 (नेपाल) है।
- महिलाओं के वेतन, पेंशन और बच्चे होने के बाद काम को प्रभावित करने वाले कानूनों, संपत्ति और विरासत में लैंगिक अंतर के मामले में भारत पीछे है।
- रिपोर्ट के अनुसार, "औसतन रूप से महिलाओं को पुरुषों की तुलना में 77 प्रतिशत कानूनी अधिकार प्राप्त हैं।
- केवल 14 देशों ने 100 का पूर्ण स्कोर प्राप्त किया जिनमें बेल्जियम, कनाडा, डेनमार्क, फ्राँस, जर्मनी, ग्रीस, आइसलैंड, आयरलैंड, लातविया, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, पुर्तगाल, स्पेन और स्वीडन शामिल हैं।
- कामकाजी उम्र की लगभग 2.4 बिलियन महिलाएँ उन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं, जहाँ उन्हें पुरुषों के समान अधिकार प्राप्त नहीं होता है।

## चुनावी लोकतंत्र सूचकांक 2023

स्वीडन में गोथेनबर्ग विश्वविद्यालय में वैरायटी ऑफ डेमोक्रेसी (वी-डेम) की एक नई रिपोर्ट के अनुसार भारत पिछले दस वर्षों में सबसे बदतर निरंकुश शासन लाने वालों में से एक है।

- इलेक्टोरल डेमोक्रेसी इंडेक्स (ईडीआई) रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग 2022 में 100वें स्थान से गिरकर इस वर्ष 108वें स्थान पर आ गई, जबकि लिबरल डेमोक्रेसी इंडेक्स (एलडीआई) में यह 97वें स्थान पर है।
- पिछले 10 वर्षों में भारत का नाम शीर्ष 10 निरंकुश देशों में भी रखा गया है।
- भारत का स्थान तंजानिया, बोलीविया, मैक्सिको, सिंगापुर और नाइजीरिया जैसे देशों से नीचे है।
- डेनमार्क लिबरल डेमोक्रेसी इंडेक्स (LDI) में 0.89 के उच्चतम स्कोर के साथ पहले स्थान पर है।
- स्वीडेन 0.87 स्कोर के साथ दूसरे और नार्वे 0.86 स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर है।
- लिबरल डेमोक्रेसी इंडेक्स (एलडीआई) में पाकिस्तान दो पायदान नीचे 106वें और ईडीआई में 110वें स्थान पर है।

## वैश्विक ऊर्जा संबंधी $CO_2$ उत्सर्जन रिपोर्ट- 2022

2 मार्च, 2023 को जारी अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी द्वारा वैश्विक ऊर्जा संबंधी $CO_2$ उत्सर्जन रिपोर्ट-2022 ($CO_2$ Emissions पद 2022 Report) के अनुसार, 2022 में वैश्विक ऊर्जा संबंधी $CO_2$ उत्सर्जन में 1% से भी कम की वृद्धि हुई।

### रिपोर्ट के मुख्य बिंदु

- इस रिपोर्ट के अनुसार उत्सर्जन में यह वृद्धि 2021 में 6% से अधिक की असाधारण वृद्धि की तुलना में काफी कम थी।
- इसने ऊर्जा और जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण में तेजी लाने के लिए मजबूत कदमों की सिफारिश की।
- कोविड लॉकडाउन के कारण 2022 में चीन में उत्सर्जन में कमी आई है।
- यूरोपीय संघ में उत्सर्जन में 2.5% की कमी आई।
- अमेरिका में उत्सर्जन में 0.8% की वृद्धि हुई।
- ईंधन कोयले से कार्बन उत्सर्जन में 1.6% की वृद्धि हुई। तेल से उत्सर्जन में 2.5% की वृद्धि हुई।
- विश्व भर में सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा बिजली संयंत्रों में वृद्धि हुई।

## वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट

स्विस फर्म आईक्यूएयर ने 14 मार्च, 2023 को 'वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट' जारी किया।

- इस रिपोर्ट में भारत को 2022 में विश्व का **आठवां सबसे प्रदूषित देश** बताया, जो पिछले वर्ष 2021 में पांचवें स्थान पर था।

- रिपोर्ट के अनुसार विश्व के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में 39 भारत के हैं।
- भारत में पीएम 2.5 प्रदूषण का 20-35 प्रतिशत का कारण ट्रांसपोर्टेशन है। प्रदूषण के अन्य स्रोत औद्योगिक इकाइयां, कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्र है।
- दिल्ली विश्व की सबसे प्रदूषित राजधानी रही है, दिल्ली का पीएम 2.5 स्तर सुरक्षित सीमा से लगभग 20 गुना अधिक है।
- इस रिपोर्ट को तैयार करने में 131 देशों का डेटा 30,000 से अधिक ग्राउंड-आधारित मॉनिटरों से लिया गया था।

**शीर्ष 10 सबसे प्रदूषित देशः** चाड, इराक, पाकिस्तान, बहरीन, बांग्लादेश, बुर्किना फासो, कुवैत, भारत, मिस्र और ताजिकिस्तान।

**विश्व का शीर्ष 4 प्रदूषित शहर :** 1. लाहौर (पाकिस्तान), 2. होटन (चीन), 3. भिवाड़ी (भारत), 4. दिल्ली (भारत)।

## SIPRI रिपोर्ट 2023

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार भारत वर्ष 2018 से 2022 के बीच विश्व का सबसे बड़ा हथियार आयातक रहा।

### रिपोर्ट के मुख्य बिंदु

- वर्ष 2013-17 और 2018-22 के बीच भारत की हथियार खरीद में 11 प्रतिशत की कमी आई है।
- विगत 5 वर्षों में विश्व में जितने हथियार खरीदे गए, उनमें से 11 प्रतिशत अकेले भारत ने खरीदे।
- सऊदी अरब (9.6%) हथियार खरीद के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके बाद कतर (6.4%), ऑस्ट्रेलिया (4. 7%) और चीन (4.7%) का स्थान आता है।
- **अमेरिका** विश्व का **सबसे बड़ा** हथियार निर्यातक देश है, जो विश्व के कुल हथियार निर्यात का 40 फीसदी निर्यात करता है।
- अमेरिका के बाद रूस (16%) दूसरा सबसे बड़ा हथियार निर्यातक देश है। उसके बाद फ्रांस (11%), चीन (5.2%) और जर्मनी (4.2%) हथियार निर्यात करता है।
- वर्ष 2013 के बाद से अमेरिका के हथियार निर्यात में 14% की बढ़ोतरी हुई है, वहीं रूस के हथियार निर्यात में 31% की कमी हुई है।

## विश्व के महानतम स्थान

टाइम्स पत्रिका ने 2023 की विश्व के महानतम स्थानों की सूची में 2 भारतीय स्थानों में मयूरभंज और लद्दाख को शामिल किया गया है। **लद्दाख को सूची में 31वें और मयूरभंज को 32वें** स्थान पर रखा गया है।

- भारत के मयूरभंज और लद्दाख, जो अपने खतरे में पड़े बाघों और ऐतिहासिक मंदिरों के लिए चयनित हुए हैं।
- लद्दाख तिब्बती बौद्ध संस्कृति वाला स्थान है। यहाँ इसी वर्ष भारत ने लेह से लगभग 168 मील दक्षिण-पूर्व में हानले गाँव में अपना पहला डार्क स्काई रिजर्व भी नामित किया है।

**विश्व के महानतम शीर्ष 10 स्थानों की सूची**

1. टम्पा, संयुक्त राज्य अमेरिका
2. विल्मेट वैली, संयुक्त राज्य अमेरिका
3. रियो ग्रांडे, उत्तरी अमेरिका
4. टक्सन, संयुक्त राज्य अमेरिका
5. योसेमाइट राष्ट्रीय उद्यान, संयुक्त राज्य अमेरिका
6. बोझमन, संयुक्त राज्य अमेरिका
7. वाशिंगटन, संयुक्त राज्य अमेरिका
8. वैंकुवर, कनाडा
9. चर्चिल, कनाडा
10. डीजोन, फ्रांस

## “बड़ा पाव” सर्वश्रेष्ठ सैंडविच में 13 वें स्थान पर

क्रोएशियाई-आधारित खाद्य यात्रा गाइड वेबसाइट ‘TasteAtlas’ द्वारा प्रकाशित **मुंबई के प्रसिद्ध स्ट्रीट फूड “बड़ा पाव”** को विश्व के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ रेटेड सैंडविच की सूची में 13वें स्थान पर रखा गया है।

- तुर्की का मकबरा सैंडविच सूची में सबसे ऊपर है।
- दूसरे नंबर पर पेरू का बुटीफारा सैंडविच और तीसरे नंबर पर अर्जेंटीना का डी लोमो सैंडविच है।

## विश्व के सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट

16 मार्च, 2023 को ब्रिटिश कंसल्टेंसी ‘स्काईट्रैक्स’ ने विश्व के 100 सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट की सूची जारी की है। 2023 की इस सूची में सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट को पहला स्थान दिया गया है।

- एम्स्टर्डम में पैसेंजर टर्मिनल एक्सपो में आयोजित वर्ल्ड एयरपोर्ट अवार्ड्स के दौरान इसकी घोषणा की गयी है।
- भारत का कोई भी एयरपोर्ट टॉप 20 में भी शामिल नहीं है। **इस रैंकिंग में दिल्ली का इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट 36वें स्थान पर** है।

**टॉप 10 एयरपोर्ट्स की सूची**

| स्थान | एयरपोर्ट | देश |
|---|---|---|
| 1 | सिंगापुर चांगी एयरपोर्ट | सिंगापुर |
| 2 | हमद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | कतर |
| 3 | टोक्यो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (हानेदा) | जापान |
| 4 | इंचियोन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | दक्षिण कोरिया |
| 5 | पेरिस चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डा | फ्रांस |
| 6 | इस्तांबुल एयरपोर्ट | तुर्किये |
| 7 | म्यूनिख एयरपोर्ट | जर्मनी |
| 8 | ज्यूरिख एयरपोर्ट | स्विट्जरलैंड |
| 9 | नरीता अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | जापान |
| 10 | मैड्रिड-बाराजस एयरपोर्ट | स्पेन |

## वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट–2023

वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 20 मार्च, 2023 को जारी की गई है। 2023 के लिए वर्ल्ड हैप्पीनेस सूचकांक के अनुसार, फिनलैंड विश्व का सबसे खुश देश है, जिसे लगातार छठे वर्ष यह उपाधि मिली है।

- यह रैंकिंग संयुक्त राष्ट्र सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशंस नेटवर्क द्वारा प्रकाशित किया गया है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार फिनलैंड के बाद डेनमार्क और आइसलैंड क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है।
- इस रिपोर्ट में विश्व के देशों को विभिन्न मानकों के आधार पर रैंकिंग दी गयी है।
- तीन साल के औसत 2020-2022 के आधार पर हैप्पीनेस रैंकिंग में भारत 126वें स्थान पर है।

| रैंकिंग के टॉप 10 देश | | |
|---|---|---|
| (तीन साल के औसत 2020-2022 के आधार पर हैप्पीनेस रैंकिंग) | | |
| **रैंक** | **देश** | **स्कोर** |
| 1 | फिनलैंड | 7.804 |
| 2 | डेनमार्क | 7.586 |
| 3 | आइसलैंड | 7.530 |
| 4 | इजराइल | 7.473 |
| 5 | नीदरलैंड | 7.403 |
| 6 | स्वीडन | 7.395 |
| 7 | नॉर्वे | 7.315 |
| 8 | स्विट्जरलैंड | 7.240 |
| 9 | लक्जमबर्ग | 7.228 |
| 10 | न्यूजीलैंड | 7.123 |

- भारत की यह रैंकिंग 2020-2022 में जीवन मूल्यांकन (Life Evaluations) पर आधारित है। इसमें भारत का औसत जीवन मूल्यांकन स्कोर 4.036 है।
- भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान (108), म्यांमार (72), नेपाल (78), बांग्लादेश (102) और चीन (64) को लिस्ट में भारत से ऊपर रखा गया है।

रिपोर्ट के 6 महत्वपूर्ण मानक सामाजिक सहायता, धन, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, चैरिटी और भ्रष्टाचार की अभाविता।

## वैश्विक आतंकवाद सूचकांकः 2023

इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP) द्वारा प्रकाशित दसवें वैश्विक आतंकवाद सूचकांक (जीटीआई) की रिपोर्ट के अनुसार अफगानिस्तान लगातार चार वर्षों से आतंकवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित देश बना है।

**रिपोर्ट के मुख्य बिंदु :** इस सूचकांक में बुर्किना फासो को दूसरे और सोमालिया को तीसरे स्थान पर रखा गया है।

- इस सूचकांक में **भारत 13वें स्थान पर**, जबकि पाकिस्तान 6वें स्थान पर है।
- दक्षिण एशिया विश्व में सबसे खराब औसत GTI स्कोर वाला क्षेत्र बना हुआ है।
- 2022 में विश्व भर में सबसे घातक आतंकवादी समूह, इस्लामिक स्टेट (IS); अल-शबाब; बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (BLA) और जमात नुसरत अल-इस्लाम वाल मुस्लिमीन (JNIM) रहा।
- रिपोर्ट में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) को 2022 में 12वें सबसे घातक आतंकवादी समूह के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

## महिला और पुरुष 2022 रिपोर्ट

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 15 मार्च, 2023 को "भारत में महिला और पुरुष 2022" रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरी में लैंगिक अंतर बढ़ गया है। दूसरी ओर शहरी क्षेत्रों में पिछले एक दशक में इस अंतर को कम होते देखा गया है।

**रिपोर्ट के मुख्य बिंदु :** जन्म के समय लिंग अनुपात 2017-19 में 904 से 2018-20 में तीन अंक बढ़कर 907 हो गया।

- भारत का लिंगानुपात (प्रति 1,000 पुरुषों पर महिलाएं) वर्ष 2036 तक 952 होने की संभावना है, जो 2011 में 943 से अधिक है।
- 1971 में जनसंख्या वृद्धि 2.2% से गिरकर 2021 में 1.1% हो गई थी, 2036 तक 0.58% तक गिरने का अनुमान है।
- 2017-2018 से 15 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए भारत की श्रम बल भागीदारी दर बढ़ रही है।
- 2021-22 में पुरुषों के लिए श्रम बल में भागीदारी की दर 77.2 और महिलाओं के लिए 32.8 थी, इस असमानता में कोई सुधार नहीं हुआ है।
- आयु और लिंग संरचना के अनुसार 15 वर्ष से कम आयु की जनसंख्या में गिरावट और 2036 तक 60 वर्ष से अधिक की जनसंख्या में वृद्धि होने की संभावना है।
- 2016 और 2020 के बीच 20-24 वर्ष और 25-29 वर्ष आयु वर्ग के लिए प्रजनन दर क्रमशः 135.4 और 166.0 से घटकर 113.6 और 139.6 हो गई।

## चिकित्सा पर्यटन सूचकांक

मेडिकल टूरिज्म एसोसिएशन द्वारा भारत को विश्व के 46 गंतव्यों में से वर्ष 2020-2021 के लिये चिकित्सा पर्यटन सूचकांक (Medical Tourism Index-MTI) में 10वें स्थान पर रखा गया है।

इस रिपोर्ट के अनुसार चिकित्सा उद्देश्य से विदेशी पर्यटकों का आगमन 2020 में 1.83 लाख से बढ़कर 2021 में 3.04 लाख हो गया है।

## पेयजल पर यूनेस्को रिपोर्ट

न्यूयॉर्क में 22-24 मार्च को हुए संयुक्त राष्ट्र 2023 जल सम्मेलन में यूनेस्को द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व की 26 प्रतिशत आबादी के पास सुरक्षित पेयजल नहीं है।

**रिपोर्ट के मुख्य बिंदु :** 46 प्रतिशत आबादी के पास सुरक्षित रूप से प्रबंधित स्वच्छता तक पहुंच नहीं है।

- दो से तीन अरब लोग प्रतिवर्ष कम से कम एक महीने पानी की कमी का अनुभव करते हैं।
- पानी की कमी का सामना कर रही वैश्विक शहरी आबादी 2016 में 930 मिलियन से दोगुनी होकर 2050 में 1.7 से 2.4 बिलियन हो जाएगी।
- यूएन ने विश्व जल दिवस 2023 को चिह्नित करने के लिए 'बी द चेंज' नामक एक वैश्विक अभियान शुरू किया है। ■

# योजना एवं कार्यक्रम

## BSE और UN Women India द्वारा FinEMPOWER कार्यक्रम

वित्तीय सुरक्षा के प्रति महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 6 मार्च, 2023 को बीएसई और यूएन वीमेन इंडिया की एक नई पहल 'फिनमपावर' को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में लॉन्च किया।

- वित्तीय सुरक्षा के प्रति महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए, बीएसई और संयुक्त राष्ट्र महिला ने एक साल के क्षमता निर्माण कार्यक्रम पर सहयोग किया है।
- बीएसई और संयुक्त राष्ट्र महिला इंडिया ने मिलकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "लिंग समानता समारोह के लिए रिंग द बेल" का आयोजन किया।

**बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई)** यह मुंबई में स्थित भारत का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज है। इसकी स्थापना 1875 में हुई थी। भारत को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बाजार में अपना श्रेष्ठ स्थान दिलाने में बीएसई की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## एमएसएमई प्रतिस्पर्धी (एलईएएन) योजना लॉन्च

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे ने 10 मार्च, 2023 को एमएसएमई प्रतिस्पर्धी (एलईएएन) योजना लॉन्च की।

- इसका उद्देश्य भारत के एमएसएमई के लिए वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए एक रोडमैप प्रदान करना है।
- एलईएएन न केवल गुणवत्ता, उत्पादकता और निष्पादन में सुधार लाने का प्रयास करेगा, बल्कि विश्व स्तरीय विनिर्माताओं में रूपांतरित करने की क्षमता भी है।
- यह स्कीम एलईएएन विनिर्माण प्रक्रियाओं के बारे में एमएसएमई के बीच जागरुकता का सृजन करने के लिए एलईएएन स्तरों को अर्जित करने के लिए एक विस्तारित अभियान है।
- एमएसएमई की सहायता करने के लिए, सरकार आरंभिक सहायता प्रदान करने के लिए कार्यान्वयन लागत और परामर्श शुल्क के 90 प्रतिशत का योगदान देगी।
- एमएसएमई के लिए 5 प्रतिशत का एक अतिरिक्त योगदान होगा, जो महिला/एससी/एसटी के स्वामित्व वाले तथा पूर्वोत्तर राज्यों में स्थित स्फूर्ति क्लस्टरों के हिस्से हैं।

## भारतीय प्रवासियों के लिए वैभव फैलोशिप योजना

15 मार्च, 2023 को भारत सरकार ने तुर्किये में भारतीय प्रवासियों के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित और चिकित्सा (STEMM) में एक नई फेलोशिप योजना, "वैभव फेलोशिप" शुरू की है।

- इस योजना का उद्देश्य विदेशी संस्थानों के शोधकर्ताओं की भारत में गतिशीलता के माध्यम से भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार करना है।
- यह फैलोशिप भारतीय प्रवासी शोध कर्ताओं को भारत में एक शोध संस्थान या शैक्षणिक संस्थान के साथ कार्य करने का अवसर प्रदान करती है।
- वैभव फैलोशिप की अवधि तीन वर्ष है, जिसमें सरकार शोधकर्ताओं को पूरी अवधि के लिये 37 लाख रुपये तक की राशि की प्रदान करती है।

**वैभव फैलोशिप योजना :** केंद्र सरकार ने भारतीय प्रवासी शोधकर्ताओं को देश के उच्च शिक्षण संस्थानों से जोड़ने के लिये वैभव फैलोशिप की शुरुआत की है। यह योजना भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों और विदेशों में अग्रणी संस्थानों के बीच अकादमिक और अनुसंधान सहयोग की सुविधा प्रदान करेगी।

## नीति आयोग ने 'एटीएल सारथी' लॉन्च किया।

नीति आयोग ने 14 मार्च, को अटल टिंकरिंग लैब्स (ATL) के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए एक व्यापक स्व-निगरानी ढांचा 'एटीएल सारथी' लॉन्च किया।

- 'ATL' सारथी का उद्देश्य एक निगरानी और मूल्यांकन ढांचा प्रदान करना है, जो एटीएल के कामकाज में सुधार करने में मदद कर सके।
- अटल इनोवेशन मिशन युवा मन में जिज्ञासा, रचनात्मकता और कल्पना को बढ़ावा देने के लिए पूरे भारत के स्कूलों में अटल टिंकरिंग लेबोरेटरीज (एटीएल) की स्थापना कर रहा है।
- अटल इनोवेशन मिशन (AIM) ने अटल टिंकरिंग लैब्स (एटीएल) स्थापित करने के लिए 10,000 स्कूलों को वित्त पोषित किया है।

## 27 इस्पात कंपनियों हेतु पीएलआई योजना

सरकार ने स्टील उत्पादन के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के तहत, इस्पात मंत्रालय ने 27 कंपनियों के साथ 57 समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

- 10 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत खर्च योजना की घोषणा की गई है, जो इस्पात उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण है।
- भारत को विनिर्माण का एक बड़ा केंद्र बनने की उम्मीद है, जिससे देश की जीडीपी में इस्पात का शेयर 2% से 5% तक बढ़ेगा।

- योजना में शामिल इस्पात कंपनियों को भारत में मूल्य जोड़ इस्पात के उत्पादन में सरकार के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) :** केंद्र सरकार ने मार्च 2020 में पीएलआई योजना की शुरुआत की है। यह स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और आयात बिलों में कटौती करने हेतु बनाई गई योजना है।

## "रेशम कीट बीमा" कार्यक्रम

उत्तराखंड ने अपने रेशम उत्पादकों की सुरक्षा के लिए 9 मार्च, 2023 को देश का पहला "रेशम कीट बीमा" कार्यक्रम शुरू किया है। इस योजना का उद्देश्य क्षेत्र में रेशम के उत्पादन को बढ़ावा देना है।

- उत्तराखंड "रेशम कीट बीमा" कार्यक्रम शुरू करने वाला भारत का पहला राज्य है।
- किसानों को नुकसान से बचाने के लिए राज्य के चार जिलों के पांच विकास खंडों में फैले पायलट प्रोजेक्ट के रूप में यह कार्यक्रम शुरू किया गया है।
- पहले चरण में चार जिलों-देहरादून, हरिद्वार, उधम सिंह नगर और नैनीताल के पांच ब्लॉकों के 200 रेशम उत्पादकों ने बीमा प्राप्त किया।
- इस बीमा ने उन्हें जलवायु परिवर्तन, पानी की कमी और अन्य खतरों के प्रभाव से बचाया।
- इस योजना के अंतर्गत अब तक 4.90 लाख किसानों को लगभग 480 करोड़ की धनराशि प्राकृतिक कारणों से उनकी फसलों की क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान की जा चुकी है।

## केरल में पहली अपशिष्ट से ऊर्जा परियोजना

केरल सरकार ने हाल ही में कोझीकोड में राज्य की पहली अपशिष्ट से ऊर्जा परियोजना की घोषणा की।

- योजना के पूर्ण होने में लगभग 2 वर्ष लगेंगे एवं इससे लगभग 6 मेगावाट विद्युत उत्पादन होने की संभावना है। कोझिकोड की आबादी लगभग 6.3 लाख है और यह लगभग 300 TPD अपशिष्ट उत्पन्न करता है।
- देश भर में लगभग 100 अपशिष्ट से ऊर्जा परियोजनाएँ हैं,
- अपशिष्ट से ऊर्जा परियोजनाएँ विद्युत उत्पन्न करने और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के बोझ को कम करने के लिये गैर-पुनर्नवीनीकरण योग्य सूखे अपशिष्ट का उपयोग करती हैं।
- भारत में 55-60% ठोस अपशिष्ट बायोडिग्रेडेबल जैविक अपशिष्ट है, जिसे जैविक खाद या बायोगैस में परिवर्तित किया जा सकता है; 25-30% गैर-बायोडिग्रेडेबल सूखा अपशिष्ट एवं लगभग 15% अपशिष्ट गाद, पत्थर और नाली के रूप में है।
- गैर-बायोडिग्रेडेबल सूखे अपशिष्ट में से केवल 2-3% (कठोर प्लास्टिक, धातु और ई-अपशिष्ट सहित) रिसाइकिल करने योग्य है।
- शेष में निम्न श्रेणी के प्लास्टिक, चिथड़े एवं वस्त्र शामिल हैं, जिनका पुनर्नवीनीकरण नहीं किया जा सकता है।
- अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र विद्युत उत्पन्न करने हेतु इस हिस्से का उपयोग करते हैं। ऊष्मा उत्पन्न करने के लिये अपशिष्ट को जलाया जाता है, जिससे विद्युत उत्पन्न होती है।

## बुनियादी ढांचे की 6 परियोजनाओं को मंजूरी

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा एक रेल मंत्रालय द्वारा तीन और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दो सहित छः परियोजनाओं की नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) द्वारा जांच के बाद उनकी मंजूरी दी गई।

- इन परियोजनाओं को एकीकृत और समग्र दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए पीएम गति शक्ति सिद्धांतों के साथ मिलकर विकसित किया जाएगा।
- ये परियोजनाएं मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी, माल और यात्रियों की निर्बाध आवाजाही के साथ-साथ पूरे देश में दक्षता भी प्रदान करेंगी।

**ये परियोजनाएं हैं-**

1. नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की एक परियोजना की एनपीजी द्वारा जांच की गई।
   - यह परियोजना लद्दाख में नवीकरणीय ऊर्जा के लिए अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली के लिए है।
2. रेल मंत्रालय ने कानपुर अनवरगंज-मंधना एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के लिए सिटी लॉजिस्टिक्स के लिए एक परियोजना प्रस्तावित की।
   - यह एक शहर-विशिष्ट परियोजना है, क्योंकि यह रेलवे के लिए लाइन क्षमता उपयोग में वृद्धि करेगी और क्षेत्र में शहर के रसद में सुधार करेगी।
3. बिहार में विक्रमशिला-कटरिया को जोड़ने वाली नई रेलवे लाइन के संबंध में गंगा नदी पर रेल पुल के निर्माण के लिए रेल मंत्रालय की एक परियोजना की एनपीजी द्वारा जांच की गई थी।
   - यह परियोजना भागलपुर से गंगा नदी पर एक धारा के साथ लगभग 40 किमी दूर है।
   - यह परियोजना खाद्यान्न के आर्थिक नोड्स, उत्तर बिहार और पूर्वोत्तर क्षेत्र में सीमेंट की आवाजाही, पूर्वी कोयला क्षेत्र, स्टोन चिप्स बोल्डर और अन्य खदान उत्पादों को एक दिन में पांच रेक तक बढ़ाएगी।
4. 178.28 किमी की अजमेर-चित्तौड़गढ़ रेलवे लाइन के दोहरीकरण के लिए एक अन्य परियोजना प्रस्ताव की जांच की गई।
   - यह परियोजना मुख्य रूप से राजस्थान में अजमेर, भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ जिलों सहित औद्योगिक और जनजातीय बेल्ट की सेवा करेगी।
   - इसके अलावा, एनपीजी ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दो परियोजनाओं की भी मंजूरी दी है।

**नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) :** नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप में रेल, सड़क परिवहन और हाईवे, ऊर्जा, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, नागरिक उड्डयन, बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय और दूरसंचार विभाग के प्रमुख और नीति आयोग और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रमुख भी शामिल हैं। ■

# BFSI बैंकिंग, फाइनेंस, सेवा और बीमा

## RBI के अनुसार रोजाना यूपीआई लेनदेन 50% बढ़कर 36 करोड़

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने 6 मार्च, 2023 को कहा कि यूपीआई (एकीकृत भुगतान इंटरफेस) के माध्यम से भुगतान पिछले 12 महीनों में तेजी से बढ़ा है और दैनिक लेनदेन 36 करोड़ को पार कर गया है, जो फरवरी 2022 में 24 करोड़ से 50 प्रतिशत अधिक है।

- मूल्य के हिसाब से ये लेनदेन 6.27 लाख करोड़ रुपये के हैं, जो फरवरी 2022 के 5.36 लाख करोड़ रुपये से 17 प्रतिशत अधिक है।
- पिछले तीन महीनों के दौरान कुल मासिक डिजिटल भुगतान लेनदेन हर महीने 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के आंकड़े को पार कर गया।
- यूपीआई लेनदेन की संख्या जनवरी 2023 में 800 करोड़ से अधिक हो गई, जबकि एनईएफटी (नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर) में 28 फरवरी को 3.18 करोड़ लेनदेन की अब तक की सबसे अधिक दैनिक मात्रा देखी गई।
- यूपीआई लेनदेन की मात्रा जनवरी 2017 में 0.45 करोड़ से कई गुना बढ़कर जनवरी 2023 में 804 करोड़ हो गई है।
- इसी अवधि के दौरान यूपीआई लेनदेन का मूल्य सिर्फ 1,700 करोड़ रुपये से बढ़कर 12.98 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

**यूनिफाइड पेमेण्ट इण्टरफेस (यूपीआई):** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रारम्भ किया गया ऑनलाइन भुगतान की एक नयी प्रणाली है, जो अन्तर-बैंक लेनदेन को सुविधाजनक बनाता है। UPI को 2016 में लॉन्च किया गया था।

## एसबीआई ने अपनी तीसरी एटी 1 बॉन्ड बिक्री से 3,717 करोड़ रुपये जुटाए

भारतीय स्टेट बैंक ने 8 मार्च, 2023 को अतिरिक्त टियर-1 बांड बिक्री के जरिए 3,717 करोड़ रुपये जुटाए।

- यह तीसरी अतिरिक्त टियर-1 (एटी1) बांड बिक्री है और ताजा निर्गम 8.25 प्रतिशत की कूपन दर पर बंद हुआ।
- निर्गम से मिली राशि का प्रयोग अतिरिक्त टियर-1 पूंजी और बैंक के समग्र पूंजी आधार को बढ़ाने तथा पूंजी पर्याप्तता को मजबूत करने के लिए किया जाएगा।
- इस एटी 1 बांड को दस साल बाद भुनाया जा सकता है।
- इससे पहले, बैंक ने 21 फरवरी, 2023 को 4,544 करोड़ रुपये के अतिरिक्त टियर 1 बॉन्ड जुटाए थे, जो बोली की तारीख पर संबंधित एफबीआईएल जी-सेक पार वक्र से 71 बीपीएस के दायरे में थे।

**बांड (Bond) :** बांड को एक ऋण साधन (debt instrument) कहा जाता है, जिसमें जारीकर्ता कंपनी ऋणदाता (बांड धारक) से पैसे उधार लेती है और बदले में मूल राशि पर ब्याज का भुगतान करने के लिए बाध्य होती है। ब्याज को कूपन कहा जाता है।

## IDFC म्यूचुअल फंड (MF) ने खुद को बंधन म्यूचुअल फंड के रूप में रीबांड किया।

आईडीएफसी म्यूचुअल फंड ने खुद को बंधन म्यूचुअल फंड के रूप में रीब्रांड किया है। नाम में बदलाव 13 मार्च, 2023 से प्रभावी है।

- फंड हाउस की सभी योजनाओं का नाम बदलकर 'आईडीएफसी' शब्द की जगह 'बंधन' शब्द से बदल दिया गया है।
- रीब्रांडिंग में नाम और लोगो का परिवर्तन शामिल है।
- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने दिसंबर 2022 में आईडीएफसी म्यूचुअल फंड के बंधन से जुड़े कंसोर्टियम (सहायता संघ) के प्रस्तावित अधिग्रहण को मंजूरी दे दी थी।
- यह कंपनी, पहले आईडीएफसी समूह का हिस्सा थी, अप्रैल 2022 में बंधन फाइनेंशियल होल्डिंग्स के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम द्वारा अधिग्रहित की गई थी।
- बंधन फाइनेंशियल होल्डिंग्स ने आईडीएफसी एएमसी और आईडीएफसी एएमसी ट्रस्टी कंपनी को मूल आईडीएफसी से 4,500 करोड़ रुपये में खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

**बंधन बैंक:** यह भारत की एक बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा कम्पनी है, जिसका मुख्यालय कोलकाता में है। बंधन बैंक ने 2001 में माइक्रो फाइनेंस कंपनी के तौर पर शुरुआत की थी।

## सेलान बैंक ने इंडियन बैंक में आईएनआर नोस्ट्रो खाता खोला

श्रीलंका के सेलान बैंक (Seylan Bank) ने 19 मार्च, 2023 को मुंबई के इंडियन बैंक में भारतीय मुद्रा में लेनदेन करने के लिए एक बैंक खाता खोला। इससे दोनों देशों के बीच सीमापार का लेनदेन भारतीय रुपये में करने में आसानी होगी।

- बैंक ऑफ सीलोन ने दिसंबर 2022 में अपना पहला रुपये का समझौता किया था और 1 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन पूरा कर लिया है।

- इसी तरह, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने इसी महीने से (मार्च, 2023) रुपया बंदोबस्त शुरू किया है, जबकि इंडियन बैंक इस साल जनवरी से इसी तरह के लेनदेन को पूरा कर रहा है।
- भारत, भारतीय रुपया आधारित व्यापार वर्गों को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, जो विदेशी मुद्रा में कमी को देखते हुए दोनों पक्षों के व्यापारियों को मदद करेगा।

**नोस्ट्रो खाताः** नोस्ट्रो खाता उस खाते को संदर्भित करता है, जिसे एक बैंक दूसरे बैंक में विदेशी मुद्रा में रखता है । इससे ग्राहकों को किसी दूसरे बैंक के खाते में पैसा जमा करने की सुविधा मिलती है। इसका उपयोग अक्सर तब किया जाता है, जब किसी बैंक की विदेश में कोई शाखा नहीं होती है।

## रिजर्व बैंक ने एचडीएफसी बैंक पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया

भारतीय रिजर्व बैंक ने 2019-20 की अवधि के दौरान कुछ जमाकर्ताओं की परिपक्व जमा राशि को उनके नामित बैंक खातों में स्थानांतरित करने में विफल रहने के लिए आवास विकास वित्त निगम लिमिटेड पर 17 मार्च, 2023 को 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

- बैंक ने कुछ मानदंडों का पालन न करने पर IGH होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड पर 11 लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।
- कंपनी वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए अपने लाभ और हानि खाते में बताए गए शुद्ध लाभ का 20 प्रतिशत रिजर्व फंड में स्थानांतरित करने की वैधानिक आवश्यकता का पालन करने में विफल रही है।
- आरबीआई ने किसी कंपनी पर गैर-अनुपालन के लिए जुर्माना लगाया है।
- इससे पहले RBI ने प्रीपेड भुगतान उपकरणों के लिए केवाईसी नियमों और रेगुलेशन्स का पालन नहीं करने के लिए अमेजन पे (इंडिया) लिमिटेड पर 3 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया था।

## NCLT ने HDFC लिमिटेड और HDFC बैंक के विलय को मंजूरी दी

17 मार्च, 2023 को राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायालय (NCLT) ने एचडीएफसी लिमिटेड और एचडीएफसी बैंक के विलय को मंजूरी दी, जो कॉर्पोरेट इंडिया के इतिहास में सबसे बड़ा विलय माना जा रहा है।

- यह विलय भारत की सबसे बड़ी हाउसिंग फाइनेंस कंपनी को देश की सबसे बड़ी निजी बैंक के साथ जोड़कर एक विशाल बैंकिंग एंटिटी बनाएगा।
- दोनों इकाइयों के विलय प्रस्ताव को रिजर्व बैंक (RBI), इंश्योरेंस रेग्युलेटर आईआरडीएआई (IRDAI), पीएफआडीए (PFRDA) की नीतिगत मंजूरी पहले ही मिल चुकी है।
- बीएसई पर एचडीएफसी लिमिटेड का बाजार पूंजीकरण 4.70 लाख करोड़ रुपये है, जबकि एचडीएफसी बैंक का 8.77 लाख करोड़ रुपये है।
- विलय के बाद, एचडीएफसी बैंक सार्वजनिक शेयरधारकों की पूर्ण स्वामित्व में होगा और एचडीएफसी के मौजूदा शेयरधारक बैंक के 41% का मालिक होंगे।
- विलय के बाद, HDFC बैंक वर्तमान तीसरे सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक की तुलना में दोगुना होगा।

**हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ( HDFC LTD. ):** यह भारत की अग्रणी वित्तीय संस्थाओं में से एक है। यह कंपनी 1977 में घरों की खरीद या निर्माण के लिए वित्त प्रदान करने का उद्देश्य के साथ स्थापित की गई थी।

## आईसीआईसीआई लोम्बर्ड जनरल इन्श्योरेंस द्वारा 'एनीवेर कैशलेस' शुरू

आईसीआईसीआई लोम्बर्ड जनरल इन्श्योरेंस ने स्वास्थ्य बीमा धारकों के लिए एक उद्योग-पहल का आरंभ किया है।

- **जिसका नाम 'एनीवेर कैशलेस' है।** इसमें ग्राहकों को अपनी जेब से कोई खर्च नहीं उठाना पड़ेगा।
- 'एनीवेर कैशलेस' के माध्यम से बीमा धारकों को किसी भी अस्पताल में कैशलेस सुविधा प्राप्त करने की अनुमति मिलती है, चाहे वह वर्तमान में ICICI Lombard के अस्पताल नेटवर्क का हिस्सा हो या न हो।
- 'एनीवेर कैशलेस' सुविधा अस्पताल द्वारा कैशलेस सुविधा की स्वीकृति के अधीन है।
- इस सुविधा को शुरू में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लॉन्च किया गया था।
- अब पूरे भारत में IL Take Care ऐप के माध्यम से इसका लाभ उठाया जा सकता है।

**आईसीआईसीआई के लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंसः** आईसीआईसीआई लोम्बर्ड जनरल इंश्योरेंस भारत में एक अग्रणी इंश्योरेंस कंपनी है जो स्वास्थ्य बीमा, मोटर बीमा, यात्रा बीमा और घर का बीमा जैसी विभिन्न बीमा उत्पादों की पेशकश करती है।

- यह अपने ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण और अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले बीमा उत्पादों और सेवाओं को प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता के लिए जानी जाती है।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का क्रंचफिश के साथ समझौता

27 मार्च 2023 को IDFC थ्पतेज ठंदा ने स्वीडिश कंपनी क्रंचफिश (Crunchfish) के साथ मिलकर ऑफलाइन खुदरा भुगतान का एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए एक समझौता किया है।

बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के पायलट प्रोजेक्ट में भाग लेगा जिसका उद्देश्य ऑफलाइन भुगतान को सक्षम करने का है।

- यह प्रोजेक्ट ग्राहकों और व्यापारियों को नेटवर्क कनेक्टिविटी के बिना भी डिजिटल भुगतान सेवाएं प्रदान करने में सक्षम होगा।
- यह प्रोजेक्ट भारत के भुगतान पारितंत्र पर आधारित ऑफलाइन खुदरा भुगतान के लिए डिजिटल कैश प्लेटफॉर्म पर समर्थन प्रदान करेगा। ■

# सार–संक्षेप



## निधन

### भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एएम अहमदी का निधन

भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एएम अहमदी का 2 मार्च, 2023 को 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

- न्यायमूर्ति अहमदी 25 अक्टूबर, 1994 से 24 मार्च, 1997 तक भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया।
- अहमदी भारत के एकमात्र मुख्य न्यायाधीश थे, जो सत्र न्यायाधीश से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तक पहुंचे।
- उन्होंने 1989 में सुप्रीम कोर्ट कानूनी सहायता समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।
- 1990 और 1994 के बीच भारत में कानूनी सहायता योजनाओं को लागू करने के लिए समिति के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में काम किया था।

### अभिनेता-निर्देशक सतीश कौशिक का निधन

प्रसिद्ध अभिनेता एवं फिल्मकार सतीश कौशिक का 9 मार्च, 2023 को गुरुग्राम में निधन हो गया।

- कौशिक नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा और फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के पूर्व छात्र थे।
- कौशिक को "जाने भी दो यारों", "मिस्टर इंडिया", "दीवाना मस्ताना" और "उड़ता पंजाब" जैसी फिल्मों में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है।
- 1990 में आई सुपरहिट फिल्म 'राम लखन' और 1997 में 'साजन चले ससुराल' में हास्य भूमिकाओं के लिए कौशिक को फिल्मफेयर पुरस्कार प्रदान किया गया था।
- सतीश कौशिक एक फिल्म निर्देशक भी थे। उन्होंने 'हम आपके दिल में रहते हैं', 'तेरे नाम' और 'मुझे कुछ कहना है' जैसी कई फिल्मों का निर्देशन किया था।

### वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रताप वैदिक का निधन

वरिष्ठ पत्रकार और अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ वेद प्रताप वैदिक का 14 मार्च, 2023 को निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे।

- वैदिक प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) की हिंदी समाचार एजेंसी 'भाषा' के संस्थापक-संपादक रहे थे।
- वे पहले टाइम्स समूह के समाचारपत्र नवभारत टाइम्स में संपादक रहे।
- उन्हें विश्व हिन्दी सम्मान (2003), महात्मा गांधी सम्मान (2008), हिन्दी अकादमी सम्मान, काबुल विश्वविद्यालय पुरस्कार आदि सम्मान दिए गए।

## नियुक्ति

### एसएस दुबे नए लेखा महानियंत्रक नियुक्त

6 मार्च, 2023 को केंद्र सरकार ने एसएस दुबे को 28वें महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के रूप में नियुक्त किया है।

- CGA के रूप में कार्यभार संभालने से पूर्व दुबे अतिरिक्त लेखा नियंत्रक, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (PFMS) थे।
- दुबे ने आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय में मुख्य लेखा नियंत्रक के रूप में भी काम किया है।

**लेखा महानियंत्रक (CGA):** लेखा महानियंत्रक (सीजीए) केंद्र सरकार के लेखा मामलों पर 'प्रमुख सलाहकार' है।

### सिद्धार्थ मोहंती LIC के अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त

सिद्धार्थ मोहंती को केंद्र सरकार ने 11 मार्च, 2023 को एलआईसी का अंतरिम अध्यक्ष के तौर पर नियुक्त किया है, मो. हंती 14 मार्च से तीन महीने के लिए इस पद पर बने रहेंगे। वे एमआर कुमार की जगह लेंगे।

- एलआईसी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के रूप में एमआर कुमार का कार्यकाल 13 मार्च, 2023 को समाप्त हो गया।
- मोहंती को 1 फरवरी, 2021 को एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस के एमडी और सीईओ नियुक्त किया गया था।
- उन्होंने टी. सी. सुशील कुमार की जगह ली थी।
- सिद्धार्थ मोहंती को उनकी सेवानिवृत्ति (30 जून, 2023) तक एलआईसी के एमडी बने रहने के लिए नामांकित किया गया था।
- LIC में एक अध्यक्ष और चार एमडी शामिल हैं। वर्तमान में, बिष्णु चरण पटनायक, आईपे मिनी, सिद्धार्थ मोहंती, और राज कुमार LIC के एमडी हैं।

**भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC):** भारत की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी की स्थापना सन् 1956 में हुई। इसका मुख्यालय भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई में है।

### बी. गोपकुमार एक्सिस म्यूचुअल फंड के एमडी और सीईओ नियुक्त

एक्सिस सिक्योरिटीज के प्रबंध निदेशक और सीईओ बी गोपकुमार को एक्सिस एसेट मैनेजमेंट कंपनी द्वारा प्रसिद्ध फंड हाउस एक्सिस म्यूचुअल फंड का नया सीईओ नामित किया गया है। वह 1 मई, 2023 को तीन साल के लिए अपना पद भार ग्रहण करेंगे।

- चंद्रेश निगम के इस्तीफे के बाद गोपकुमार को एक्सिस म्यूचुअल फंड का सीईओ बनाया गया है।
- इससे पूर्व बी. गोपकुमार एक्सिस सिक्योरिटिज के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ थे।
- वर्ष 2022 में एक्सिस म्यूचुअल फंड के दो फंड मैनेजर्स पर फ्रंट रनिंग स्कैंडल का आरोप लगा था।
- फ्रंट रनिंग और इनसाइडर ट्रेनिंग दोनों ही मामलों में अपराधियों का मकसद कंपनी के शेयरों में ट्रेडिंग करके शेयर बाजार में पैसा बनाना है।

**एक्सिस म्यूचुअल फंड :** यह भारत में तेजी से बढ़ने वाली म्युचुअल फंड कंपनियों में से एक है। इसकी स्थापना वर्ष 2009 में हुई थी और इसका मुख्यालय मुंबई में है।

### जलवायु उद्यमी श्रेया घोडावत 'SHE चेंजेस क्लाइमेट' का भारत राजदूत नियुक्त

जलवायु उद्यमी श्रेया घोडावत को 13 मार्च, 2023 को 'शी चेंजेस क्लाइमेट' (SHE Changes Climate) के लिए भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है।

**'SHE चेंजेस क्लाइमेट':** यह एक वैश्विक अभियान है, जो सिर्फ जलवायु कार्रवाई को तेज करने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। वैश्विक गैर-लाभकारी संगठन 'SHE चेंजेस क्लाइमेट' ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 'एम्ब्रेस इक्विटी' शीर्षक से एक विशेष पहल शुरू की है।

### दीपक मोहंती पीएफआरडीए के अध्यक्ष नियुक्त

14 मार्च, 2023 को दीपक मोहंती को पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने सुप्रतिम बंद्योपाध्याय का स्थान लिया है।

- मोहंती कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, इस पद पर बने रहेंगे।
- मोहंती इससे पूर्व भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) में एक कार्यकारी निदेशक थे।
- मोहंती अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में भी कार्य किया है।
- उन्होंने आर्थिक अनुसंधान में विभिन्न पदों पर भी कार्य किया और आरबीआई में मौद्रिक नीति विभाग के प्रमुख थे।

**पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए):** यह संवैधनिक विनियामक निकाय है, इसकी स्थापना वर्ष 2014 में एनपीएस अंशदाताओं के वृद्धावस्था आय की सुरक्षा और हितों की रक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है।

### के. कृतिवासन टीसीएस के सीईओ नियुक्त

16 मार्च, 2023 को टीसीएस के सीईओ व एमडी राजेश गोपीनाथन के इस्तीफे के बाद कृति कृतिवासन को देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा फर्म टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) का सीईओ नियुक्त किया गया है।

- इससे पूर्व कृतिवासन, टीसीएस के बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विसेज और इंश्योरेंस कारोबार के ग्लोबल हेड और प्रेसिडेंट के पद पर थे।
- उनका उत्तरदायित्व कंपनी के लिए एक विकास रणनीति तैयार करना, वित्तीय प्रदर्शन में सुधार करना और बाजार में कंपनी की स्थिति को मजबूत करना है।
- उन्होंने कंपनी के प्रमुख क्लाइंट्स को डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, मैनेजमेंट साइकल बदलने, कॉस्ट ऑप्टिमाइजेशन ड्राइव करने और आईटी प्रोग्राम गवर्नेंस स्थापित करने में मदद की है।
- के. कृतिवासन, टीसीएस में 1989 में शामिल हुए थे। वे अपने कैरियर में कंपनी में डिलीवरी, सेल्स और कई शीर्ष मैनेजमेंट के पद संभाल चुके हैं।

**टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस लिमिटेड (टीसीएस):** टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड की सहायक कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS), सूचना प्रौद्योगिकी (IT) सेवाओं की प्रदाता है।

- यह विश्व की सबसे बड़ी सूचना तकनीकी तथा बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग सेवा प्रदाता कंपनियों में से है।

### रतन टाटा को विशिष्ट सेवा के लिए 'ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया' में नियुक्त

ऑस्ट्रेलिया के गवर्नर जनरल ने ऑस्ट्रेलिया-भारत संबंधों, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और परोपकार के विशिष्ट सेवा के लिए 17 मार्च, 2023 को रतन टाटा को 'ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया' में एक मानद अधिकारी नियुक्त किया गया है।

- टाटा फैमिली ट्रस्ट के तहत भारतीय छात्रों को ऑस्ट्रेलिया में पढ़ने के लिए स्कॉलरशिप दी जाती है।
- टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज 1998 से ऑस्ट्रेलिया में काम कर रही है।
- रतन टाटा को व्यापार, उद्योग, इंजीनियरिंग, नेतृत्व, संस्कृति और शांति के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए हैं।
- रतन टाटा को न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय से डॉक्टर ऑफ बिजनेस की मानद उपाधि भी प्रदान किये गये हैं।

## पुरस्कार

### 'पोर्टर पुरस्कार 2023'

COVID-19 के प्रबंधन में सरकार की रणनीति के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को 'पोर्टर पुरस्कार 2023' से सम्मानित किया गया।

- 23-24 फरवरी को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में 'द इंडिया डायलॉग' के दौरान इस पुरस्कार की घोषणा की गई है।
- **इस सम्मेलन का विषय 'द इंडियन इकोनॉमी 2023 : इनोवेशन, कॉम्पिटिटिवनेस एंड सोशल प्रोग्रेस' था।**
- 'पोर्टर पुरस्कार' का नाम पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री माइकल ई. पोर्टर के नाम पर रखा गया है।

**माइकल ई. पोर्टर :** पोर्टर ने बाजार प्रतिस्पर्धा और कंपनी रणनीति, आर्थिक विकास, पर्यावरण और स्वास्थ्य सेवा सहित कंपनियों, अर्थव्यवस्थाओं और समाज के सामने आने वाली कई चुनौतीपूर्ण समस्याओं को दूर करने के लिए आर्थिक सिद्धांत और अवधारणाओं को प्रस्तुत किया है।

## 8वां राष्ट्रीय फोटोग्राफी पुरस्कार

केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने 7 मार्च, 2023 को नई दिल्ली में 8वें राष्ट्रीय फोटोग्राफी पुरस्कार प्रदान किए।

- फोटो पत्रकार शिप्रा दास को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- पेशेवर फोटोग्राफर और शौकिया फोटोग्राफर प्रत्येक वर्ग में 6 फोटोग्राफरों को सम्मानित किया गया।
- व्यावसायिक फोटोग्राफी पुरस्कार शशि कुमार रामचन्द्रन को और शौकिया फोटोग्राफी का पुरस्कार अरुण साहा को प्रदान किया गया।

| 8 वें राष्ट्रीय फोटोग्राफी पुरस्कार के विजेता | |
|---|---|
| लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड | शिश्री सिप्रा दास |
| प्रोफेशनल फोटोग्राफर ऑफ द ईयर अवार्ड | श्री शशि कुमार रामचंद्रन |
| एमेच्योर फोटोग्राफर ऑफ द ईयर अवार्ड | श्री अरुण साहा |

| व्यावसायिक श्रेणी में विशेष उल्लेख पुरस्कार |
|---|
| श्री दीपज्योति बानिक |
| श्री मनीष कुमार चौहान |
| श्री आर. एस. गोपकुमार |
| श्री सुदीप्तो दास |
| श्री उमेश हरिश्चन्द्र निकम |
| एमेच्योर श्रेणी में विशेष उल्लेख पुरस्कार |
| श्री सी. एस. श्रीरंज |
| डॉ. मोहित वधावन |
| श्री रविशंकर एस. एल. |
| श्री सुभदीप बोस |
| श्री थारुन अडुरुगाटला |

## प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार 2023

7 मार्च, 2023 को ब्रिटेन के आर्किटेक्चर सर डेविड चिप्परफील्ड को प्रित्जकर आर्किटेक्चर-2023 पुरस्कार के लिए चुना गया है।

- यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वास्तुकला के सर्वोच्च सम्मान के रूप में माना जाता है।
- चिप्परफील्ड के 100 से अधिक परियोजनाएं हैं; जिसमें नागरिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक भवनों से लेकर विश्व के कई देशों में आवास और शहरी मास्टरप्लानिंग शामिल हैं।

| डेविड एलन चिपरफील्ड की उल्लेखनीय परियोजनाएं |
|---|
| नदी और रोइंग संग्रहालय (हेनले-ऑन-टेम्स, यूनाइटेड किंगडम, 1997) |
| बीबीसी स्कॉटलैंड मुख्यालय (ग्लासगो, यूनाइटेड किंगडम, 2007) |
| टर्नर समकालीन (मार्गेट, यूनाइटेड किंगडम, 2011) |
| • कैंपस सेंट लुइस कला संग्रहालय (मिसौरी, संयुक्त राज्य अमेरिका, 2013) |
| म्यूजो जुमेक्स (मेक्सिको सिटी, मेक्सिको, 2013) |
| वन पैनक्रास स्क्वायर (लंदन, यूनाइटेड किंगडम, 2013) |
| रॉयल एकेडमी ऑफ आर्ट्स मास्टरप्लान (लंदन, यूनाइटेड किंगडम, 2018) |
| होक्सटन प्रेस (लंदन, यूनाइटेड किंगडम, 2018) |
| कुंस्टहॉस ज्यूरिख (ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड, 2020) |

**प्रित्जकर वास्तुकला पुरस्कार:** प्रित्जकर पुरस्कार वास्तुकला (architecture) के क्षेत्र में दिया जाने वाला सर्वोच्च अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। इसकी शुरुआत वर्ष 1979 में हयात फाउंडेशन द्वारा की गई।

## 'गोल्डन सिटी गेट टूरिज्म अवाड्र्स 2023' में भारत को गोल्डन एंड सिल्वर स्टार

भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने बर्लिन में 7 से 9 मार्च, 2023 तक आयोजित 'टीवी/सिनेमा कमर्शियल्स इंटरनेशनल एंड कंट्री इंटरनेशनल' की श्रेणी के लिए इंटरनेशनल 'गोल्डन सिटी गेट टूरिज्म अवाड्र्स 2023' में गोल्डन और सिल्वर स्टार पुरस्कार जीता है।

- यह पुरस्कार भारत सरकार के पर्यटन सचिव अरविंद सिंह द्वारा 08 मार्च 2023 को प्राप्त किया गया।

## RRR फिल्म के गीत 'नाटू-नाटू' को ऑस्कर

13 मार्च, 2023 को 95वें ऑस्कर अवॉर्ड्स में भारतीय फिल्म-RRR के गीत 'नाटू-नाटू' ने सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में ऑस्कर जीता है।

- फिल्म 'RRR' का गीत 'नाटू नाटू' (Naatu Naatu) ओरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी में ऑस्कर 2023 के लिए नॉमिनेट हुआ था। यह ऑस्कर में नामांकित होने वाला पहला भारतीय गीत था।
- 'नाटू-नाटू' सर्वश्रेष्ठ गीत श्रेणी में भारत का पहला ऑस्कर प्राप्त किया है।
- गीत के शब्द चंद्रबोस द्वारा लिखे गए हैं, एमएम किरावनी द्वारा संगीत के साथ, इसे काल भैरव और राहुल सिपलीगंज द्वारा गाया गया है।
- इससे पहले 'नाटू-नाटू' ने बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग का गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड और क्रिटिक्स च्वाइस अवाड्र्स भी जीता था।
- भारतीय फिल्मों ने इस वर्ष के ऑस्कर में कुल तीन ऑस्कर नामांकित किए थे।
- भारत की डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द एलिफेंट व्हिस्पर्स' (The Elephant Whisperers) और 'ऑल दैट ब्रीथ्स' (All That Breathes) भी ऑस्कर 2023 के लिए नामांकित किया गया था।

**RRR फिल्म :** यह एसएस राजामौली द्वारा लिखित और निर्देशित तेलगू भाषा की फिल्म है।

- इसमें एनटी रामाराव जूनियर, राम चरण, आलिया भट्ट और अजय देवगन हैं। यह एक काल्पनिक कहानी है, जो भारत के स्वतन्त्रता सेनानियों, अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम पर आधारित है।

## 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म का ऑस्कर अवार्ड

95वें ऑस्कर अवॉर्ड्स में भारतीय प्रविष्टि 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' (The Elephant Whisperers) ने सर्वश्रेष्ठ

वृत्तचित्र लघु फिल्म श्रेणी (Documentary Short Subject category) में ऑस्कर जीता। 41 मिनट की यह एक तमिल भाषा की डॉक्यूमेंट्री फिल्म है।

- यह फिल्म दो अनाथ हाथी के बच्चों और उसकी देखभाल करने वाले बोम्मन और बेली नाम के एक कपल की कहानी पर आधारित है।
- 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' का निर्देशन कार्तिकी गोंसाल्विस ने किया है।

| 95वें ऑस्कर अवॉर्ड्स-2023 विजेताओं की सूची | |
|---|---|
| **श्रेणी** | **विजेता** |
| बेस्ट फिल्म | एवरीथिंग एवरीव्हेअर ऑल एट वंस |
| बेस्ट एक्टर | ब्रेंडन फ्रेजर (द व्हेल) |
| बेस्ट एक्टर इन सपोर्टिंग रोल | के हुई क्वान (एवरीथिंग एवरीव्हेअर ऑल एट वंस) |
| बेस्ट लीड एक्ट्रेस | मिशेह योह (एवरीथिंग एवरीव्हेअर ऑल एट वंस) |
| बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस | जेमी ली कर्टिस (एवरीथिंग एवरीव्हेअर ऑल एट वंस) |
| बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म | पिनोकिओ |
| बेस्ट सिनेमाटोग्राफी | जेम्स फ्रेंड (ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट) |
| बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन | रूथ कार्टर (ब्लैक पैंथर: वकांडा फॉरएवर) |
| बेस्ट डायरेक्टर | डेनियल क्वान और डेनियल शेइनर्ट (एवरीथिंग एवरीव्हेअर ऑल एट वंस) |
| बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म | द एलिफेंट व्हिस्पर्स |
| बेस्ट फिल्म एडिटिंग | पॉल रोजर्स (एवरीथिंग एवरीव्हेअर ऑल एट वंस) |
| बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म | ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट (जर्मनी) |
| बेस्ट मेकअप एंड हेअरस्टाइलिंग | एड्रियन मोरोट, ज्यूडी चिन, एनीमेरी ब्रेडली (द व्हेल) |
| बेस्ट म्यूजिक (ओरिजनल स्कोर) | वोल्कर बर्टलमैन (ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट) |
| बेस्ट म्यूजिक (ओरिजनल सांग) | संगीत: एमएम कीरवानी, गीत: चंद्रबोस ('नाटू नाटू' फिल्म आरआरआर) |
| बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन | ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट |
| बेस्ट एनिमेटेड शॉर्ट फिल्म | द बॉय, द मोल, द फॉक्स एंड द हॉर्स |
| बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म | एन आइरिश गुडबाय |
| बेस्ट साउंड | टॉप गन: मेवरिक |
| बेस्ट विज्युअल इफेक्ट्स | अवतार: द वे ऑफ वॉटर |
| बेस्ट राइटिंग (एडॉप्टेड स्क्रीनप्ले) | सारा पोली (वूमैन टॉकिंग) |
| बेस्ट राइटिंग (ओरिजनल स्क्रीनप्ले) | डेनियल क्वान और डेनियल शेइनर्ट (एवरीथिंग एवरीव्हेअर ऑल एट वंस) |

## ज्ञान चतुर्वेदी के उपन्यास 'पागलखाना' को व्यास सम्मान 2022

के. के बिड़ला फाउंडेशन ने 9 मार्च, 2023 को प्रसिद्ध हिंदी लेखक डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी को उनके व्यंग्य उपन्यास 'पागलखाना' के लिए 32वें व्यास सम्मान-2022 देने की घोषणा की है। यह उपन्यास 2018 में प्रकाशित हुआ था।

- वर्ष 2021 में असगर वजाहत को उनके नाटक 'महाबली' के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया था। डॉ. चतुर्वेदी को 2015 में भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।
- उनकी पहली पुस्तक 'नरक-यात्रा' जो भारत में चिकित्सा विज्ञान शिक्षा प्रणाली पर आधारित थी।
- डॉ. चतुर्वेदी मध्य प्रदेश में एक प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ हैं।
- 1991 में शुरू किया गया 'व्यास सम्मान' पिछले 10 वर्षों के दौरान हिंदी में प्रकाशित साहित्यिक रचना के लिए भारतीय नागरिक को दिया जाता है।

**केके बिड़ला फाउंडेशन:** के. के. बिड़ला फाउंडेशन की स्थापना वर्ष 1991 में कृष्णकुमार बिड़ला ने की थी। इसका उद्देश्य साहित्य (विशेष रूप से हिन्दी साहित्य) और कलाओं के विकास को प्रोत्साहित करना है।

## हेलो उज्जीवन ऐप को 13वां एजिस ग्राहम बेल अवार्ड

हैलो उज्जीवन ऐप ने "इनोवेशन इन कंज्यूमर टेक" श्रेणी में 13वां एजिस ग्राहम बेल अवार्ड्स (एजीबीए) जीता है।

यह पुरस्कार इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा समर्थित एजिस स्कूल ऑफ डेटा साइंस की एक पहल है।

- हैलो उज्जीवन, भारत का पहला मोबाइल बैंकिंग ऐप है, जो ग्रामीण ग्राहकों को बैंकिंग वित्तीय सेवाओं तक पहुंच प्रदान करता है।
- यह 8 क्षेत्रीय भाषाओं - हिंदी, मराठी, बंगाली, तमिल, गुजराती, कन्नड़, उड़िया और असमिया में उपलब्ध है।

**एजिस ग्राहम बेल अवार्ड्स:** यह पुरस्कार टेलीफोन के जनक और महान प्रर्वतक, अलेक्जेंडर ग्राहम बेल के नाम पर रखा गया है। 'एजिस स्कूल ऑफ बिजनेस, डेटा साइंस और साइबर सिक्योरिटी' ने नवाचारों को बढ़ावा देने और नवोन्मेषकों द्वारा उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए इस पुरस्कार की शुरुआत की है।

## तमिल लेखक शिवशंकरी को 'सरस्वती सम्मान 2022'

तमिल लेखक शिवशंकरी को उनके 2019 के संस्मरण 'सूर्य वामसम' के लिए सरस्वती सम्मान 2022 से सम्मानित किया जाएगा।

- शिवशंकरी 36 उपन्यासों, 48 उपन्यासों, 150 लघु कथाओं, 15 यात्रा-वृत्तांतों, निबंधों के सात संग्रहों और तीन जीवनियों की लेखिका हैं।
- **सरस्वती सम्मानः** सरस्वती सम्मान के. के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला साहित्य पुरस्कार है। यह सम्मान प्रतिवर्ष भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में दर्ज भाषाओं में प्रकाशित उत्कृष्ट साहित्यिक कृति को दिया जाता है। सरस्वती सम्मान का आरंभ 1991 में किया गया था। पहला सरस्वती सम्मान हिंदी के साहित्यकार डॉ.हरिवंश राय बच्चन को उनकी चार खंडों की आत्मकथा के लिए दिया गया था।

### बॉम्बे जयश्री को संगीत कलानिधि पुरस्कार

संगीत अकादमी ने वर्ष 2023 के लिए संगीत कलानिधि, नृत्य कलानिधि, संगीत कला आचार्य, टीटीके और संगीतज्ञ पुरस्कारों के नामों की भी घोषणा की।

प्रसिद्ध कर्नाटक गायक और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित बॉम्बे जयश्री को संगीत अकादमी द्वारा 2023 के संगीत कलानिधि पुरस्कार के लिए चुना गया है।

- नृत्य के लिए नृत्य कलानिधि पुरस्कार वसंतलक्ष्मी नरसिम्हाचारी को दिया गया है। उन्होंने भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी में विशिष्टता हासिल की है।
- कर्नाटक के संगीतकार पालकुलांगरा अंबिका देवी और मृदंगम विदवान केएस कालिदास को संगीत कला आचार्य के लिए चुना गया है।
- थिरुनागेश्वरम टी. आर. सुब्रमण्यम और सरगुरुनाथ ओधुवर को टीटीके पुरस्कारों के लिए चुना गया है।
- शास्त्रीय संगीत, नृत्य और रंगमंच के क्षेत्र में शोधकर्ता अरिमलम एस. पद्मनाभन को संगीतज्ञ पुरस्कार के लिए चुना गया है।

**संगीत कलानिधि पुरस्कारः** यह पुरस्कार 'मद्रास संगीत अकादमी' द्वारा प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार को 'कर्नाटक संगीत' के क्षेत्र में सर्वोच्च पुरस्कार माना जाता है।

### लुइस कैफरेली ने 2023 एबेल पुरस्कार जीता

लुईस कैफरेली को 2023 का एबेल पुरस्कार प्रदान किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार गणित में नॉनलीनियर पार्शियल इक्वेशंस और फ्री-बाउंड्री प्रॉब्लम को लेकर दिए गए योगदान के लिए दिया गया है।

- गणित के इस सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार को नोबेल प्राइज के बराबर माना जाता है।
- पहली बार यह अवॉर्ड 2003 में जिएन पियरे को गणित के कई हिस्सों को आधुनिक बनाने हेतु दिया गया था।
- नार्वे की सरकार ने 2001 में इस पुरस्कार की शुरुआत की और 2003 में पहला पुरस्कार जिएन पियरे को दिया गया।

## सैन्य-युद्धाभ्यास

### अभ्यास "शिन्यू मैत्री"

भारतीय वायु सेना (IAF) ने जापान एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स (JASDF) के साथ 13 फरवरी से 02 मार्च, 2023 के बीच कोमात्सु, जापान में आयोजित अभ्यास शिन्यू मैत्री में भाग लिया।

- इस वायु अभ्यास का आयोजन भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास ध र्म गार्जियन के साथ ही किया गया।
- भारतीय वायु सेना का दल एक सी-17 ग्लोबमास्टर III विमान के साथ अभ्यास शिन्यू मैत्री 23 में भाग लिया।
- भारतीय वायुसेना के भारी लिफ्ट परिवहन विमान बेड़े संयुक्त अरब अमीरात में एक्सरसाइज डेजर्ट फ्लैग VIII तथा ब्रिटेन में एक्सरसाइज कोबरा वॉरियर में भी भाग लिया।

### अभ्यास "धर्म गार्जियन"

भारत और जापान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास "एक्सरसाइज धर्म गार्जियन" का चौथा संस्करण 17 फरवरी से 02 मार्च, 2023 तक जापान में शिगा प्रांत के कैंप इमाजू में आयोजित किया गया है।

- यह भारत और जापान के मध्य एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है।
- इस अभ्यास के संस्करण में जंगल और अर्द्ध शहरी/शहरी इलाकों में सैन्य गतिविधियों के लिए प्लाटून स्तर का संयुक्त प्रशिक्षण भी शामिल है।
- भारतीय सेना की गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट के सैनिक और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेजीएसडीएफ) में मिडिल आर्मी की एक इन्फैंट्री रेजिमेंट अभ्यास में भाग लिया।

### अभ्यास TROPEX-23

भारतीय नौसेना का अभ्यास, जिसे "2023 के लिए थिएटर लेवल ऑपरेशनल रेडीनेस एक्सरसाइज" (ट्रोपेक्स-23) कहा जाता है, नवंबर 2022 से मार्च 2023 तक चार महीने तक चलने के बाद अरब सागर में संपन्न हुआ।

- ट्रॉपेक्स-23 अभ्यास में लगभग 70 भारतीय नौसेना के जहाजों, 6 पनडुब्बियों और 75 से अधिक विमानों की भागीदारी रही।
- इस अभ्यास का उद्देश्य नौसेना की आक्रामक-रक्षा क्षमताओं को मान्य करना, समुद्री क्षेत्र में राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना और हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और शांति को प्रोत्साहित करना है।
- ट्रॉपेक्स को शांतिकाल से शत्रुता तक नौसेना के संक्रमण का परीक्षण करने के लिए कई चरणों में आयोजित किया जा रहा है।
- पहले चरण में, भारतीय नौसेना ने 12-13 जनवरी, 2021 को भारत के पूरे समुद्र तट और द्वीप क्षेत्रों के साथ तटीय रक्षा अभ्यास 'सी विजिल' आयोजित किया था।
- इस अभ्यास ने देश के तटीय रक्षा ढांचे को प्रमाणित करने का निर्देश दिया, जिसे मुंबई में 26/11 के आतंकवादी हमलों के बाद पूरी तरह से बदल दिया गया था।
- इस अभ्यास में भारतीय नौसेना, तटरक्षक बल, 13 तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की समुद्री पुलिस के साथ-साथ समुद्री क्षेत्र में अन्य हितधारकों की भागीदारी देखी गई।

### समुद्री अभ्यास 'एमपीएक्स'

भारतीय नौसेना के आईएनएस सह्याद्री जहाज ने 10-11 मार्च, 2023 को अरब सागर में फ्रांस की नौसेना (एफएन) के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास 'एमपीएक्स' में भाग लिया।

- भारतीय नौसेना के आईएनएस सह्याद्री जहाज और फ्रांस की नौसेना (एफएन) के पोत फ्रिगेट एफएस ला फेयेट समुद्री साझेदारी अभ्यास (एमपीएक्स) में भाग लिया।

**आईएनएस सह्याद्रीः** यह स्वदेश निर्मित अत्याधुनिक हथियारों व सेंसर से लैस है, जो उसे हवा, सतह तथा तलछट के खतरों का पता लगाने और उन्हें बेअसर करने में सक्षम बनाता है। यह युद्धपोत फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ (पूर्व) के परिचालन नियंत्रण के तहत, विशाखापत्तनम में स्थित भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का एक हिस्सा है।

### सैन्य अभ्यास 'फ्रिंजेक्स-23'

भारतीय थल सेना और फ्रांसीसी सेना के बीच पहला संयुक्त सैन्य अभ्यास फ्रिंजेक्स-23 केरल में तिरुवनंतपुरम के पैंगोड मिलिट्री स्टेशन में 07 और 08 मार्च, 2023 को आयोजित किया गया।

- पहली बार भारत और फ्रांस दोनों देशों की सेनाएं इस प्रारूप में तिरुवनंतपुरम स्थित भारतीय सेना और फ्रांस की 6वीं लाइट आर्मर्ड ब्रिगेड शामिल हुई हैं।

### अभ्यास 'ला पेरोस-2023' का तीसरा संस्करण

फ्रांसीसी नौसेना द्वारा बहुपक्षीय द्विवर्षीय अभ्यास 'ला पेरोस' का तीसरा संस्करण हिंद महासागर क्षेत्र में 13 से 14 मार्च, 2023 को आयोजित किया गया।

- इस अभ्यास में भारत, अमेरिका, जापान, फ्रांस, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाओं ने भाग लिया।
- इस अभ्यास का उद्देश्य भारत-प्रशांत क्षेत्र में भाग लेने वाली नौसेनाओं के बीच समुद्री डोमेन जागरुकता और समुद्री सहयोग में सुधार करना है।

**अभ्यास 'ला पेरोस':** इस संयुक्त अभ्यास के पहले संस्करण की शुरुआत फ्रांस ने 2019 में की थी। फ्रांसीसी नौसेना द्वारा अभ्यास ला पेरोस का आयोजन समुद्री समन्वय के लिए द्विवार्षिक किया जाता है।

## दिवस

### 03 मार्च, 2023: विश्व वन्यजीव दिवस

वनस्पतियों और जीवों के संरक्षण के मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रतिवर्ष 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस (WWD) मनाया जाता है।

- विश्व वन्यजीव दिवस 2023 की थीम 'वन्यजीव संरक्षण के लिए साझेदारी' है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने 20 दिसंबर, 2013 को अपने 68वें सत्र में, 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।

### 04 मार्च : राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

सुरक्षित कामकाजी माहौल को बढ़ावा देने और सभी पहलुओं में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 4 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। 4 मार्च, 2023 को 52वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया।

- राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस थीम 2023: **'हमारा उद्देश्य - शून्य नुकसान'** है।
- प्रतिवर्ष भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम प्रकाशित करती है।
- भारत में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थापना 4 मार्च, 1972 को हुई थी।

### 5वां जन औषधि दिवस सप्ताह

देश भर में सभी को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए फार्मास्युटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई), फार्मास्युटिकल्स विभाग द्वारा देश में 1 से 7 मार्च तक जन औषधि सप्ताह मनाया गया।

- 5वां जन औषधि दिवस पूरे भारत में **"जन औषधि - सस्ती भी अच्छी भी"** थीम पर आधारित आयोजित किया जाता है।
- मार्च के पहले सप्ताह में, 'जन औषधि सप्ताह' या जेनेरिक चिकित्सा सप्ताह मनाया जाता है, जबकि 7 मार्च को 'जन औषधि दिवस' या जेनेरिक दवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- पहली बार 7 मार्च, 2019 को यह दिवस मनाया गया था। जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिन को 'जन औषधि दिवस' के रूप में घोषित किया था।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

प्रत्येक वर्ष, 8 मार्च को विश्व भर की महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

- यूएन की - **'डिजिट ऑलः इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फॉर जेंडर इक्वीलिटी'** थीम के साथ विश्व भर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।
- वर्ष 2023 के थीम का उद्देश्य लैंगिक मुद्दों को प्रकाश में लाने में प्रौद्योगिकी के महत्व पर जोर देना है।

### नो स्मोकिंग डे 2023

प्रतिवर्ष मार्च के दूसरे बुधवार को नो स्मोकिंग डे मनाया जाता है। यह इस वर्ष 8 मार्च को था।

- इस वर्ष का विषय है: **"धूम्रपान बंद करने से आपके मस्तिष्क के स्वास्थ्य में सुधार होता है।"**

### 14 मार्च नदियों की कार्रवाई का अंतरराष्ट्रीय दिवस-2023

प्रतिवर्ष 14 मार्च को, विश्व भर में नदियों के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2023 में 26वां नदियों के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई दिवस मनाया जा रहा है।

- नदियों के लिए 2023 के अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई दिवस का विषय **"नदियों के अधिकार"** है, जो नदियों को राष्ट्रीय खजाने के रूप में नामित करने का आह्वान करता है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस

10 मार्च, 2023 को अंतरराष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस मनाया गया।

- इस दिवस का उद्देश्य महिला जजों द्वारा किये गये प्रयासों और योगदान को मान्यता प्रदान करना है।
- वर्ष 2023 में अंतरराष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस को **"न्याय में महिलाएं, न्याय के लिए महिलाएं"** अभियान के साथ मनाया गया।

- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 28 अप्रैल, 2021 को एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें प्रत्येक वर्ष 10 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस घोषित करने का संकल्प लिया गया था।
- 10 मार्च, 2022 को प्रथम बार अंतरराष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस मनाया गया।

### 15 मार्च-विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

उपभोक्ता कार्य विभाग द्वारा 15 मार्च, 2023 को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया गया।

- विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस, 2023 का विषय **"स्वच्छ ऊर्जा की गति से उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना"** है।
- विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस प्रथम बार 15 मार्च, 1983 को मनाया गया था।
- भारतीय संसद ने 9 दिसंबर, 1986 को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया, जिससे ग्राहकों को अधिक शक्ति मिली।

### राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस 2023

मानव स्वास्थ्य में टीकों के महत्व के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए देश भर में प्रतिवर्ष 16 मार्च को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया जाता है।

- भारत में, राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पहली बार 16 मार्च, 1995 को पोलियो उन्मूलन के लिए टीकाकरण को बढ़ावा देने हेतु मनाया गया था।
- टीकाकरण कार्यक्रम को 'दो बूंद जिंदगी की' नामक एक राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से लोकप्रिय बनाया गया था।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 27 मार्च, 2014 को भारत को पोलियो मुक्त घोषित किया था।
- टीकाकरण सार्वजनिक स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण पहलू है। टीके भविष्य में एक ही रोगजनक द्वारा सामना किए जाने के विरुद्ध शरीर को प्रतिरक्षा प्रदान करते हैं।

### विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस 2023

विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य मौखिक स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ाना होता है।

- वर्ष 2023 के विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस की थीम **"बी प्राउड ऑफ योर माउथ"** है।

### 20 मार्च 2023 को विश्व गौरैया दिवस

20 मार्च, 2023 को विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। प्रतिवर्ष 20 मार्च को नेचर फॉरएवर सोसाइटी (भारत) और इको-सिस एक्शन फाउंडेशन (फ्रांस) के सहयोग से विश्व गौरैया दिवस (World Sparrow Day) मनाया जाता है।

- वर्ष 2023 के विश्व गौरैया दिवस का विषय, **"मुझे गौरैया से प्यार है"**, गौरैया के संरक्षण में व्यक्ति और समुदायों की भूमिका पर जोर देता है।
- पहली बार वर्ष 2010 में यह दिन मनाया गया था।

**द नेचर फॉरएवर सोसाइटी (NFS):** यह एक गैर-लाभकारी, गैर-सरकारी संगठन है, जो 2006 से घरेलू गौरैया और अन्य सामान्य वनस्पतियों और जीवों के संरक्षण के लिए काम कर रहा है। इसकी स्थापना नासिक के रहने वाले मोहम्मद दिलावर ने गौरैया पक्षी की लुप्त होती प्रजाति की सहायता करने के लिए की थी।

### 21 मार्चः अंतरराष्ट्रीय वन दिवस

अंतरराष्ट्रीय वन दिवस प्रतिवर्ष 21 मार्च को मनाया जाता है।

- प्रतिवर्ष 13 मिलियन हेक्टेयर से अधिक वन नष्ट हो जाते हैं। बड़े पैमाने पर वनों की कटाई से 12% से 18% विश्व कार्बन उत्सर्जन होता है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2012 में 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस (IDF) घोषित किया।

### अंतरराष्ट्रीय नौरोज दिवस-2023

21 मार्च, 2023 को अंतरराष्ट्रीय नौरोज दिवस 2023 के रूप में मनाया गया। प्रतिवर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय नौरोज दिवस मनाया जाता है।

- संयुक्त राष्ट्र ने 21 मार्च को **"नौरूज"**, **"नवरुज"** या **"नौरोज"** के रूप में घोषित किया था, जिसका अर्थ "नया दिन" होता है और इसका लगभग 3,000 वर्ष का इतिहास है।

### 21 मार्च : अंतरराष्ट्रीय नस्लीय भेदभाव उन्मूलन दिवस

प्रतिवर्ष 21 मार्च को नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। यह दिवस जातिवाद और नस्लीय भेदभाव के विरुद्ध एकजुटता का आह्वान करता है।

## विविध

### एमिरेट्स भारत में सेवा देने वाली सबसे बड़ी विदेशी एयरलाइन बनी

भारत में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) के आंकड़ों के अनुसार, दुबई स्थित 'एमिरेट्स' भारत से आने और जाने वाले अंतरराष्ट्रीय यातायात के लिए सबसे बड़ी विदेशी एयरलाइन है।

- 2022 की अंतिम तिमाहीं के DGCA के आंकड़ों के अनुसार, यदि भारत के सभी घरेलू वाहकों को शामिल किया जाता है, तो एमिरेट्स तीसरा सबसे बड़ा वाहक भी है।

### 'वंदे भारत एक्सप्रेस' का संचालन करने वाली पहली महिला सुरेखा यादव

सुरेखा यादव सेमी-हाई स्पीड 'वंदे भारत एक्सप्रेस' ट्रेन का संचालन करने वाली पहली महिला बन गई हैं। उन्होंने 13 मार्च, 2023 को सोलापुर स्टेशन और मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) के बीच इस ट्रेन का संचालन किया।

- महाराष्ट्र के सतारा की रहने वाली सुरेखा यादव 1988 में देश की पहली महिला लोको पायलट (ट्रेन ड्राइवर) बनी थीं।
- मध्य रेलवे ने इससे पहले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर मुंबई-पुणे डेक्कन क्वीन एक्सप्रेस और सीएसएमटी-कल्याण महिलाओं की विशेष लोकल ट्रेन चलाई थी। ■

# खेल

## कर्नाटक संतोष ट्रॉफी का विजेता

5 मार्च, 2023 को सऊदी अरब की राजधानी रियाद के किंग फहद इंटरनेशनल स्टेडियम में कर्नाटक ने मेघालय को 3-2 से हराकर 54 वर्षों में पहली बार संतोष ट्रॉफी जीती। यह संतोष ट्रॉफी का 76वां संस्करण था।

- कर्नाटक के रॉबिन यादव को 'प्लेयर ऑफ द चैंपियनशिप' जबकि रजत पॉल लिंगदोह को गोलकीपर ऑफ चैंपियनशिप का अवार्ड मिला।
- मेघालय की टीम पहली बार इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची थी।
- फाइनल से पहले हुए प्ले ऑफ मैच में सर्विसेज ने पंजाब को 2-0 से हराकर तीसरे स्थान पर रहा।

**संतोष ट्रॉफी के बारें में:** संतोष ट्रॉफी एक स्टेट लेवल फुटबॉल प्रतियोगिता है।

- इस टूर्नामेंट की शुरुआत वर्ष 1941 में भारतीय फुटबॉल संघ (IFA) द्वारा शुरू किया गया था, इसका नाम IFA के पूर्व अध्यक्ष, सर मनमथ नाथ रॉय चौधरी के नाम पर शुरू किया गया था, जो संतोष के महाराजा थे।
- संतोष बांग्लादेश में स्थित एक स्थान है।

## बहरीन ग्रैंड प्रिक्स जीता

फॉर्मूला वन विश्व चैंपियन मैक्स वेरस्टैपेन ने 5 मार्च, 2023 को बहरीन ग्रैंड प्रिक्स जीता।

- 10वें प्रयास में खाड़ी राज्य में यह मैक्स वेरस्टैपेन की पहली जीत थी।
- 2001 ऑस्ट्रेलियाई ग्रां प्री में मेलबर्न में सप्ताहांत तक, 22 साल पहले शुरू हुए करियर में यह फॉर्मूला वन में उनकी रिकॉर्ड-बढ़ती 356वीं जीत थी।

**मैक्स एमिलियन वेरस्टैपेन:** वेरस्टैपेन एक फॉर्मूला वन रेसिंग ड्राइवर हैं। वेरस्टैपेन 2021 और 2022 फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियन है। वह रेड बुल रेसिंग के साथ फॉर्मूला वन में भाग लेता है। वेरस्टैपेन फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने वाले पहले डच ड्राइवर और 34वें फॉर्मूला वन वर्ल्ड ड्राइवर्स चैंपियन हैं।

**रेड बुल रेसिंग:** यह यूके में स्थित एक फॉर्मूला वन रेसिंग टीम है।

## 'बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमेन ऑफ द ईयर अवार्ड'

भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सार्वजनिक वोट के बाद 2022 का 'बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमेन ऑफ द ईयर अवार्ड' जीता है। चानू लगातार दो बार अवॉर्ड जीतने वाली पहली एथलीट बन गई हैं।

- भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान प्रीतम सिवाच को बीबीसी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है।
- सिवाच पहली महिला हॉकी कोच थीं, जिन्हें कोचों के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल ने 'बीबीसी पैरा स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर' पुरस्कार जीता, जो इस वर्ष शुरू की गई एक श्रेणी है।
- बॉक्सर नीतू घांघस को 'बीबीसी इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर' चुना गया।
- नीतू घांघस युवा विश्व चैंपियन और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक विजेता हैं।
- महिला लॉन गेंदबाजी टीम के लवली चौबे, रूपा रानी टिर्की, पिंकी और नयनमोनी सैकिया को 'बीबीसी चेंजमेकर ऑफ द ईयर अवार्ड' प्रदान किया गया है।

**मीराबाई चानू:** चानू ने 2020 के टोक्यो ओलंपिक में भारोत्तोलन में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय हैं। चानू ने 2022 में इंग्लैंड के बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। उन्होंने विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2022 में रजत पदक जीता है।

## शेष भारत ने मध्य प्रदेश को हराकर ईरानी कप जीता

5 मार्च 2023 को ग्वालियर में शेष भारत की टीम ने मध्य प्रदेश को 238 रन से हराकर ईरानी कप जीता। शेष भारत लगातार दूसरी बार चैंपियन बना है।

- शेष भारत की टीम 25वीं बार ईरानी कप जीता है।
- इससे पहले वह 2019-20 सीजन में सौराष्ट्र को हराने में कामयाब रहा था। 2020-21 में कोरोना महामारी के कारण ईरानी कप का आयोजन नहीं हुआ था।
- मध्य प्रदेश के खिलाफ दोनों पारियों में शतक लगाने वाले यशस्वी जायसवाल को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया।

**ईरानी ट्रॉफी:** भारत की एक घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता है। यह टूर्नामेंट वर्ष 1959-60 सीजन के दौरान रणजी ट्रॉफी चैंपियनशिप के 25 वर्ष पूरे होने पर, जेड. आर. ईरानी के नाम पर रखा गया था। यह क्रिकेट प्रतियोगिता वर्तमान रणजी ट्रॉफी विजेता और शेष भारतीय टीम के बीच सालाना खेला जाता है।

## काइलियन एम्बाप्पे पीएसजी के लिए सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी

फ्रांस के फुटबॉलर काइलियन एम्बाप्पे ने 4 मार्च, 2023 को नैनटेस पर 4-2 की जीत के साथ पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के लिए अपना 247वां मैच खेलते हुए सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

- एम्बाप्पे ने मैच के इंजरी समय (90+2 मिनट) में मुकाबले का आखिरी गोल किया, जो पीएसजी के लिए उनका 201वां गोल था।
- एम्बाप्पे ने इसके साथ ही एडिसन कवानी के 200 गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।
- फीफा विश्व कप 2022 में एम्बाप्पे को फ्रांस के तरफ से 8 गोल करने के कारण गोल्डन बूट प्रदान किया गया था।
- एम्बाप्पे 1966 में ज्योफ हर्स्ट के बाद विश्व कप फाइनल में हैट्रिक गोल करने वाले पहले खिलाड़ी भी है।

2022 फीफा विश्व कप के फाइनल में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड बनाया।

## पाकिस्तान के अंपायर अलीम डार ने अंपायरिंग से संन्यास लिया

पाकिस्तान के वरिष्ठ अंपायर अलीम डार ने 16 मार्च, 2023 को इंटरनेशनल क्रिकेट में अंपायरिंग से संन्यास ले लिया।

- डार ने 19 साल तक इंटरनेशनल क्रिकेट में अंपयारिंग की है।
- डार वर्ष 2002 में आईसीसी एलीट पैनल की शुरूआत होने के बाद से ही इसमें रहे हैं।
- डार 2003 से 2023 तक 144 टेस्टों, 222 वनडे, 69 टी20 और 5 महिला टी20 में अंपायरिंग की जिम्मेदारी संभाली।

## पाक जलडमरूमध्य में सबसे तेजी से तैरने वाले भारतीय तैराक

पुणे के तैराक संपन्ना रमेश शेलार 21 वर्ष से कम उम्र के समूह में श्रीलंका के तलाईमन्नार से तमिलनाडु के धनुषकोडी तक पाक जलडमरूमध्य में तैरने वाले सबसे तेज गति से तैरने वाले भारतीय तैराक बन गए हैं।

- उन्होंने 29 किलोमीटर की दूरी 5 घंटे 30 मिनट में पूरा कर यह रिकॉर्ड बनाया है। पिछला रिकॉर्ड 8 घंटे 26 मिनट का था।
- वह बांग्ला चैनल को दो तरह से तैरने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के और सबसे तेज तैराक भी हैं। यह रिकॉर्ड लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज है।

## 2023 आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप

महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2023 के 13वें संस्करण का आयोजन अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग एसोसिएशन (IBA) द्वारा नई दिल्ली में 15 से 26 मार्च, 2023 तक आयोजित किया गया।

इस चैंपियनशिप में चार भारतीय महिला बॉक्सर अलग-अलग वजन श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे।

- सावित्री बूरा, नीतू घंघस, निखत जरीन और लवलीना बोरगोहेन ने अपनी अपनी श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीते।

**2023 आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिपः विजेताओं की सूची**

| वजन वर्ग | एथलीट का नाम | देश | मैडल |
|---|---|---|---|
| वेल्टरवेट | यांग | चीन | गोल्ड |
| फ्लाईवेट | लियूवू | चीन | गोल्ड |
- सी.वी. रमन ने किस वर्ष 'रमन प्रभाव' की खोज की घोषणा की थी? **– 28 फरवरी, 1986**
- अगर कोई प्रकाश किसी पारदर्शी वस्तु के बीच से गुजरता है, तो प्रकाश का कुछ हिस्सा विक्षेपित होता है, जिसकी तरंग द्धैर्य में बदलाव होता है, इसे कौन सा प्रभाव माना जाता है?
**– रमन प्रभाव ■**

# उत्तर प्रदेश विशेष

## तथ्य एवं आकड़ें

बैंकिंग/सामाज कल्याण/शिक्षा/स्वास्थ्य और चिकित्सा/कृषि/ऊर्जा/वन, वन्यजीवन और पर्यावरण

### बैंकिंग एवं संस्थागत वित्त

- स्टैंण्ड अप इण्डिया योजना में उत्तर प्रदेश, भारत में प्रथम स्थान पर है।
- **प्रधानमंत्री जन-धन योजना मे देश** में खोले गये कुल 45.41 करोड़ खातों में प्रदेश सर्वाधिक 7.93 करोड़ खाते (17.46 प्रतिशत) खोलते हुए उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है।
- **प्रदेश में कृषि क्षेत्रों में दिये जा रहे ऋण में अधिकांश** हिस्सेदारी लघुकालीन कृषि गतिविधियों की है।
- प्रदेश में बैंकिंग नेटवर्क सितम्बर, 2021 में औसतन एक आउटलेट प्रति 2.19 वर्ग कि.मी. से बढ़कर सितम्बर, 2022 में असतन 1.33 वर्ग कि.मी. हो गया है।
- सितम्बर 2022 तिमाहीं के दौरान कृषि क्षेत्रों के अन्तर्गत कुल रु. 66,786 करोड़ का ऋण वितरण किया गया, जो कि गत वर्ष की समान अवधि की उपलब्धि रु. 55,624 करोड़ की तुलना में रु. 1,1162 करोड़ अधिक है।
- अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण की योजनाओं को माननीय प्रधानमंत्री के **15 सूत्रीय कार्यक्रम** में शामिल किया गया है।
- अल्पसंख्यक समुदायों को प्रदत्त ऋण सुविधाओं को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के अन्तर्गत कमजोर वर्गों हेतु ऋणों में वर्गीकृत किया जाता है।
- प्रदेश के **21 जनपदों को** अल्पसंख्यक बाहुल्य के रूप में चिह्नित किया गया है।

### समाज कल्याण

- समाज में सर्वधर्म-सम्भाव तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने तथा विवाह उत्सव में होने वाले अनावश्यक प्रदर्शन एवं अपव्यय को समाप्त करने के उद्देश्य से राज्य में **'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना'** संचालित है।
- प्रदेश के मान्यता प्राप्त मदरसों में अध्ययनरत बालक/बालिकाओं को परम्परागत शिक्षा के साथ-साथ कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए वोकेशलन ट्रेनिंग स्कीम (मिनी आई.टी.आई.) प्रारम्भ की गयी है।
- राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजनान्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे के परिवार के मुख्य कमाऊ मुखिया की मृत्यु होने पर भारत सरकार द्वारा रु. 20,000 एवं राज्य सरकार द्वारा रु. 10,000 का एक मुश्त सहायता राशि के रूप में दिया जाता है।
- अनुसूचित जाति के छात्रों/छात्राओं को निःशुल्क आवासीय व्यवस्था, फर्नीचर, विद्युत एवं पेय जल की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश में 261 राजकीय छात्रावास संचालित हैं।
- बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के स्तर में वृद्धि करने तथा उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने हेतु अप्रैल, 2019 से **''कन्या सुमंगला योजना''** प्रदेश में लागू की गयी है।
- उत्तर प्रदेश माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण तथा कल्याण नियमावली-2014 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार वृद्धों को निःशुल्क भोजन, वस्त्र, औषधि, मनोरंजन तथा आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश के समस्त जनपदों में वृद्धा आश्रम का संचालन पी.पी.पी. मॉडल के माध्यम से किया जा रहा है।

### दिव्यांगजन सशक्तिकरण

- जनगणना-2011 के अनुसार प्रदेश में निःशक्ता से ग्रसित व्यक्तियों की संख्या 41,57,514 है, जो प्रदेश की कुल जनसंख्या का लगभग **2.08** प्रतिशत है।
- इसमें दृष्टि, वाक्, श्रवण, अस्थि, मानसिक मंदित, मानसिक रूग्ण, बहु निःशक्ता एवं अन्य से ग्रसित व्यक्ति शामिल हैं।
- कुष्ठावस्था पेंशन योजनान्तर्गत **रु. 3000** प्रतिमाह दिया जाता है।
- प्रदेश में 40 प्रतिशत या उससे अधिक की दिव्यांगता वाले दिव्यांगजन, जिनकी आय गरीबी रेखा के अन्दर हो, को अधिकतम रु. **10,000 के कृत्रिम** अंग/सहायक उपकरण प्रदान किये जाते हैं।

### शिक्षा

- प्रदेश में शिक्षा पर किये गये कुल व्यय का सर्वाधिक अंश प्राथमिक शिक्षा, तत्पश्चात माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा पर किया गया है।
- प्रदेश में वर्तमान में **18 जनपदों** में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय निर्माणाधीन है।
- 05 नये विद्यालय **कन्नौज, गौतमबुद्धनगर, शाहजहाँपुर, सुल्तानपुर** एवं **मिर्जापुर** में निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है।
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कारों की संख्या 17 से बढ़ाकर 75 एवं पुरस्कार धनराशि रु. 10,000 से बढ़ाकर रु. 25,000 की गई।
- चैम्पियंस ऑफ चेंज पोर्टल पर प्रदर्शित मार्च 2022 की डेल्टा रैंकिंग के अनुसार महत्वाकांक्षी **जनपद सोनभद्र 7वीं रैंक** के साथ टॉप 10 रैंक में शामिल हुआ।
- उत्तर प्रदेश **प्रथम राज्य** है, जिसके द्वारा स्वयं प्रभा चैनल तथा दूरदर्शन के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षण कार्य कराया गया है
- प्रतियोगी छात्रों को समर्थ बनाने हेतु अपने घर के समीप ही कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा सभी मण्डल मुख्यालयों में **मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना** का संचालन किया गया है।

- प्रदेश के 03 नये राज्य विश्वविद्यालय क्रमशः **राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़, माँ शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय, सहारनपुर एवं महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़** में अध्यापन कार्य वर्तमान सत्रों से संचालित किया जा रहा है।
- अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मानकानुसार प्रदेश की राजकीय पोलीटेक्निक संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों में कम्युनिकेशन स्किल, सॉफ्ट स्किल आदि की वृद्धि किये जाने के उद्देश्य से 89 लैंग्वेज लैब की स्थापना की गयी है।

## प्रदेश में साक्षरता की स्थिति

- वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश की साक्षरता दर **67.68** प्रतिशत है।
- प्रदेश मे पुरुष साक्षरता दर **77.28** प्रतिशत तथा महिलाओं में **57.18** प्रतिशत है।
- महिला एवं पुरुष के साक्षरता प्रतिशत में **20.10** प्रतिशत का अन्तर है।
- वर्ष 1991 में प्रदेश में जो साक्षरता **40.71** प्रतिशत थी, वह 15.56 प्रतिशत बढ़कर वर्ष 2001 में 56.27 प्रतिशत एवं वर्ष 2011 में 11.41 प्रतिशत बढ़कर **67.68** प्रतिशत हो गई है।
- वर्ष 2021-22 में प्रति लाख जनसंख्या पर जूनियर बेसिक विद्यालय की संख्या **बुन्देलखण्ड क्षेत्र** में सर्वाधिक 71 है, पश्चिमी क्षेत्र में सबसे कम 56 है, जबकि प्रदेश स्तर पर संख्या 59 है।

## विद्यालयों की वेबपेज/वेबसाइट निर्माण हेतु पोर्टल परिचय-

- ई-लाइब्रेरी पोर्टल प्रज्ञान विद्यार्थियों और जनसामान्य को सहजता पूर्वक सम-सामयिक एवं संदर्भ सामग्री उपलब्ध कराने के लिए ई-लाइब्रेरी पोर्टल ''प्रज्ञान'' और मोबाइल ऐप विकसित किया गया है।
- अभिभावकों एवं जनसामान्य को विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं की जानकारी की सुलभता के लिए सभी माध्यमिक विद्यालयों का वेबपेज/वेबसाइट निर्माण प्रारम्भ किया गया।
- असेवित बस्ती का चिह्नीकरण (स्कूल मैपिंग) हेतु पोर्टल **''पहुँच''** विद्यालयों की स्थापना की गयी है।
- इसके माध्यम से माध्यमिक शिक्षा के प्रसार एवं संतृप्तीकरण हेतु असेवित बस्तियों का चिह्नीकरण करने के लिए स्कूल मैपिंग सॉफ्टवेयर और पोर्टल ''पहुँच'' विकसित किया गया है। जिससे स्कूल मैपिंग की व्यवस्था से माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना की प्रक्रिया और अधिक तार्किक एवं पारदर्शी हो सकी।
- विद्यार्थियों की कैरियर काउन्सिलिंग हेतु पोर्टल ''पंख'' विद्यार्थियों को उनकी आकांक्षाओं, रूचि और रूझान से मेल खाने वाले विभिन्न करियर पथ का चयन करने और उन्हें कालेज, छात्रवृत्ति, कौशल विकास कार्यक्रम, इन्टर्नशिप और शिक्षा के विषय में उपलब्ध विकल्पों के बारे में बेहतर सलाह प्रदान करने के लिए कैरियर पोर्टल ''पंख'' विकसित किया गया।
- **प्रोजेक्ट ''अलंकार''** द्वारा माध्यमिक विद्यालयों में आवश्यक भौतिक संसाधनों की अद्यतन जानकारी प्राप्त करने और उपलब्ध जानकारी के आधार पर प्राथमिकता का निर्धारण व नियोजन कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय की धारण क्षमता में वृद्धि तथा अन्यान्य सुविधाओं की उपलब्धता के लिए प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत प्रत्येक विद्यालय के संसाधनों की मैपिंग की गयी है।
- प्रदेश में उच्च शिक्षा के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु 19 राज्य विश्वविद्यालय, **172 शासकीय** महाविद्यालय, 01 मुक्त विश्वविद्यालय, **01 डीम्ड** विश्वद्यिालय, **30 निजी** विश्वविद्यालय, **331** अनुदान सूची पर अशासकीय महाविद्यालय, **7372** स्ववित्तपोषित महाविद्यालय संचालित हैं।
- प्रदेश के 03 नये राज्य विश्वविद्यालय क्रमशः **राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़, माँ शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय, सहारनपुर एवं महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजगमढ़** अध्यापन कार्य वर्तमान सत्र से संचालित किया जा रहा है।
- महायोगी गुरु श्रीगोरक्षनाथ के लोकोपयोगी गन्तव्यों एवं उपदेशों को एकत्रित कर योगानुकूल सिद्धांतों एवं प्रयोगों को जीवनोपयोगी कार्य तथा व्यवहार में परिवर्तित करने के लिए **दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,** गोरखपुर में महायोगी गुरु श्रीगोरक्षनाथ शोधपीठ की स्थापना की गयी है।
- पं. दीन दयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं चिन्तन पर शोधा कार्य हेतु प्रदेश के **15 राज्य** विश्वविद्यालयों में पं. दीन दयाल उपाध्याय शोधपीठ की स्थापना की गयी है।
- शोध कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में **भाऊराव देवरस शोध पीठ** तथा अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ शैव एवं एस्थेटिक्स की स्थापना की गई है।
- श्री अटल बिहारी बाजपेयी के नाम पर लखनऊ विश्वविद्यालय में **अटल सुशासन पीठ** की स्थापना की गयी है।
- वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर में प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल साइन्स ऑफ स्टडी एण्ड रिसर्च तथा रिसर्च सेण्टर फार रिन्यूएबल एनर्जी एण्ड नैनो साइन्स एण्ड टेक्नोलॉजी की स्थापना की गयी है।
- मदन मोहन मालवीय इन्जीनियरिंग कालेज, गोरखपुर को रुड़की विश्वविद्यालय की भाँति मदन मोहन मानवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर बनाया गया है।
- हरकोर्ट बटलर टेक्नोलॉजिकल इन्स्टीट्यूट (एचबीटीआई कानपुर) को उपर्युक्त की भाँति हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर बनाया गया है।
- वर्तमान में प्रदेश में **168** राजकीय पॉलीटेक्निक, **12** राजकीय इन्जीनियरिंग एवं **02** राजकीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय संचालित हैं।

- शारीरिक रूप से दिव्यांग नवयुवकों की तकनीकी शिक्षा हेतु प्रदेश में विशिष्ट संस्थान **डा. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर हैण्डीकैप्ड, उत्तर प्रदेश, कानपुर** में स्थापित है।
- भारत सरकार की आर्थिक सहायता से राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान **''रूशा''** योजना के अन्तर्गत गोण्डा एवं बस्ती में राजकीय इंजीनियरिंग कालेज की स्थापना की जा रहीं है।

## स्वास्थ्य एवं चिकित्सा

- न्यूमोनिया से होने वाली मृत्यु में कमी लाने के उद्देश्य से नवम्बर-2020 से **''सांस''** कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।
- आयुष्मान भारत योजना के दायरे में नहीं आने वाले गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों के लिए मुख्यमंत्री **जनआरोग्य अभियान की शुरुआत मार्च, 2019** में की गयी।

### जन्म दर, मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर

- राज्य सरकार के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप जन्म दर वर्ष 2009 में 28.7 प्रति हजार से घटकर 2020 में **25.1** प्रति हजार हो गई।
- राज्य में मृत्यु दर **8.2** प्रति हजार से घटकर 6.5 प्रति हजार हो गयी है। प्राकृतिक वृद्धि दर मे **1.8** प्रति हजार की कमी आई है। शिशु मृत्यु दर में उक्त अवधि के दौरान 25 प्रति हजार की कमी आई है, जो **63** प्रति हजार से कम होकर 38 प्रति हजार हो गई है।

**प्रदेश में जन्म दर, मृत्यु दर, प्राकृतिक वृद्धि दर तथा शिशु मृत्यु दर**

**(एस.आर.एस. बुलेटिन, महारजिस्ट्रार, भारत सरकार मई 2022)**

| मद | वर्ष 2009 | | | वर्ष 2020 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | शहरी | ग्रामीण | कुल | शहरी | ग्रामीण |
| जन्म दर | 28.7 | 24.7 | 29.7 | 25.1 | 22.1 | 26.1 |
| मृत्यु दर | 8.2 | 6.5 | 8.6 | 6.5 | 5.4 | 6.8 |
| प्राकृतिक वृद्धि दर | 20.5 | 18.3 | 21.3 | 18.7 | 16.7 | 19.3 |
| शिशु मृत्यु दर | 63 | 47 | 66 | 38 | 28 | 40 |

स्रोतः एस.आर.एस, बुलेटिन महारजिस्ट्रार, भारत सरकार- मई 2022।

## कृषि

- वर्ष 2021-22 के राज्य आय के त्वरित अनुमान के अनुसार प्राथमिक खण्ड का (प्रचलित भावों पर) जीएसवीए में योगदान **28.4** प्रतिशत रहा है।
- प्रदेश का **गेहूँ तथा खाद्यान्न** उत्पादन में देश में **प्रथम स्थान** है।
- वर्ष 2021-22 में कुल **60.10** लाख कुन्तल बीज वितरण किया गया है।
- खरीफ 2021 में 8.42 लाख कुन्तल एवं रबी में 51.68 लाख कुन्तल बीज वितरण किया गया।
- वित्तीय वर्ष 2021-22 में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना के अन्तर्गत 133 कृषकों को 189.07 लाख की धनराशि वितरित की गयी।
- प्रदेश की चयनित 27 नवीन मण्डी स्थलों के आधुनिकीकरण योजनान्तर्गत 26 नवीन मण्डी स्थलों का आधुनिकीकरण कराया गया है।
- उत्तर प्रदेश भौगोलिक विस्तार की दृष्टि से चौथा सबसे बड़ा राज्य है, जिसका क्षेत्रफल **2,40,928** वर्ग किमी. है।
- उत्तर प्रदेश भौगोलिक विस्तार देश के कुल क्षेत्रफल का **7.3** प्रतिशत है।
- इस राज्य के **चार पारिस्थितिकी क्षेत्र** है, जो **तराई, गंगा के मैदान, भाभर और विंध्य क्षेत्र को आच्छादित** करते हैं।
- राज्य में **छः स्पष्ट** और विशिष्ट मृदा समूह हैं-भाभर, तराई, विन्ध्य, बुन्देलखण्ड, अरावली और जलोढ़ मृदा हैं।
- वर्षा, भूभाग और मृदा की विशेषताओं के आधार पर प्रदेश के **नौ विभिन्न कृषि जलवायु** क्षेत्र हैं।
- इस राज्य की जलवायु उपोष्ण कटिबंधीय और खेती के अनुकूल है।
- प्रदेश के लोगों की आजीविका का मुख्य स्रोत कृषि है।
- गंगा नदी और इसकी सहायक नदियों के जल से राज्य में गेहूँ, मक्का, धान, आलू, गन्ना, दालें, तिलहन और कई फल तथा सब्जियों की खेती की जाती है।
- प्राथमिक क्षेत्र का प्रचलित भाव पर सकल राज्य मूल्य वर्धन में 28.44 प्रतिशत एवं स्थायी भावों पर 25.33 प्रतिशत का योगदान है।

### पशुधन, दुग्ध विकास एवं मत्स्य

- प्रदेश में 20वीं पशु गणना वर्ष 2019 के अनुसार कुल 692.20 लाख पशुधन हैं, जो देश में **सर्वाधिक** है।
- प्रदेश, पशुधन (कुक्कुट को छोड़कर) मे देश में प्रथम स्थान पर है।
- वर्ष 2021-22 के त्वरित अनुमान के अनुसार, पशुपालन एवं मत्स्ययन उपखण्ड की स्थायी भावों पर वृद्धि दर क्रमशः 10.4% एवं 8.5% है।

- राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त जनपदों में कृत्रिम गर्भाधान आच्छादन प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु **15 लाख** पशुओं में नि:शुल्क कृत्रिम गर्भाधान किया जाना लक्षित है।
- प्रदेश के समस्त ग्रामों में कृत्रिम गर्भाधान कार्य किया जाना लक्षित है, जिस हेतु दिसम्बर 2022 तक 217 लाख लक्ष्य के सापेक्ष 81.77 लाख कृत्रिम गर्भाधान किया गया है।
- उत्तर प्रदेश **दुग्ध उत्पादन** में देश में **प्रथम स्थान** पर है।
- वर्ष 2020-21 में प्रदेश 313.597 लाख मीट्रिक टन (वृद्धि दर-1.58 प्रतिशत) एवं वर्ष 2021-22 मे 329 लाख मीट्रिक टन (वृद्धि दर 4.85 प्रतिशत) दूध उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई है।
- प्रदेश को मत्स्य बीज उत्पादन के क्षेत्र में स्वावलम्बी बनाने हेतु निजी क्षेत्र में मिनी हैचरियों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जा रहा है।
- प्रदेश में 20वीं पशुगणना वर्ष 2019 के अनुसार कुल **692. 20** लाख पशुधन है।
- कुक्कुट को छोड़कर पशुधन में प्रदेश का देश में **प्रथम स्थान** है।
- दुधारू गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं में दुधारू पशुओं की संख्या बहुतायत में है।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 की कार्ययोजना में नवीन उद्यान रोपण में नवीनतम एक्जोटिक फ्रूट क्रॉप (ड्रैगन फ्रूट, फिग, स्ट्रॉबेरी) तथा निके फ्रूट क्रॉप (आँवला, करौंदा, जामुन, हनुमान फल, बेल, टेमरिंड, फालसा, जैक फूट) को भी शामिल किया गया था।
- एकीकृत बागवानी विकास मिशन (राज्य औद्यानिक मिशन) प्रदेश के **45 जनपदों** में संचालित की जा रही है, जिसमें केन्द्रांश 60 प्रतिशत तथा राज्यांश 40 प्रतिशत है।
- 30 जनपदों में औद्यानिक कार्यक्रमों का क्रियान्वयन राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत किया जा रहा है।
- प्रदेश में तीन **फलों आम, अमरूद एवं आँवला** के विकास हेतु फल पट्टी विकसित की गयी है।
- नए तथा पूर्व से स्थापित उद्योगों हेतु तकनीकी रूप से दक्ष कर्मी उपलब्ध कराने के लिए बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित है।
- प्रदेश के 75 जनपदों में 77 केन्द्र (लखनऊ में 03) घरेलू क्षेत्र के खाद्य प्रसंस्करण की सुविधाओं के लिए राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना की गई है।

### फल पट्टियों का विकास

| क्र.सं. | फल पट्टी | आच्छादित जनपद |
|---|---|---|
| 1 | आम | सहारनपुर, मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, अमरोहा, प्रतापगढ़, वाराणसी, लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, हरदोई, अयोध्या तथा बाराबंकी के 31 विकास खण्ड। |
| 2 | अमरूद | कौशाम्बी एवं बदायूं के 6 विकास खण्ड। |
| 3 | आंवला | प्रतापगढ़ के दो बदायूं के 6 विकास खण्ड। |

## अवस्थापना/ऊर्जा/संचार

### मुख्य बिन्दु

- बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे नियन्त्रित परियोजना (ग्रीन फील्ड) का लोकार्पण प्रधानमंत्री द्वारा 16 जुलाई, 2022 को (ग्राम कैथेरी) **जालौन** में किया गया।
- प्रदेश सरकार ने पश्चिमी भाग (मेरठ) को पूर्वी भाग (प्रयागराज) से जोड़ने के लिए लगभग 600 किमी लम्बे **गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण** के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है, जिसका निर्माण कार्य नवम्बर, 2022 से प्रारम्भ हो गया।
- मार्ग एवं सेतु के निर्माण सम्बन्धी समस्त गतिविधियों को सशक्त करने, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं पूर्ण पारदर्शिता के उद्देश्य से **"चाणक्य", "विश्वकर्मा" व "प्रहरी" ऑनलाइन** पोर्टल लागू किये गये हैं।
- आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से शिक्षार्थी लाइसेन्स निर्गमन की व्यवस्था पायलट प्रोजेक्ट के रूप में **बाराबंकी कार्यालय** में अगस्त 2021 से प्रारम्भ की गयी थी।
- 150 नयी बी.एस.-6 साधारण डीजल बसों का दिनांक 10 अगस्त, 2022 को शुभारम्भ किया गया।
- वर्ष 2022-23 में माह अप्रैल से अक्टूबर तक औसतन ग्रामीण क्षेत्र में 17:26 घण्टे तहसील क्षेत्र में में 20:52 घण्टे तथा शहरी क्षेत्र में 23:26 घण्टे आपूर्ति की गयी।
- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में सौर ऊर्जा विद्युत उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उत्तर **प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022** प्रख्यापित की गयी है।
- इस नीति में आगामी 5 वर्षों में में **22 हजार मेगावाट विद्युत** उत्पादन क्षमता का लक्ष्य रखा गया है।
- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा माह सितम्बर, 2022 में उत्तर प्रदेश **राज्य जैव ऊर्जा नीति-2022** घोषित की गयी है।
- उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति-2022 जिसमें कृषि अपशिष्ट, पशुधन अपशिष्ट, चीनी मिलों से प्रेसमड, नगरपालिका के ठोस अपशिष्ट इत्यादि जैसे विभिन्न जैव अपशिष्टों का उपयोग कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट, बायो कोल (पैलेट्स और ब्रिकेट्स), बायो डीजल/बायो एथेनॉल की स्थापना के लिए निवेश को प्रोत्साहित किया गया है।
- प्रदेश सरकार ने पश्चिमी भाग (मेरठ) को पूर्वी भाग (प्रयागराज) से जोड़ने के लिए लगभग 600 किमी लम्बे गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है।
- गंगा एक्सप्रेस-वे **मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़** होते हुए **प्रयागराज** पर समाप्त होगा।
- इण्डो-नेपाल बार्डर मार्ग निर्माण परियोजना उत्तर प्रदेश में भारत-नेपाल सीमा पर मार्ग निर्माण की परियोजना है।
- यह मार्ग उत्तर प्रदेश के सात जनपद क्रमशः **पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर तथा महराजगंज** से होकर गुजरता है।

**सड़क नेटवर्क की वर्तमान स्थिति**

| क्र.सं. | मार्ग का वर्गीकरण | मार्च 2018 तक | मार्च 2019 तक | मार्च 2020 तक | मार्च 2021 तक | मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय मार्ग | 8,488 | 11,384 | 11,487 | 11,455 | 11,590 |
| 2 | राज्य मार्ग | 6,892 | 6,593 | 8,322 | 11,060 | 10,901 |
| 3 | प्रमुख जिला मार्ग | 7,377 | 7,201 | 5,550 | 5,550 | 6,749 |
| 4 | अन्य जिला मार्ग | 49,405 | 48,616 | 49,476 | 50,316 | 54,244 |
| 5 | ग्रामीण मार्ग | 16,8,692 | 16,9,512 | 18,0,135 | 18,2,626 | 20,4,148 |
| | **योग** | **24,0,654** | **24,3,306** | **25,4,970** | **26,1,007** | **28,7,632** |

स्रोतः लोक निर्माण विभाग, उ.प्र.

- जनपद रायबरेली में भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित **इन्स्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग**, ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च (आई.डी.टी.आर.) स्थापित कराया गया है। यह परियोजना दिसम्बर, 2016 में प्रारम्भ की गयी थी।

### ऊर्जा

- वर्ष 2022-23 में माह अप्रैल से अक्टूबर तक औसतन ग्रामीण क्षेत्र में 17:26 घण्टे तहसील क्षेत्र में 20:52 घण्टे तथा शहरी क्षेत्र में 23:26 घण्टे आपूर्ति की गयी।
- प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) के तहत गरीब परिवारों को निःशुल्क और अन्य ग्रामीण परिवारों को **50 रुपये की 10 मासिक किश्तों** में बिजली कनेक्शन देने की सुविधा दी गयी।
- निजी नलकूप उपभोक्ताओं को विद्युत बीजकों में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की गयी है।
- प्रदेश में विद्युत वितरण निगमों की दक्षता एवं वित्तीय स्थिति में सुधार के उद्देश्य से भारत सरकार की रिवैम्ड (आरडीएसएस) योजना लागू की गयी है।
- विद्युत तंत्र में सार्वजनिक स्थलों पर जर्जर तारों को बदलने हेतु **"नवीन जिला विद्युत विकास निधि"** योजना लागू की गयी है।
- औद्योगिक एवं वाणिज्यिक श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिये **निवेश मित्र पोर्टल** की व्यवस्था की गयी है।

### प्रदेश में सौर ऊर्जा से संबंधित कार्यक्रम

सोलर फोटोवोल्टाईक कार्यक्रम, आफ ग्रिड सोलर पावर प्लाण्ट, सोलर घरेलू बत्ती/सोलर पावर पैक संयंत्र, सोलर आर.ओ. वाटर संयंत्र, सोलर स्ट्रीट लाइट संयंत्र, सोलर हाई मास्ट, सोलर कोल्ड स्टोरेज, सोलर पम्प, हरदुआगंज तापीय परियोजना में निर्मित 1.660, मे.वा. इकाई का लोकार्पण किया गया।

## पर्यटन

- उत्तर प्रदेश में वर्ष 2022 में (जनवरी से अक्टूबर 2022 तक) **कुल-2,487.42** लाख पर्यटक का आगमन हुआ।
- भारतीय पर्यटकों की **संख्या-2,483.31** लाख तथा विदेशी पर्यटकों की संख्या 4.10 लाख थी।
- अयोध्या में दीपोत्सव, 2022 के अवसर पर एक साथ 15.76 लाख दिये प्रज्ज्वलित कर स्वयं का **वर्ष 2021 का रिकार्ड** (**9.41** लाख दीप) तोड़ते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाया गया।
- राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर के प्रदेश में प्रख्यात सोशल मीडिया ब्लागर्स हेतु फैम टूअर्स का आयोजन किया गया।
- जनपद मथुरा में कृष्णोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।
- उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा ट्रैवल मार्ट लखनऊ, टी.टी.ए.-हैदराबाद तथा अहमदाबाद, आई.टी.टी.एम.-बैंगलुरू तथा पुणे, टूरिज्म शैल्टर-नागपुर का भव्य आयोजन कराया गया।
- पर्यटन विभाग द्वारा पर्य टकों को सुविधा एवं मार्ग दर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एकीकृत **वन स्टाप ट्रैवल्स सोल्यूशन** पोर्टल लांच किया गया है।

**उत्तर प्रदेश में हेरिटेज आर्क स्थल**

| क्र.सं. | हेरिटेज आर्क | सम्बन्धित दर्शनीय सथल |
|---|---|---|
| 1 | आगरा | आगरा, फतेहपुर सीकरी, चम्बल सेंचुरी, बरसाना, बटेश्वर, इटावा लायन सफारी, गोकुल, नन्दगांव, मथुरा, वृन्दावन। |
| 2 | लखनऊ | लखनऊ, अयोध्या, बिठूर, देवाशरीफ, दुधवा, कतरनियाघाट वन्य पशु प्रेक्षक, नैमिषारण्य, नवाबगंज पक्षी अभयारण्य। |
| 3 | वाराणसी | वाराणसी, सारनाथ, विंध्याचल, सोनभद्र, चुनार, कुशीनगर, कपिलवस्तु, श्रावस्ती। |

- जेवर में नोएडा **ग्रीनफील्ड अन्तरराष्ट्रीय हवाई-अड्डा** और अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अन्तरराष्ट्रीय हवाई-अड्डे के साथ उत्तर प्रदेश शीघ्र ही 5 अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाला देश का पहला प्रदेश बन जायेगा।
- उत्तर प्रदेश में इको टूरिज्म के अंतर्गत **पीलीभीत टाइगर रिजर्व**, **दुधवा नेशल पार्क**, **सुर सरोवर पक्षी अभयारण्य (किथम)**, **चन्दप्रभा वन्य जीव अभयारण्य शामिल** है।

| उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय उद्यान, वन्य जीव विहार, टाइगर रिजर्व, पक्षी विहार, प्राणी उद्यान की सूची | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **राष्ट्रीय उद्यान, वन्य जीव विहार एवं पक्षी विहार** | | | | | |
| **क्र.सं.** | **नाम** | **स्थापना वर्ष** | **क्षेत्रफल (वर्ग किमी.)** | **स्थिति (जिला)** | **मुख्य वन जीव** |
| **राष्ट्रीय उद्यान** | | | | | |
| 1 | दुधवा राष्ट्रीय उद्यान | 1977 | 490.29 | लखीमपुर-खीरी | बाघ, तेन्दुआ, भालू, गैण्डा |
| **टाइगर रिजर्व** | | | | | |
| 1 | पीलीभीती टाइगर रिजर्व | 2014 | 730.00 | | बाघ तेन्दुआ, गैण्डा |
| 2 | अमानगढ़ टाइगर रिजर्व | 2012 | 81.00 | | बाघ, तेन्दुआ, हाथी आदि |
| **वन्य जीव विहार** | | | | | |
| 1 | चम्बल वन्यजीव विहार | 1979 | 635.00 | इटावा, आगरा | घड़ियाल, मगर, डालफिन |
| 2 | कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार | 1976 | 400.09 | बहराइच | तेन्दुआ, शेर, चीतल |
| 3 | रानीपुर वन्यजीव विहार | 1977 | 230.00 | बांदा | तेन्दुआ, काला हिरन |
| 4 | महावीर स्वामी वन्यजीव विहार | 1977 | 5.00 | ललितपुर | भालू, तेन्दुआ, चिंकारा |
| 5 | चन्द्रप्रभा वन्यजीव विहार | 1957 | 78.00 | चन्दौली | बारहसिंगा, शेर चीतल |
| 6 | किशनपुर वन्यजीव विहार | 1972 | 203.41 | लखीमपुर खीरी | भालू, तेन्दुआ, चिंकारा |
| 7 | कैमूर वन्यजीव विहार | 1982 | 501.00 | मिर्जापुर | बारहसिंगा |
| 8 | हस्तिनापुर वन्यजीव विहार | 1986 | 2073.00 | मुजफ्फरनगर, मेरठ | चीतल, शेर आदि |
| 9 | सोहगीबरवा वन्यजीव विहार | 1987 | 428.00 | महराजगंज | चीतल, शेर आदि |
| 10 | सोहेलवा वन्यजीव विहार | 1988 | 452.00 | गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती | चीतल, शेर आदि |
| 11 | कछुआ वन्यजीव विहार | 1989 | 7.00 | वाराणसी | कछुआ |
| **पक्षी विहार** | | | | | |
| 12 | नवाबगंज पक्षी बिहार | 1984 | 2.00 | उन्नाव | प्रवासी पक्षी |
| 13 | समसपुर पक्षी विहार | 1987 | 8.00 | रायबरेली | प्रवासी पक्षी |
| 14 | लाखबहोसी पक्षी विहार | 1988 | 80.00 | कन्नौज | प्रवासी पक्षी |
| 15 | सांडी पक्षी विहार | 1990 | 3.00 | हरदोई | प्रवासी पक्षी |
| 16 | बखीरा पक्षी विहार | 1990 | 29.00 | संतकबीर नगर | प्रवासी पक्षी |
| 17 | ओखला पक्षी विहार | 1990 | 4.00 | गौतमबुद्ध नगर | प्रवासी पक्षी |
| 18 | समान पक्षी विहार | 1990 | 5.00 | मैनपुरी | प्रवासी पक्षी |
| 19 | पार्वती अरंगा पक्षी विहार | 1990 | 11.00 | गोण्डा | प्रवासी पक्षी |
| 20 | विजय सागर पक्षी विहार | 1990 | 3.00 | महोबा | प्रवासी पक्षी |
| 21 | पटना पक्षी विहार | 1990 | 1.00 | एटा | प्रवासी पक्षी |
| 22 | सूरसरोवर पक्षी विहार | 1991 | 4.00 | आगरा एवं इटावा | प्रवासी पक्षी |
| 23 | जय प्रकाश नारायण पक्षी विहार (सुरहा ताल) | 1991 | 34.00 | बलिया | प्रवासी पक्षी |
| 24 | डॉ. भीमराव अम्बेडकर पक्षी विहार | 2003 | 4.00 | प्रतापगढ़ | प्रवासी पक्षी |
| 25 | शेखा झील अलीगढ़ | 2016 | 0.40 | अलीगढ | प्रवासी पक्षी |
| 26 | चाँद खमहरिया कृष्ण मृग आरक्षित वन क्षेत्र मेजा इलाहाबाद | 2017 | 126.12 | इलाहाबाद | कृष्ण मृग |
| **प्राणि उद्यान** | | | | | |
| 1 | लखनऊ, प्राणि उद्यान | | | लखनऊ | बाघ, तेन्दुआ, भालू, गैण्डा |
| 2 | कानपुर प्राणि उद्यान | | | कानपुर | बाघ, तेन्दुआ, भालू गैण्डा |

## उत्तर प्रदेश विशेषः तथ्य एवं आंकड़ें

### वन एवं पर्यावरण

- उत्तर प्रदेश में वनावरण एवं वृक्षारोपण कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 2,40,928 वर्ग कि.मी. का मात्र **9.23** प्रतिशत है।
- प्रदेश में वनावरण एवं वृक्षावरण का कुल क्षेत्रफल **22,239** वर्ग कि.मी. है।
- उत्तर प्रदेश में वन का क्षेत्रफल राष्ट्रीय वन नीति, 1988 के मानकस्तर **33.33** प्रतिशत से कम है।
- वर्ष 2015 मे वनावरण क्षेत्रफलल कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का **6** प्रतिशत था, जो वर्ष 2021 मे बढ़कर **6.15** प्रतिशत हो गया है।
- वृक्षावरण क्षेत्रफल 2.92 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2021 मे **3.08** प्रतिशत हो गया है।
- प्रदेश में वर्ष 2019 की तुलना में 2021 में वनावरण एवं वृक्षारोपण 91 वर्ग किमी की वृद्धि हुई है, जो कि कुल भौगोलिक क्षेत्र का **0.04** प्रतिशत है।
- उत्तर प्रदेश में इमारती लकड़ियों में साल, सागौन, शीशम, खैर, यूकेलिप्टस आदि प्रमुख हैं।
- **इन्टीग्रेटेड डेवलपमेन्ट ऑफ वाइल्ड लाइफ हैबिटेट्स योजना** भारत सरकार एवं राज्य सरकार के संयुक्त वित्त पोषण से प्रदेश के समस्त पक्षी विहारों एवं वन्यजीव विहारों के विकास हेतु संचालित है।
- पक्षियों के वास स्थल, क्रियाकलाप तथा विदेशी पक्षियों के माइग्रेशन की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश में प्रतिवर्ष माह दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है।
- गौरैया व अन्य पक्षियों के प्रति जागरुकता हेतु प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- **वन्य जीव परिरक्षण योजनाएं**
- प्रोजेक्ट टाइगर योजना के अन्तर्गत **दुधवा राष्ट्रीय उद्यान** को वर्ष 1977 में आच्छादित किया गया।
- **किशनपुर वन्यजीव विहार, कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार, आजमगढ़ टाइगर रिजर्व, बिजनौर तथा पीलीभीत टाइगर** रिजर्व को भी संयुक्त रूप से ''प्रोजेक्ट टाइगर'' योजनान्तर्गत लाया गया है।
- प्रोजेक्ट एलिफेंट योजनान्तर्गत केन्द्र एवं राज्य सरकार की संयुक्त सहायता से **''उत्तर प्रदेश एलीफेंट रिजर्व''** चलाई जा रही है।
- हाथी के प्राकृतवास की सुरक्षा व संरक्षण, अवैध शिकार स्थानीय समुदायों में वन्यजीव संरक्षण के प्रति चेतना व जागरुकता उत्पन्न करना आदि कार्यों के लिए केन्द्रीय सहायता प्राप्त होती है।
- वर्ष 2021-22 में रु. 80.50 लाख व्यय किया गया।
- वन्य जीवों के प्रति जनमानस में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गोरखपुर में **शहीद अशफाक उल्लाह खां उद्यान** का निर्माण किया जा रहा है।
- वन्य जीवों के प्रति जनमानस में जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से इटावा में बब्बर शेर प्रजनन केन्द्र व लायन सफारी पार्क का विकास किया गया है।

### सतत् विकास

- सतत् विकास लक्ष्य (एसडीजी) वर्ष 2030 तक गरीबी के सभी आयामों को समाप्त करने के लिए एक साहसिक और सार्वभौमिक समझौता है।
- एस.डी.जी. इण्डिया इण्डेक्स-3.0 में 16 गोल्स के 115 इण्डीकेटर्स पर अनुश्रवण किया गया है जो 16 गोल्स के 70 लक्ष्य को कवर करता है।
- उत्तर प्रदेश के 64 विभागों को सम्मिलित करते हुए विजन डॉक्यूमेन्ट-2030 तैयार किया गया है।
- उत्तर प्रदेश में 2030 तक गरीबी हटाने, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, भोजन तथा बिजली आदि उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।
- एसडीजी के लक्ष्य-7 सस्ती एवं प्रदूषण मुक्त ऊर्जा में सर्वोत्तम सुधार हुआ है जो परफार्मर से एचीवर पर पहुँच गया है,
- लक्ष्य-11 संवहनीय शहर और समुदाय एवं लक्ष्य 12 संवहनीय उपभोग और उत्पादन मे परफार्मर से फ्रंट रनर पर पहुँच गया है।
- एसडीजी के लक्ष्य-3 उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली, लक्ष्य-4 गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं लक्ष्य-5 लैंगिक समानता मे प्रदेश, एस्पिरेण्ट से परफार्मर मे पहुँच गया है।
- लक्ष्य-2 का उद्देश्य भुखमरी समाप्त करना, खाद्य सुरक्षा और बेहतर पोषण हासिल करना तथा सतत् कृषि को बढ़ावा देना है
- राज्य में लक्ष्य-15 में प्राकृतिक पर्यावास का विनाश रोकने और जैव विविधता को स्थानीय नियोजन एवं विकास प्रक्रियाओं में शामिल किया गया है।
- सतत् विकास लक्ष्य-7 का उद्देश्य वर्ष 2030 तक सभी के लिए किफायती, सतत् और आधुनिक ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।
- **सतत् विकास लक्ष्य-2030 की प्राप्ति से सम्बन्धित विन्दु निम्न है।**

1. सबका सतत् एवं स्थायी विकास।
2. कमजोर वर्गों को प्राथमिकता।
3. सुशासन-न्यायिक एवं सुरक्षित वातावरण। अवसरों का सृजन।
4. शिक्षा स्वास्थ्य एवं पोषण।
5. पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षरण।

- उत्तर प्रदेश में सतत् विकास लक्ष्य हेतु स्ट्रेटजी 2024 तैयार कर लिया गया है।
- वर्ष 2030 के लिए सतत् विकास एजेंडा का मूल मंत्र है 'कोई पीछे छूटने न पाए' है। ■

# चर्चित शब्द मंजूषा

**सामान्य ज्ञान के प्रश्नों पर आधारित**

### वैगनर समूह

- **चर्चा में क्यों:** वर्तमान में वैगनर समूह द्वारा अपने सैन्य संगठन के लिये पूरे रूस से कैदियों की व्यवस्थित भर्ती किये जाने के कारण यह चर्चा में है।
- वैगनर समूह रूस का एक निजी सैन्य संगठन है। यह समूह उउउउसक्रिय है। इस पर बार-बार युद्ध अपराधों और मानवाधिकारों के हनन का आरोप लगाया गया है।
- 2014 में क्रीमिया के रूस के कब्जे के दौरान वैगनर समूह पहली बार खबरों में आया था। इस समूह का उपयोग कई देशों में सैन्य अभियानों में किया गया है।
- यह समूह रूसी राष्ट्रपति के करीबी माने जाने वाले व्यवसायी येवगेनी प्रिगोजिन द्वारा वित्तपोषित है। रूस-यूक्रेन संघर्ष में इस समूह की प्रमुख भूमिका है।

### एरिथ्रिट्रोल (Erythritrol)

- **चर्चा में क्यों:** हाल के एक अध्ययन के अनुसार एरिथ्रिट्रोल के उपयोग से दिल के दौरे एवं आघात (Stroke) के जोखिम में वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की गयी है।
- एरिथ्रिट्रोल एक प्रकार का कृत्रिम मधुरक है जिसका उपयोग खाद्य पदार्थों एवं पेय पदार्थों में चीनी के विकल्प के रूप में किया जाता है।
- यह पारंपरिक शर्करा के विपरीत रक्त शर्करा के स्तर में वृद्धि नहीं करता है।
- एरिथ्रिट्रोल चीनी का एक विकल्प है। ये लगभग बिल्कुल चीनी की तरह स्वाद देती है और इसमे शून्य-कैलोरी होती है।
- इसमें चीनी की मिठास का 70% है। लेकिन रक्त शर्करा या इंसुलिन के स्तर को नहीं बढ़ाता है।

### हर्स्टार्ट (herSTART)

- **चर्चा में क्यों:** हाल ही में भारत सरकार ने महिलाओं के नेतृत्त्व वाले स्टार्टअप्स के लिये 'हर्स्टार्ट (herSTART)' प्लेटफॉर्म के तहत एक वर्ष तक के लिये 20,000 रुपए के मासिक भत्ते की घोषणा की है।
- herSTART महिला उद्यमियों के नवाचार और स्टार्टअप प्रयासों को बढ़ावा देने हेतु एक मंच है।
- यह मंच उन्हें विभिन्न सरकारी एवं निजी उद्यमों से जुड़ने में मदद करता है।
- भारत में कम-से-कम 36 यूनिकॉर्न और संभावित यूनिकॉर्न में कम-से-कम एक महिला संस्थापक अथवा सह-संस्थापक है।
- वर्तमान में जनवरी 2023 तक विश्व भर की 47 कंपनियों ने डेकाकॉर्न का दर्जा हासिल कर लिया है (ऐसे स्टार्टअप जिनका मूल्य 1 बिलियन डॉलर से अधिक है)।
- वर्तमान में भारत में फ्लिपकार्ट, बायजू, नायका, स्विगी और फोनपे के रूप में पाँच स्टार्टअप डेकाकॉर्न में शामिल हैं।

### जनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफार्मर

- **चर्चा में क्यों:** OpenAI द्वारा हाल ही में भारतीय उपयोगकर्त्ताओं के लिये अपना ChatGPT Plus सब्सक्रिप्शन लॉन्च किया गया है।
- चैटजीपीटी एक डीप मशीन लर्निंग बेस्ड चैट बॉट है चौट जीपीटी का फुल फॉर्म चैट जेनरेटिव प्रीट्रेंड ट्रांसफॉर्मर (Chat Generative Pretrained Transformer) होता है।
- इसे डेवलप करने वाली कंपनी का नाम ओपन एआई (Open AI) है। Chat GPT एक तरह का चैट बॉट (Chat Bot) है।
- यह एक ऐसा बॉट है, जो यूजर द्वारा पूछे गए सवाल को समझ कर पूरी तफशीस के साथ जवाब तैयार कर उसके सामने रख देता है।
- चैट जीपीटी को 30 नवम्बर, 2022 को लॉन्च किया गया था।
- ChatGPT जनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफार्मर (GPT) का एक प्रकार है, जो OpenAI द्वारा विकसित एक बड़े पैमाने पर तंत्रिका नेटवर्क-आधारित भाषा प्रारूप है।
- यह "अनुवर्ती प्रश्नों" का उत्तर देने के साथ "अपनी गलतियों को स्वीकार कर सकता है, गलत धारणाओं को चुनौती दे सकता है, साथ ही अनुचित अनुरोधों को अस्वीकार कर सकता है।"

### स्क्रब टाइफस

- **चर्चा में क्यों:** एक अनुमान के अनुसार स्क्रब टाइफस के दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया से लगभग दस लाख मामले सामने आए हैं, जिनमें 10% मृत्यु दर है।
- स्क्रब टाइफस, ओरिएंटिया त्सुत्सुगामुशी बैक्टीरिया के कारण होने वाला एक जानलेवा संक्रमण है।
- यह घुनों के छोटे, संक्रमित लार्वा से मनुष्यों में संक्रमित होता है।
- घुन के केवल लार्वा चरण में रक्त पोषण की आवश्यकता होती है, जो आमतौर पर कृन्तकों से होता है।
- भारत कम-से-कम 25% रोग भार वाले हॉटस्पॉट में से एक है।
- गंभीर स्क्रब टाइफस के उपचार डॉक्सीसाइक्लिन और एजिथ्रोमाइसिन दोनों का संयोजन से बनी दवा अधिक कारगर होती है।

### बरेजा (Bareja)

- **चर्चा में क्यों:** जलवायु परिवर्तन के कारण महोबा के देशावरी पान के उत्पादन में गिरावट के कारण, इस क्षेत्र में निर्मित बरेजा ढाँचे अनुपयोगी होने के कारण।
- बरेजा पान की कृषि के लिये किसानों द्वारा लकड़ी से निर्मित एक ढाँचा होता है, जिस पर पान की लताओं को सहारा दिया जाता है।

- इन क्षेत्रों में पान का प्राकृतिक साधनों (बांस, घास आदि) का प्रयोग कर बरेजों का निर्माण किया जाता है तथा उनमें पान की आवश्यकतानुसार नमी की व्यवस्था कर बरेजों में कृत्रिम आर्द्रता की जाती है, जिससे कि पान के बेलों का उचित विकास हो सके।
- सुदूर उत्तर-पश्चिमी भागों को छोड़कर पूरे भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया, थाईलैण्ड, सिंगापुर, मालद्वीप, फिलीपीन्स, पपुआ-न्यूगिनी और दक्षिण अफ्रीका में पान की खेती की जाती है।
- पान के लिये उष्णकटिबंधीय जलवायु आवश्यक है, जहां विस्तृत छायादार और नम वातावरण उपलब्ध होता है।

## सीलबंद आवरण न्याय शास्त्र

- **चर्चा में क्यों:** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अडानी-हिंडनबर्ग मामले से संबंधित सरकार के "सीलबंद कवर (Sealed Cover)" सुझाव को खारिज कर दिया है।
- यह सर्वोच्च न्यायालय और कभी-कभी निचली न्यायालयों द्वारा उपयोग की जाने वाली एक प्रथा है।
- इसके तहत सरकारी एजेंसियों से 'सीलबंद लिफाफों या कवर' में जानकारी मांगी जाती है।
- यह स्वीकार किया जाता है कि केवल न्यायाधीश ही इस सूचना को प्राप्त कर सकते हैं।

## व्यापार प्राप्य बट्टा प्रणाली (टीआरईडीएस)

- **चर्चा में क्यूँ:** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा है की टीआरईडीएस प्लेटफार्म ने लगभग 35,000 फैक्टरिंग यूनिट्स को मासिक रूप से वित्त पोषित किया है।
- व्यापार प्राप्य छूट प्रणाली, यानि टीआरईडीएस ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है और सभी एमएसएमई को त्वरित भुगतान प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराता है।
- इसका आरम्भ आरबीआई द्वारा 2014 में किया गया था।
- यह सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के व्यापार प्राप्यों के वित्त पोषण बट्टे की सुविधा प्रदान करता है।
- इसमें विक्रेता के रूप में केवल एम.एस.एम.ई. ही भाग ले सकता है।

## इंटरनेशनल लिक्विड मिरर टेलिस्कोप

- **चर्चा में क्यों:** केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विज्ञान और प्रौद्योगिकी; राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पृथ्वी विज्ञान; एमओएस पीएमओ, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष, डॉ. जितेंद्र सिंह ने 22 मार्च, 2023 को उत्तराखंड के देवस्थल में एशिया के सबसे बड़े 4-मीटर "इंटरनेशनल लिक्विड मिरर टेलीस्कोप" का उद्घाटन किया।
- यह खगोल विज्ञान के लिये अधिकृत होने वाला विश्व का पहला लिक्विड-मिरर टेलीस्कोप (LMT) है।
- इसके उपयोग से हिमालय में 2,450 मीटर की ऊंचाई से क्षुद्रग्रह, सुपरनोवा, अंतरिक्ष मलबे और अन्य सभी खगोलीय पिंडों को देखा जाएगा।
- दूरदर्शी (टेलीस्कोप) भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के अंतर्गत यह स्वायत्त संस्थान, एआरईएस उत्तराखंड (भारत) के नैनीताल जिले में देवस्थल स्थित वेधशाला परिसर में 2,450 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।

## सैंड बैटरी

- **चर्चा में क्यों:** फिनलैंड ने विश्व की पहली पूरी तरह से कार्यात्मक 'सैंड बैटरी' स्थापित की है।
- यह लंबी अवधि के लिये हरित ऊर्जा का भंडारण करने में सक्षम है।
- रेत बैटरी एक उच्च तापीय ऊर्जा भंडारण प्रणाली है।
- यह रेत या रेत जैसी सामग्री को भंडारण माध्यम के रूप में उपयोग करती है।
- इसका मुख्य उद्देश्य अतिरिक्त पवन एवं सौर ऊर्जा के लिये उच्च शक्ति एवं क्षमता वाले भण्डारण के रूप में काम करना है।

## स्वामी निवेश कोष

- **चर्चा में क्यों:** स्वामी निवेश कोष (SWAMIH) ने वर्ष 2019 में स्थापना के बाद से 20,557 घरों के निर्माण का कार्य को पूरा किया है।
- इसका पूर्ण रूप Special Window for Affordable and Mid-Income Housing है।
- ये फंड भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा प्रायोजित है और इसका प्रबंधन स्टेट बैंक समूह की कंपनी एसबीआईकैप वेंचर्स लिमिटेड द्वारा किया जाता है।
- इस फंड के जैसा कोई दूसरा फंड भारत में या वैश्विक बाजारों में नहीं मिलता है।
- नवंबर 2019 में, केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने किफायती और मध्य-आय आवास के लिए एक विशेष खिड़की (स्वामी) की घोषणा की; जो सस्ती, मध्य-आय आवास श्रेणी के स्ट्रेस्ड, ब्राउनफील्ड और नियामक निकायों के साथ पंजीकृत आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए ऋण वित्तपोषण प्रदान करेगी।

## स्टिकी इन्फ्लेशन (Sticky Inflation)

- **चर्चा में क्यों:** वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था इस स्थिति का सामना कर रही है।
- स्टिकी इन्फ्लेशन वैसे मुद्रास्फीति के रूप को कहा जाता है, जब मुद्रास्फीति में कमी आने की प्रक्रिया उम्मीद से अधिक समय लेती है।
- इस स्थिति में खाद्य एवं ईंधन की उच्च कीमतों का प्रसार अर्थव्यवस्था में तेजी से होता है, जिससे अन्य वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि होती है।
- स्टिकी मुद्रास्फीति एक अवांछनीय आर्थिक स्थिति है, जहां अत्यधिक उच्च मुद्रास्फीति (और अक्सर स्थिर विकास) का संयोजन होता है।
- स्टिकी मुद्रास्फीति अक्सर लागत-प्रेरित कारकों से जुड़ी होती है, अर्थात ऐसे कारक जो मुद्रास्फीति दर में वृद्धि का कारण बनते हैं, लेकिन कम खर्च और आर्थिक विकास का कारण भी बनते हैं। ■

# GK/GS तथ्यावलोकन


## पादप हार्मोन और पादप पोषण

| हार्मोनों के नाम | प्रमख तथ्य | कार्य |
|---|---|---|
| 1. आक्जिन | ● यह पौधों के तनों तथा जड़ों के बढ़ते हुए शीर्षों द्वारा उत्पन्न होता है।<br>● इसे सर्वप्रथम मनुष्य के मूत्र से पृथक किया गया था | ● यह कोशिका की लम्बाई बढ़ाने में मदद करता है<br>● यह पत्तियों को गिरने से रोकता है।<br>● 2-4,D की अपतृणनाशी के रूप में प्रयोग किया जाता है<br>● यह जड़ की वृद्धि को नियंत्रित करता है |
| 2. जिबरेलिन | ● इसे सबसे पहले जिबरेला कवक 'फुजीकुरोई' से निकाला गया था<br>● यह पौधों में भ्रूणों, जड़ों तथा युवा पत्तियों और उनकी वृद्धि के लिए उत्पादित किया जाता है। | ● यह कुछ विशेष पौधों के तने की लम्बाई बढ़ाता है।<br>● इसके उपयोग से बौने पौधों की लम्बाई बढ़ सकती है<br>● यह बीजों तथा मुकुलों की प्रसुप्तावस्था को समाप्त करता है<br>● यह अनिषेकफलन को प्रेरित करता है (बीज रहित फल) |
| साइटोकाइनिन | ● इस हार्मोन को नारियल के दूध के निष्कर्षण से प्राप्त किया गया था<br>● साइटोकाइनिन जड़ों के शीर्ष, बीजों के भ्रूणपोष, नये फलों में संश्लेषित होता है | ● यह कोशिका विभाजन कोशिका विस्तारण और विभेदन को बढ़ाता है।<br>● यह पौधे के अंगों की जीर्णता को रोकता है<br>● पार्श्व मुकुलों की वृद्धि में मदद करता है |
| ऐबेसिसिक अम्ल | ● इसे डोर्मिन नाम से भी जाना जाता है।<br>● यह पत्तियों में संश्लेषित होता है<br>● पौधों में यह प्राकृतिक वृद्धि नियामक के रूप में पाया जाता है, यह वृद्धि रोधी हार्मोन है | ● यह पौधों की वृद्धि को रोकता है<br>● यह पत्तियों की जीर्णता को बढ़ाता है<br>● पत्तियों का झड़ना एबिसिसिक अम्ल के कारण होता है<br>● यह बीज, अंकुरण तथा परिवर्धन को रोकता है। |
| एथीलीन | ● यह एक गैसीय हार्मोन है<br>● यह पके हुए फलों, फूलों और पत्तियों में पाया जाता है<br>● इसका निर्माण पौधे के प्रत्येक भाग में होता है। | ● यह फलों के पकने को प्रेरित करता है<br>● यह पत्तियों और फूलों की जीर्णता और विगलन को बढ़ाता है यह कोशिकाओं की केवल चौड़ाई में वृद्धि करता है।<br>● लम्बाई में वृद्धि नहीं करता है। |
| फ्लोरोजिन्स | ● इसका संश्लेषण पत्तियों में होता है।<br>● इसे फूल खिलाने वाला हार्मोन कहा जाता है। | ● यह फूलों को खिलने में मदद करता है। |

| पौधों हेतु अनिवार्य तत्व | | |
|---|---|---|
| तत्व (ग्रहण किए जाने वाले रूप) | पादपों की आवश्यकता | कार्य |
| नाइट्रोजन (N)<br>● NO2 , NO3 अथवा NH4 + आयन के रूप में ग्रहण किए जाते है। | ● विभाज्योत्तक उत्तक को इसकी आवश्यकता होती है। | ● यह अमीनो अम्ल, न्यूक्लिक अम्ल, विटामिन, हार्मोन, कोएन्जाइम, ATP तथा पर्णहरित संश्लेषण हेतु आवश्यक माना जाता है<br>● यह पौधों के विकास में मदद कर, फसल पकने की अवधि को बढ़ा देता है। |
| फॉस्फोरस (P)<br>● $H_2PO_4$– या $HPO^24$ के रूप में | ● यह उपापचयी कम सक्रिय कोशिकाओं से वर्न तरुण उत्तकों के लिए आवश्यक है। | ● यह कोशिका झिल्ली एवं कुछ प्रोटीन का आवश्यक घटक है<br>● पौधों के जड़ों के विकास दलहनी पौधे के गांठों के विकास तथा दाने के अनुपात को बढ़ाता है। |

| | | |
|---|---|---|
| पोटाशियम (K)<br>● K+ आयन के रूप में | ● पत्तियों एवं मूल शीर्ष को आवश्यक | ● यह रंध्रों के खुलने तथा बंद होने को नियंत्रित करता है।<br>● यह पादप की कोशिका रसधानी में कोशिका रस में उपस्थित रहता है आलू में स्टार्च प्रोटीन एवं शर्करा की मात्रा को बढ़ाता है। |
| कैल्शियम (Ca)<br>● $Ca^{2}+$ के रूप में | ● यह पुरानी पत्तियों में संचित रहता है | ● कोशिका भित्ति के परिवर्तन में मदद करता है।<br>● कोशिका विभाजन एवं कोशिका परिवर्धन हेतु आवश्यक होता है।<br>● यह भूमि सुधारक तथा दलहनी फसलों में प्रोटीन निर्माण में सहायक होता है। |
| मैग्नीशियम (Mg)<br>● $Mg^{2}+$ के रूप में | ● पादप की पत्तियों में पाया जाता है।<br>● यह क्लारोफिल अणु का घटक है। | ● यह उपापचयन के एंजाइमों को सक्रिय करता है।<br>● यह DNA तथा RNA के संश्लेषण के लिए उपयोगी है<br>● राइबोसोम को जोड़ने में आवश्यक<br>● चारा वाली फसल के लिए महत्वपूर्ण है |
| सल्फर<br>● $SO4^{2}$ के रूप में | ● स्तंभ एवं मूल शीर्ष तथा पादपों की तरुण पत्तियों में यह एमीनो अम्ल सिस्टीन एवं मीथियेनिन का घटक है | ● यह कोएंजाइम A, विटामिन, थाइमीन, बायोटिन एवं फैरेडॉक्सिन में उपस्थित होता है।<br>● यह लेग्यूमी पादपों में ग्रंथिका निर्माण को बढ़ाता है।<br>● प्रोटीन एवं तेल निर्माण में सहायक होता है। |
| लोहा (Fe)<br>● $Fe^{3}+$ के रूप में | ● यह पत्तियों एवं बीजों में रहता है। | ● क्लोरोफिल एवं प्रोटीन निर्माण में सहायक फैरेडॉक्सिन एवं साइटोक्रोम का एक घटक है।<br>● कैटलेज एंजाइम को सक्रिय करता है<br>● श्वसन हेतु $O_2$ के वाहक का कार्य करता है। |
| मैंगनीज Mn<br>● $Mn^{2}+$ के रूप में | ● समस्त उत्तक, पत्तियों की शिराओं के बीच संचित होता है। | ● यह प्रकाश संश्लेषण, श्वसन एवं $N_2$ उपापचय के अनेक एंजाइमों को सक्रिय करता है।<br>● क्लोरोफिल b हेतु इलेक्ट्रॉन दाता का कार्य करता है।<br>● श्वसन के दौरान निकाबैक्सीकरण अभिक्रिया में सन्निहित रहता है। |
| मेलिण्डेनम (Mo)<br>● $M_OO2^{2-}$ के रूप में | ● समस्त उत्तक में विशेषकर जड़ों में पाया जाता है | ● यह नाइट्रोजन स्थिरीकरण यौगिकीकरण के लिए आवश्यक है<br>● नाइट्रेट या यौगिकीकरण नाइट्रेट रिडक्टेज एंजाइम को सक्रिय करता है।<br>● विटामिन C एवं शर्करा के संश्लेषण में सहायक होता है। |
| बोरॉन, B<br>● $BO3^{3-}$ अथवा $B_4O7^{2}$ के रूप में | ● पत्तियों एवं बीजों में मिलता है। | ● यह जल एवं कैल्शियम के अंतर्ग्रहण को बढ़ाता है।<br>● विभज्योत्तक की सक्रियता एवं पराग नलिका की वृद्धि के लिए आवश्यक है<br>● कार्बोहाइड्रेट के स्थानांतरण में भाग लेता है।<br>● यह कोशिका भित्ति का विकास तथा बीज को प्रभावित करता है। |
| तॉम्बा (CU)<br>● $CU^{2}+$ के रूप में | ● यह समस्त उत्तक में पाया जाता है। | ● ऑक्सिडेज एंजाइम एवं प्लास्टोसाइनिन का घटक है।<br>● प्रकाश संश्लेषण में इलेक्ट्रॉन अभिगमन में भाग लेता है।<br>● कवक जनित रोगों के नियंत्रण में सहायक होता है।<br>● ऑक्सीकरण–अवकरण क्रिया को नियमितता प्रदान करता है। |
| जिंक (Zn)<br>● $Zn^{2}+$ रूप में | ● समस्त उत्तक में पाया जाता है | ● इंडोलएसेटिक अम्ल नामक एक पादप हार्मोन का घटक है<br>● डिहाइड्रजोनोस एवं कार्बोक्सिलेज एंजाइमों को सक्रिय करता है<br>● कार्बोनिक एंजाइम में उपस्थित रहता है<br>● प्रोटीन संश्लेषण में सहायक है |
| क्लोरीन (CI)<br>● $CI^{-}$ के रूप में | ● समस्त उत्तक का भाग | ● प्रकाश संश्लेषण में ऑक्सीजन को मुक्त करने के लिए तथा धनायन संतुलन हेतु आवश्यक है<br>● यह उत्तक निर्जलीकरण तथा प्रकाश संश्लेषण में उपयोगी होता है। |

# प्रतियोगिता परीक्षा प्रश्नोत्तर सार



- सही सुमेलित है:

| | |
|---|---|
| **पुरापाषाण काल** | **सोहन/सोन नदी घाटी** |
| **मध्यपाषाण काल** | **भीमबेटका गुफा** |
| **नवपाषाण काल** | **बुर्जहोम** |
| **ताम्रपाषाण काल** | **बनास घाटी** |

- हड़प्पा सभ्यता की खुदाई में मिले अवशेषों के आधार पर क्या सही नहीं हैं? **- सभी तरह के निर्माण कार्य के लिए एक आकार की ईंट का उपयोग किया जाता था, मुख्यतः सभी घर एक मंजिला ही बनाए जाते थे।**
- सही सुमेलित हैं :

| **बौद्ध परिषद्** | **अध्यक्ष** |
|---|---|
| प्रथम बौद्ध परिषद् | महाकश्यप |
| द्वितीय बौद्ध परिषद् | सबकामी |
| तृतीय बौद्ध परिषद् | मोग्गलिपुत्त तिस्स |
| चतुर्थ बौद्ध परिषद् | वसुमित्र |

- वर्धमान महावीर के संबंध में क्या सही नहीं है? **- उन्होंने अपने जीवनकाल में विवाह नहीं किया**
- कौन-सी वराहमिहिर की रचना नहीं है? **- अमरकोश**
- राजा मिहिर भोज के सम्बन्ध में क्या सही नहीं हैं? **- वे नागभटट-II के पुत्र थे।**
- वास्को डा गामा के सम्बन्ध में कौन-सा/से कथन सही है/हैं? **- वास्को डा गामा की 1498 में भारत यात्रा के समय कालिकट का शासक जामोरिन (सामुथिरी) था, वास्को डा गामा ने पुनः 1501 में भारत की यात्रा की।**
- सही मिलान है :

| | |
|---|---|
| **अफोन्सो डी अल्बुकर्क** | **1510 में गोवा पर आधिपत्य** |
| **नुनो डा कुन्हा** | **पुर्तगाली हेडक्वार्टर का कोचीन से गोवा बदला जाना** |
| **पेड्रो अल्वरेज काब्राल** | **सितम्बर 1500 में भारत आगमन** |
| **फ्रान्सिस्को डी अल्मेडा** | **ब्लू वाटर पॉलिसी** |

- गोवा चर्च प्राधिकारियों ने 1595 में जिन पादरियों को अकबर के पास ईसाई धर्म से सम्बन्धित उसकी जिज्ञासाओं को पूरा करने के लिए भेजा उसके सम्बन्ध में क्या सही है/हैं?**- यह गोवा चर्च प्राधिकारियों द्वारा अकबर के दरबार में भेजा गया तीसरा मिशन था, यह मिशन अकबर से लाहौर में मिला, इस मिशन में ऐन्टोनियो मान्सरेट शामिल थे।**
- डच कारखानों को उनके स्थापना वर्ष के साथ मिलान है: **- बिमलीपटम-1641, कराइकल-1645, कोचीन-1663, चिनसुरा- 1653**
- 'अंबुर का युद्ध' के सन्दर्भ में क्या सही नहीं है/हैं? **- यह लड़ाई 1752 में लड़ी गई।**
- कौन-सा/से कथन सही नहीं है? **- किलिच खान को मुबारिज खान के नाम से भी जाना जाता था, जुल्फिकार खान ने निजाम-उल-मुल्क को आसफ-जाह की उपाधि से नवाजा।**
- सन् 1927 में हुए कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशन के बारे में क्या सही नहीं है/हैं? **- इस अधिवेशन ने चीन और जापान में भारतीय सेनाओं को युद्ध लड़ने के लिए भेजने के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया।**
- प्लाज्मा अवस्था के बारे में क्या सही हैं? **- इस अवस्था में कण आयनीकृत अवस्था में होते हैं, सूर्य का प्रकाश भी प्लाज्मा अवस्था का एक उदाहरण है।**
- सही मिलान है :

| **तत्त्व** | **संयोजकता** |
|---|---|
| सिलिकॉन | 4 |
| फ्लोरीन | 1 |
| एल्यूमीनियम | 3 |
| सल्फर | 2 |

- कौन-से कथन सही हैं? **- पत्तियों के एपिडर्मिस में दिख रहे छोटे छिद्रों को स्टोमेटा कहते हैं, स्टोमेटा में स्थित रक्षी कोशिकाएँ वायुमंडल से गैस के आदान-प्रदान में सहायक होती हैं, वाष्पोत्सर्जन की क्रिया स्टोमेटा के द्वारा होती है।**
- कार्बन यौगिकों को उनके गलनांक के घटते क्रम में सजाएँ: **- एसिटिक एसिड > क्लोरोफॉर्म > इथेनॉल > मीथेन**
- निम्न में से क्या सही नहीं है/हैं?**- मनुष्य में श्रव्यता का परिसर लगभग 20Hz से 10kHz है, 10 kHz की आवृत्ति से अधिक की ध्वनियों को पराश्रव्य ध्वनि कहते हैं, भूकम्प में, मुख्य प्रघाती तरंगों से पहले पराश्रव्य ध्वनियाँ उत्पन्न होती हैं।**
